शर्मा हार्डवेयार
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947
70025-06581

E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in

हिंदी दैनिक

गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

# विकसित भारत समाचार

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

वर्ष : 09 | अंक : 316 | गुवाहाटी | गुरुवार, 15 जून, 2023 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 12 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/

गुवाहाटी स्टेशन के दूसरे द्वार के लिए पूसीरे और एएसटीसी के साथ हुआ समझौता पेज 3
राष्ट्रपति मुर्मू 17 जून को सैन्य वैभव के साथ संयुक्त स्नातक परेड की सलामी लेंगी पेज 4
नकल माफिया समाज के सबसे बड़े दुश्मन : योगी पेज 5
अब हर राज्य में शांति व अहिंसा विभाग बनाने की आवश्यकता : मुख्यमंत्री गहलोत पेज 8

## दो हजार मेगावाट की परियोजना के पावर हाउस में पानी



**धेमाजी ( हि.स. )।** असम-अरुणाचल प्रदेश के सीमावर्ती इलाके में स्थित नामनी सुवनसिरी जलविद्युत परियोजना में एक बड़ा हादसा हो गया है। गेरुकामुख स्थित इस दो हजार मेगावाट की परियोजना के पावर हाउस में पानी भर गया है। दरअसल, सुवनसिरी में नदी बांध का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। नदी पर बांध के रिजर्व में पानी रोककर इसी महीने से बिजली उत्पादन शुरू होना था। सुवनसिरी में बाढ़ के कारण बिजली घर में पानी भर गया है। परिणामस्वरूप व्यापक नुकसान की आशंका जताई जा रही है। पानी भर जाने के चलते दो खुदाई करने वाले वर्तमान में एक्सवेटर पानी में डूब गए हैं। सूत्रों ने बताया है कि डायवर्जन सुरंग के बंद होने के कारण यह घटना घटी है। बिजली उत्पादन की इस परियोजना में इस आपदा ने सभी को चिंतित कर दिया है। इस दुष्प्रभाव बांध के निचले इलाके में भी देखने को मिला है। बांध के पानी से अली, तेलियापथार, कैवर्त गांव आदि में व्यापक कटाव होने की सूचना मिली है। स्थानीय ग्रामीण अपने गांव छोड़कर सुरक्षित स्थानों की ओर पलायन कर गए हैं। बांध का पानी उपरोक्त गांवों में पूरी तरह से भरने की जानकारी मिली है।

## गुवाहाटी-सिलचर राष्ट्रीय राजमार्ग पूर्णत: बंद, प्रशासन अलर्ट

**हाफलांग ( हि.स. )।** सिलचर-सौराष्ट्र पूर्व-पश्चिम कॉरिडोर के मध्य हाफलांग-सिलचर राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर हरंगाजाओ के बीच रेखो गांव के पास लगातार भारी बारिश के कारण मंगलवार रात हुए भारी भूस्खलन से सड़क अवरुद्ध हो गई है। राजमार्ग की मरम्मत का काम तेजी से चल रहा है। मंगलवार रात तेज बारिश से आम लोगों में दहशत का माहौल है। सबके मन में एक ही डर है कि कहीं 2022 जैसी प्राकृतिक आपदा की स्थिति न बन जाए। भारी बारिश के कारण उस हिस्से में राष्ट्रीय राजमार्ग एक नदी की तरह दिखने लगा है। पहाड़ से पानी नीचे आने से अब पूरी सड़क पानी में डूब चुकी है। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने भूस्खलन से तबाह क्षेत्रों में युद्धस्तर पर अभियान चलाते हुए भूस्खलन



वाले इलाके में मरम्मत का काम तेज कर दिया है। गुवाहाटी के रीजनल मेट्रोलॉजिकल डिपार्टमेंट ने 10 जून से 20 जून तक भारी बारिश की चेतावनी जारी की थी। इस चेतावनी के मिलने पर डिमा-हसाउ जिला प्रशासन और जिला आपदा प्राधिकरण ने पहाड़ी जिले में अलर्ट जारी किया और संबंधित विभागों को किसी भी संभावित प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए तैयार रहने का निर्देश दिया। प्राकृतिक आपदा की आशंका में जिला शिक्षा विभाग ने 13 से 17 जून तक पांच दिन के लिए डिमा-हसाउ जिले के हाफलांग, माहुर, हरंगाजाओ और भूस्खलन प्रवण क्षेत्रों के सभी स्कूलों को बंद कर दिया गया है। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से संवेदनशील और -शेष पृष्ठ दो पर

## मणिपुर में फिर भड़की हिंसा नौ की मौत; 10 घायल

**गुवाहाटी।** मणिपुर में हिंसा रुक नहीं रही है। डेढ़ महीने बाद भी हालात में सुधार नहीं हो रहा है। प्रदेश में मंगलवार देर रात फिर हिंसा भड़की है। हिंसा के दौरान जबरदस्त



गोलीबारी हुई है। गोली लगने से 9 लोगों की मौत हो गई है। इसके अलावा 10 लोग घायल भी हुए हैं। घालयों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एसपी के शिवकांता सिंह ने बताया कि राजधानी इंफाल में बीती रात करीब 1 बजे फायरिंग हुई है। काफी देर तक हुई गोलीबारी की घटना में 9 लोगों की मौत हो गई है। साथ -शेष पृष्ठ दो पर

## जुनमोनी राभा मामले की जांच करेगी सीबीआई

**नई दिल्ली/गुवाहाटी।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने बुधवार को सब इंस्पेक्टर (एसआई) जूनमोनी राभा की मौत के मामले की जांच अपने हाथ में ले ली, जिनकी पिछले महीने एक दुर्घटना में मौत हो गई थी। अधिसूचना को साझा करते हुए, असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि भारत सरकार ने जुनमनी राभा की दुर्भाग्यपूर्ण मौत से संबंधित मामले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो को सौंपी है। विशेष रूप से, असम पुलिस की एक महिला उप-निरीक्षक, जो कई विवादों में फंसी हुई थी, की नगांव



जिले में एक कंटेनर ट्रक से आमने-सामने की टक्कर में मौत हो गई थी। हादसा कलियाबोर अनुमंडल के जाखलाबंधा थाना क्षेत्र के सरुभुगिया गांव में हुआ। जूनमोनी राभा, 30, जिसे हिंदी पुलिस फिल्मों के बाद *लेडी सिंघम* या *दबंग कॉप* के नाम से भी जाना जाता है, अपनी निजी कार में अकेली थी, वर्दी में नहीं। दुर्घटना के बाद, असम पुलिस ने महिला पुलिस सब-इंस्पेक्टर की मौत की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) जांच की सिफारिश की थी। असम पुलिस के आपराधिक जांच -शेष पृष्ठ दो पर

पूर्बांचल केशरी
(असमीया दैनिक)
PURVANCHAL KESARI
(ASSAMESE DAILY)
GOOD LUCK PUBLICATIONS
House No. 30, D. Neog Path,
ABC, Guwahati - 781005
Mob: 94350 14771, 97070 14771

## बिहार के बाद गुजरात में ढहा पुल, 15 गांव प्रभावित



**अहमदाबाद।** गुजरात के तापी जिले में मायापुर और देगामा गांव को जोड़ने वाली मंधोला नदी पर बना पुल टूट गया। इस पुल के टूटने से करीब 15 गांव प्रभावित हुए हैं। इस घटना पर बातचीत करते हुए कार्यपालक इंजीनियर नीरव राठौड़ ने बताया कि पुल का निर्माण कार्य 2021 में शुरू हुआ था। इसे बनाने में कुल दो करोड़ रुपए खर्च हुए थे। अब एक्सपर्ट द्वारा जांच के बाद ही पुल के टूटने के कारणों का पता चलेगा। पुल का 95 फीसदी का काम पूरा हो गया था लेकिन निर्माण कार्य के पूरे होने से पहले ही पुल ढह गया। हालांकि, इस हादसे में किसी के हताहत होने की फिलहाल कोई जानकारी नहीं -शेष पृष्ठ दो पर

## सीमा समाधान को लेकर मेघालय और असम की बैठक



**शिलांग ( हि.स. )।** असम के जल संसाधन मंत्री पीयूष हजारिका ने असम-मेघालय सीमा मुद्दे के समाधान के लिए मेघालय के उपमुख्यमंत्री स्नियावालंग धर के साथ बैठक की। बुधवार को हुई इस बैठक में मेघालय के उपमुख्यमंत्री के साथ गठित दो क्षेत्रीय समितियों के पदाधिकारियों ने भी हिस्सा लिया। सूत्रों का कहना है कि आज की बैठक में असम के कार्बी आंग्लांग जिला और मेघालय के पश्चिम जयंतिया हिल्स जिला के कुछ इलाकों में सीमा मुद्दे पर चर्चा की गई। मंत्री हजारिका ने कहा कि असम और मेघालय के बीच हमेशा से एक मजबूत संबंध रहा है, दोनों राज्यों के दोनों मुख्यमंत्रियों की सद्भावना के कारण, जल्द ही एक स्थायी समाधान मिल जाएगा। मंत्री हजारिका ने यह भी कहा कि कुछ शरारती तत्व कभी-कभी सीमावर्ती क्षेत्रों में संघर्ष -शेष पृष्ठ दो पर

## बिपरजॉय तूफान सोनोवाल ने की समीक्षा



**नई दिल्ली ( हि.स. )।** केंद्रीय बंदरगाह, नौवहन और जलमार्ग और आयुष मंत्री, सर्वानंद सोनोवाल ने बुधवार को चक्रवात बिपरजॉय से होने वाले नुकसान को कम करने के लिए तैयारियों की समीक्षा करने के लिए बंदरगाह, नौवहन और जलमार्ग के साथ-साथ गुजरात सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। सर्वानंद सोनोवाल ने सभी अधिकारियों को तुरंत आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हम भौतिक नुकसान को कम करने के लिए कदम उठा रहे हैं और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी कदम उठा रहे हैं। तटीय क्षेत्रों में रहने वाले हमारे लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है। चक्रवात के बाद प्रभावित लोगों के लिए आश्रय स्थल बनाने के उपाय किए गए हैं। इन विश्राम गृहों में महिलाओं और बच्चों सहित जरूरतमंदों -शेष पृष्ठ दो पर

door graph Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344

## पंचायत चुनाव : टीएमसी के दो गुट हीं आपस में भिड़े, बम से भरा बैग बरामद

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में पंचायत चुनाव के लिए नामांकन जारी है। नामांकन के दौरान राज्य के विभिन्न क्षेत्रो हिंसा की खबरे भी सामने आ रही है। बुधवार को नामांकन भरने के दौरान बीडीओ दफ्तर के बाहर एक बार फिर झड़प देखने को मिली, लेकिन इस बार ये झड़प दो पार्टियों के बीच नहीं बल्की एक ही पार्टी के दो गुटों के बीच हुई है। दक्षिण 24 परगना के कैनिंग इलाके में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी)



के दो गुट आपस में ही भिड़ गए। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने स्थिति को नियंत्रण करने की कोशिश की। दोनों गुटों ने इस झड़प के दौरान रैपिड एक्शन फोर्स (रैफ) के खिलाफ बम और पत्थर भी फेंके। महौल को शांत करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले भी दागे। इससे पहले मंगलवार को उत्तर 24 परगना में इंडियन सेक्युलर फ्रंट और तृणमूल कांग्रेस के समर्थकों -शेष पृष्ठ दो पर

## पूर्व मेयर के जूते गायब होने पर कुत्तों की नसबंदी

**मुंबई।** महाराष्ट्र के औरंगाबाद से एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है। दरअसल यहां के पूर्व मेयर का जूता गायब हो गया तो नगर निगम ने चार आवारा कुत्तों को पकड़कर उनकी नसबंदी कर दी। औरंगाबाद नगर निगम (एएमसी) के एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि जूते गायब होने की घटना सोमवार रात शहर के नक्षत्रवाड़ी इलाके में रहने वाले पूर्व महापौर नंदकुमार घोडले के घर से हुई। सोमवार को घोडले के घर का कंपाउंड गेट -शेष पृष्ठ दो पर

## बिपरजॉय : राजनाथ सिंह ने परखीं तीनों सेनाओं की तैयारियां



**नई दिल्ली ( हि.स. )।** चक्रवाती तूफान *बिपरजॉय* का मुकाबला करने के लिए तीनों सेनाएं भी तैयार हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को तीनों सेना प्रमुखों से चक्रवात के लैंडफॉल के लिए सशस्त्र बलों की तैयारियों के बारे बात की। सेनाध्यक्षों की ओर से भरोसा दिलाया गया कि चक्रवात के कारण किसी भी स्थिति या आकस्मिकता से निपटने के लिए सशस्त्र बल नागरिक प्रशासन को हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए तैयार हैं। समुद्री तूफान बिपरजॉय को -शेष पृष्ठ दो पर

सुप्रभात
*वन की अग्नि चन्दन की लकड़ी को भी जला देती है, अर्थात दुष्ट व्यक्ति किसी का भी अहित कर सकते हैं।*
- आचार्य चाणक्य

### न्यूज गैलरी

## समान नागरिक संहिता को लेकर मांगे सुझाव

**नई दिल्ली ( हि.स. )।** विधि आयोग ने समान नागरिक संहिता के बारे में जनता और मान्यता प्राप्त धार्मिक संगठनों से अपने विचार साझा करने का अनुरोध किया है। विधि एवं न्याय मंत्रालय की ओर से भेजे गए एक संदर्भ के संबंध में 22वां विधि आयोग अन्य बातों के साथ-साथ समान नागरिक संहिता की जांच कर रहा है। इच्छुक व्यक्ति व संस्था 30 दिनों की अवधि के भीतर ऑनलाइन और ईमेल के जरिए अपने सुझाव दे सकते हैं। उल्लेखनीय है कि लगातार -शेष पृष्ठ दो पर

## प्रधानमंत्री मोदी को लेकर कांग्रेस नेता की अमर्यादित बयान पर बिफरी भाजपा

**भोपाल ( हि.स. )।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अरुण यादव ने अमर्यादित बयान दिया है। उन्होंने पत्रकारों द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगामी भोपाल दौरे को लेकर किए सवाल पर कहा कि मोदी जी के पिताजी भी आना चाहे तो आ सकते हैं, हमें कोई आपत्ति नहीं है। वहीं, भाजपा ने इसे प्रधानमंत्री मोदी की लोकप्रियता को लेकर कांग्रेस नेताओं की बौखलाहट बताया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा कि यह ओछी सोच है। अपनी शर्मनाक टिप्पणी के लिए अरुण यादव समेत कमलनाथ और राहुल गांधी



को देश की जनता से माफी मांगना चाहिए। दरअसल, कांग्रेस नेता अरुण यादव बुधवार को भोपाल स्थित प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस कर रहे थे। इस दौरान आगामी 27 जून को प्रधानमंत्री मोदी के संभावित भोपाल दौरे को लेकर पत्रकारों ने सवाल किया। इस पर उन्होंने कहा कि मोदी जी आ जाएं और उनके ऊपर कोई हों, वो भी आ जाएं। नड्डा जी आ ही रहे हैं, चल ही रहा है। मोदी जी के पिताजी भी आना चाहे तो आ सकते हैं, हमें कोई आपत्ति नहीं है। लेकिन मध्यप्रदेश में कांग्रेस की, बदलाव की बयार है। जो स्पष्ट हमें नजर आती है। उन्होंने हनुमान जी की गदा को लेकर भी भाजपा -शेष पृष्ठ दो पर

## मानहानि केस को लेकर राहुल सिद्धारमैया और शिवकुमार को समन

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु कोर्ट ने बुधवार को कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार और कांग्रेस नेता राहुल गांधी को समन भेजा है। कोर्ट ने तीनों नेताओं के खिलाफ ये समन विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा के खिलाफ झूठे विज्ञापन और बदनाम करने वाले प्रचार प्रसार को लेकर भेजा है। भाजपा के स्टेस सेक्रेटरी एस केशवप्रसाद ने 9 मई को इन तीनों नेताओं के खिलाफ शिकायत दर्ज की थी। इस शिकायत में दावा किया गया था कि तत्कालीन भाजपा सरकार ने सरकारी कॉन्ट्रैक्ट में 40 फीसदी का कमीशन लिया और राज्य से 1.5 लाख



करोड़ रुपए लूट लिए। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि इस विज्ञापन ने भाजपा की -शेष पृष्ठ दो पर

**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact

**97070-14771**
**86382-00107**

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

# मोदी ने बदली राजनीति की संस्कृति प्रजातंत्र को किया मजबूत : जेपी नड्डा

**कुल्लू ( हि.स. )।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने मोदी सरकार के नौ वर्षों के कार्यकाल की सराहना करते हुए आज कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में राजनीति की संस्कृति को बदल दिया है। आज पूरे देश में वंशवाद से विकासवाद की राजनीति हो रही है। मोदी ने देश भर में प्रजातंत्र को मजबूती देने का काम किया है। आज वोट बैंक की पॉलिटिक्स को पीछे छोड़कर रिपोर्ट कार्ड की पॉलिटिक्स अगर कोई देश में लाया है तो वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। जेपी नड्डा बुधवार को कुल्लू जिले के ढालपुर स्थित रथ मैदान में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। कांग्रेस पर बड़ा सियासी हमला बोलते हुए नड्डा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने छल कपट से सत्ता पाने का काम किया है लेकिन भारतीय जनता पार्टी सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के लिए कटिबद्ध है। 2014 से पहले भारत का मान सम्मान कहीं खो गया था और आज भारत पूरी मजबूती के साथ आगे बढ़ रहा है। पूर्व की कांग्रेस सरकार के समय देश में लाखों करोड़ के घोटाले हुआ करते थे ओर आज देश में भ्रष्टाचार पर अंकुश लग चुका है। नड्डा ने कहा कि अगर भाइयों से भाइयों को लड़ाने का काम किया है तो वह कांग्रेस पार्टी ने किया है। जातियों को लड़ा कर फूट की राजनीति कर सत्ता पाने का काम कांग्रेस पार्टी ने पूरे देश में किया है और अगर सत्ता के लिए देश के साथ भी समझौता करना पड़ जाए तो कांग्रेस पार्टी के नेता पीछे नहीं रहेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेताओं को सेवा, विकास और जनता की तकदीर बदलने से कोई मतलब नहीं है, केवल मात्र सत्ता में आने से मतलब है। झूठ बोलकर जनता को गुमराह कर जगह-जगह कांग्रेस सरकार में आना चाहती है। राजस्थान में उन्होंने किसानों का कर्ज माफ करने का वादा किया था, आज तक पूरा नहीं हुआ। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस के युवराज भारत विरोधी संगठनों से चुपके चुपके गले मिल रहे हैं। मैं पूछना चाहता हूं कि चीन के दूतावासों से उनको मिलने की क्या जरूरत आन पड़ी ? राजीव गांधी फाउंडेशन को चीन से फंड क्यों दिया गया ? नड्डा ने कहा कि आज अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ऑटोग्राफ मांगते हैं। उनको स्टेट डिनर पर बुलाते हैं और न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री उड़कर उनसे मिलने आस्ट्रेलिया पहुंचते हैं। इससे साफ प्रतीत होता है कि आज देश मजबूत हो रहा है, देश बदल रहा है। जेपी नड्डा ने कहा कि कांग्रेस के नेता आज भारत जोड़ो यात्रा चला रहे हैं पर भारत तोड़ने वालों से गले मिल रहे हैं। अफजल हम शर्मिंदा हैं तेरे कातिल जिंदा है, भारत तेरे टुकड़े टुकड़े इंशा अल्लाह इंशा अल्लाह नारे लगाने वालों से आज आप गले मिल रहे हैं। इसके लिए आपको देश से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अब जब चुनाव आएगा तो जनता कांग्रेस का डिजाइन बनाएगी, यह निश्चित है।

## अमृतपाल के तीन साथियों ने एनएसए में गिरफ्तारी को दी चुनौती




**चंडीगढ़ ( हि.स. )।** असम की डिब्रूगढ़ जेल में बंद खालिस्तानी कट्टरपंथी अमृतपाल के तीन साथियों ने पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट में याचिका दायर करके एनएसए के तहत गिरफ्तार किए जाने को चुनौती दी है। हाईकोर्ट में दायर याचिका पर इसी सप्ताह सुनवाई की जाएगी। अमृतपाल समर्थक भगवंत सिंह उर्फ प्रधानमंत्री बाजेके, कुलवंत सिंह राओके और बसंत सिंह ने बुधवार को संयुक्त याचिका दाखिल की है। तीनों पर 23 फरवरी, 2023 को पंजाब के अजनाला के पुलिस थाने पर हमले में शामिल होने का आरोप है। अब इन सभी ने डिटेंशन ऑर्डर को हाईकोर्ट में चुनौती देकर इन्हें अवैध बताते हुए रद्द करने की मांग की है। हाईकोर्ट में दायर याचिका पर इसी सप्ताह सुनवाई की जाएगी। वारिस पंजाब दे संगठन के प्रमुख अमृतपाल सिंह की अगुआई में उसके समर्थकों ने 23 फरवरी, 2023 को एक समर्थक को छुड़वाने के लिए अजनाला पुलिस थाने पर हमला किया था।

## रंगिया महकमा सिविल अस्पताल में बिदाई बैठक आयोजित

**रंगिया ( विभास )।** रंगिया के बनगांव स्थित महकमा सिविल अस्पताल में मंगलवार को कर्मचारी अमृत शर्मा और जितेन दास की सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। चिकित्सालय के उप-अधीक्षक डॉ. दिलीप कुमार वैश्य की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम का मंच संचालन चिकित्सालय के कर्मचारी अमूल्य वैश्य ने किया। अस्पताल के बिजली विभाग के सेवानिवृत्त कर्मचारी अमृत शर्मा और जितेन दास को अस्पताल की ओर से फुलाम गामोछा, प्रशस्ति पत्र, धार्मिक ग्रंथ, छतरी और एक-एक पौधा देकर सम्मानित किया गया। बैठक में सिद्धिनाथ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के अधिकारी डॉ. नीलमणि कलिता सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## चिरांग 15वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल का नशामुक्त भारत पखवाड़ा शुरू



**बिजनी ( विभास )।** 15वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल काजलगांव व इसकी सभी सहकारी/सीमा चौकियों द्वारा दिनांक गत दिनों नशामुक्त भारत पखवाड़ा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। वाहिनी मुख्यालय तथा वाहिनी के अंतर्गत सभी सहकारी/सीमा चौकियों के कार्मिकों द्वारा ई-प्लेज लिया गया। इसी संदर्भ में आज सहकारी मुख्यालय विष्णुपुर द्वारा एक सेमिनार व कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें नशा मुक्त भारत पखवाड़ा के महत्व को बताया गया और सभी लोगों को ई-प्लेज लेने के लिए आग्रह किया गया। इसके बाद एक जागरूकता रैली का भी आयोजन किया गया। जिसमें विष्णुपुर गांव के स्थानीय लोगों, युवाओं तथा एलपी स्कूल नंबर 1 विष्णुपुर के बच्चों ने अपना योगदान दिया। नशा मुक्त भारत पखवाड़ा कार्यक्रम अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस तक मनाया जाएगा। इसके अलावा विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन स्कूल तथा सार्वजनिक स्थलों पर किया जाएगा।

## हसीना ने राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को भेजे आम

**ढाका।** मैंगो डिप्लोमेसी के तहत बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने सद्भावना के प्रतीक के रूप में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और अपने भारतीय समकक्ष नरेंद्र मोदी को उपहार के रूप में ताजा मौसमी आम भेजे हैं। हसीना सद्भावना के प्रतीक के रूप में पहले भी भारतीय गणमान्य व्यक्तियों को आम भेंट कर चुकी हैं। एक खबर के मुताबिक, भारतीय उच्चायोग ने बताया कि उन्होंने कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों को आम भी दिए। इस साल उपहार की टोकरी में मुख्य रूप से बांग्लादेश के राजशाही क्षेत्र से *हिमसागर* और *लांगरा* सहित कई किस्म के आम थे, जो उच्च गुणवत्ता और अच्छे स्वाद के लिए प्रसिद्ध हैं। खबर के मुताबिक, नई दिल्ली में बांग्लादेश उच्चायोग ने संबंधित गणमान्य व्यक्तियों के कार्यालयों को ये उपहार दिए।

## 2023 में ही हो सकता है लोकसभा चुनाव : नीतीश कुमार

**पटना।** लोकसभा का चुनाव 2024 में होने के बजाय समय से पहले 2023 में ही हो सकता है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने ऐसी आशंका जताई है। दरअसल, पटना में बुधवार को सीएम नीतीश कुमार 5,061 योजनाओं का शिलान्यास, कार्यारंभ एवं उद्घाटन के मौके पर अफसरों से यह बात बोल रहे थे। इस मौके नीतीश कुमार ने समय से पहले लोकसभा चुनाव होने की आशंका जताई और अपने अफसरों को जल्द काम निबटाने के निर्देश भी दिए। कार्यक्रम के दौरान नीतीश कुमार ने अधिकारियों से काम को जल्दी निपटाने के लिए कहा। इसके साथ ही नीतीश ने कहा कि आप लोग तो कह रहे हैं कि जनवरी 2024 तक कर लेंगे, लेकिन हम तो आग्रह करेंगे कि और जल्दी कीजिए। उन्होंने कहा कि जितना जल्दी होगा उतना ठीक होगा क्योंकि कब चुनाव हो जाए कोई जानता है ? कोई जरूरी है कि अगले ही साल चुनाव होगा ? कोई ठिकाना है पहले ही चुनाव हो जाए ? इसलिए तेजी से काम कीजिए। लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियां चुनाव आयोग ने शुरू कर दी है। आयोग की ओर से चुनाव कराने को लेकर बिहार के पांच अधिकारियों का प्रशिक्षण बुधवार से दिल्ली में शुरू हुआ। राष्ट्रीय स्तर पर दिए जाने वाले प्रशिक्षण में बिहार नोडल प्रशिक्षक प्रशिक्षणार्थी के तौर पांच अधिकारी दिल्ली में प्रशिक्षण ले रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि राष्ट्रीय स्तर पर प्रशिक्षण 16 जून तक दिया जाएगा। इसके बाद मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा राज्य के सभी जिलों के अधिकारियों का राज्यस्तरीय प्रशिक्षण 19-23 जून तक पटना में देने की तैयारी की जा रही है। बिहार में आयोग की ओर से जगजीवन राम इंस्टीट्यूट आफ पार्लियामेंट्री स्टडीज एंड पालिटिकल रिसर्च सेंटर में कराया जाएगा। इस प्रशिक्षण में सभी जिलों के सहायक निर्वाची अधिकारी, अवर निर्वाची अधिकारी, उप निर्वाचन अधिकारी और उप मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को प्रशिक्षण देने का कार्यक्रम तैयार किया गया है। आयोग के अधिकारियों का कहना है कि आम चुनाव को लेकर अब मात्र सात से आठ महीने शेष हैं। ऐसे में समय से सभी तरह की तैयारी सुनिश्चित करनी होगी।

## एसएसबी की 24वीं वाहिनी ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

**रंगिया ( विभास )।** विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर बुधवार को रंगिया के मोरानजना स्थित सशस्त्र सीमा बल की 24वीं वाहिनी द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। बल वाहिनी के कार्यालय प्रांगण में आयोजित इस रक्तदान शिविर का आयोजन वाहिनी द्वारा गुवाहाटी चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल के रक्तकोष विभाग के सहयोग से किया गया। जिन्होंने जवानों के स्वास्थ्य जांच के साथ रक्तसंग्रह किया। शिविर में वाहिनी के 24 जवानों ने रक्तदान किया। बल वाहिनी के कमांडेंट दीपक सिंह के दिशानिर्देश पर आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने बताया कि इस रक्तदान शिविर में संग्रह किए गए रक्त को संबंधित अस्पताल के रक्तकोष में संचित कर जरूरतमंद लोगों की मदद की जाएगी। 24वीं वाहिनी के सहायक मेडिकल कमांडेट महेश चौधरी की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न किया गया। शिविर के दौरान बल वाहिनी के वरिष्ठ अधिकारी एवं जवान उपस्थित रहे।

## रंगिया महकमा प्रशासन का सम्मान समारोह आयोजित

**रंगिया ( विभास )।** रंगिया महकमा प्रशासन द्वारा आज पूर्वाह्न लगभग 11.30 बजे रंगिया के महकमाधिपति कार्यालय के सभागार में महकमा के सफल छात्रों को सम्मानित करने के लिए अभिनंदन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हाल ही में घोषित एचएस परीक्षा, 2023 (एएचएसईसी) के परिणामो में 85त्न या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। अतिरिक्त उपायुक्त तथा रंगिया के प्रभारी महकमाधिपति दीपन बर्मन (एसीएस) की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में रंगिया महकमा के सहायक आयुक्त सजीव दास (एसीएस), कृतांजली कश्यप (एसीएस) सहित प्रबीन च. राभा बीईईओ रंगिया, विद्यालयों के उपनिरीक्षक, बीआरपी व अन्य शिक्षा विभाग के अधिकारी शामिल रहे। इस सम्मान कार्यक्रम में रंगिया महकमा के कुल 17 विद्यार्थियों का अभिनंदन किया गया। इन 17 छात्रों में से 12 कोरारा, 3 कमलपुर और 2 रंगिया शिक्षा प्रखंड के हैं। कार्यक्रम के दौरान महकमाधिपति दीपन बर्मन ने सफल छात्रों को हार्दिक बधाई दी और आशा व्यक्त की कि आने वाले वर्षों के परिणाम भी अधिक बेहतर होंगे और आने वाले समय में रंगिया महकमा के तहत सभी शिक्षा ब्लॉक उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे। समारोह में उपस्थित अभिभावकों ने महकमा प्रशासन द्वारा इस प्रकार की गतिविधियों का स्वागत किया एवं सफल विद्यार्थियों ने अपने परिणाम पर प्रसन्नता एवं आभार व्यक्त किया।

# पृष्ठ एक का शेष

### *गुवाहाटी-सिलचर राष्ट्रीय ...*

भूस्खलन की आशंका वाले क्षेत्रों में न जाने की अपील की है। प्रशासन ने लोगों को हिदायत दी है कि बारिश के दौरान कोई भी बिना जरूरी काम के घर से बाहर न निकले। प्राकृतिक आपदा की स्थिति में किसी भी स्थिति से निपटने के लिए गुवाहाटी में एनडीआरएफ को हाई अलर्ट पर रखा गया है। हालांकि, मंगलवार की रात से जिस तरह से बारिश शुरू हो गई है, उससे माना जा रहा है कि कभी भी बड़ी आपदा आने की आशंका है। डिमा-हसाउ के जिलाधिकारी शिमंदकुमार दास ने बताया कि अगर किसी तरह की आपदा वाली स्थिति उत्पन्न होती है, तो इससे निपटने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह से तैयार है। उधर मेघालय होकर असम के सिलचर को जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोनापुर के पहाड़ी इलाके में लगातार हो रही बरसात के बीच हुए भारी भूस्खलन से गुवाहाटी-सिलचर राष्ट्रीय राजमार्ग पूरी तरह से अवरुद्ध हो गया है। मेघालय प्रशासन के मुताबिक सुबह से जेसीबी के माध्यम से मलबा हटाया जा रहा है। रास्ते में सैकड़ों वाहन फंस गए हैं। उल्लेखनीय है कि असम समेत पूर्वोत्तर के कई राज्यों में पिछले कई दिनों से मानसून की बरसात हो रही है। इसका जनजीवन पर भी असर पड़ा है। वहीं वर्ष 2022 में भारी बारिश के कारण डिमा-हसाउ जिला भारी प्राकृतिक आपदा की चपेट में आ गया था। यहां तक कि राज्य के अन्य हिस्सों से रेल और सड़क संपर्क भी पूरी तरह से कट गया था। भूस्खलन में तीन की मौत हुई थी।

### *मणिपुर में फिर ...*

ही 10 लोग घायल भी हुए हैं। पुलिस ने बताया कि अत्याधुनिक हथियारों से लैस आतंकवादियों ने इंफाल पूर्वी जिले और कांगपोकी जिले की सीमा से लगे खामेलोक क्षेत्र के ग्रामीणों को घेर लिया और हमला कर दिया। उन्होंने कहा कि घायलों को इंफाल के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिस जगह हिंसा हुई है वो इलाका मैतेई-बहुल है। पुलिस ने बताया कि कुछ लोग मैतेई इलाकों के पास बंकर बनाने की कोशिश कर रहे थे, तभी सुरक्षाबलों ने उन्हें चुनौती दी। इस दौरान दोनों ओर से गोलीबारी हुई। इस बीच, जिला अधिकारियों ने इंफाल पूर्व और इंफाल पश्चिम में सुबह 5 बजे से शाम 6 बजे तक कर्फ्यू में छूट के समय को घटाकर सुबह 5 से सुबह 9 बजे कर दिया है। इससे पहले, मणिपुर में चलाए गए अभियान के तहत 1,040 हथियार बरामद किए गए हैं। इन हथियारों को उपद्रवियों ने पिछले दिनों विभिन्न स्थानों से लूट लिया था।

### *जुनमोनी राभा मामले ...*

विभाग (सीआईडी) को शुरू में जांच सौंपी गई थी। उसके परिवार ने साजिश का संदेह जताते हुए दुर्घटना की निष्पक्ष जांच की मांग की। मीडिया से बात करते हुए, मृतक की मां सुमित्रा राभा ने आरोप लगाया था कि यह कुछ अज्ञात रैकेट द्वारा पूर्व नियोजित हत्या का मामला था। उसने जुनमोनी की चाची सुबर्णा बोडो के साथ मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा से मामले की निष्पक्ष जांच कराने और योजनाबद्ध तरीके से रची गई दुर्घटना के अपराधियों को दंडित करके परिवार को न्याय दिलाने की अपील की थी। इससे पहले मई में, असम सरकार ने राज्य पुलिस विभाग में एक बड़ा फेरबदल किया था जिसमें विभिन्न पुलिस अधिकारियों का तबादला किया गया था। एक आधिकारिक आदेश के अनुसार, नगांव और लखीमपुर जिलों के प्रभारी एसपी, जहां एसआई जूनमोनी राभा काम करती थीं और उनसे संबंधित मामले दर्ज किए गए थे, उन्हें नए स्थानों पर स्थानांतरित कर दिया गया। आनंद मिश्रा, जिन्होंने पहले असम में सहायक पुलिस महानिरीक्षक (खेल) के रूप में कार्य किया था, को पुलिस अधीक्षक (लखीमपुर) की भूमिका में फिर से नियुक्त किया गया था। बेदांता माधब राजखोवा, जिन्होंने लखीमपुर में पुलिस अधीक्षक का पद संभाला था, ने अपने स्थानांतरण के बाद असम में खेल के लिए सहायक पुलिस महानिरीक्षक का पद ग्रहण किया। इस बीच, लीना डोले, जो पहले नगांव में पुलिस अधीक्षक के रूप में कार्यरत थीं, को उसी भूमिका को पूरा करने के लिए हैलाकांडी में स्थानांतरित कर दिया गया था। नए पुलिस अधीक्षक (नगांव) नबनीत महंता हैं, क्योंकि उन्हें उनके पिछले पद से पुलिस अधीक्षक (हैलाकांदी) के रूप में स्थानांतरित किया गया है।

### *बिहार के बाद...*

मिली है। घटना के बाद वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचकर जांच कर रहे हैं। पुल टूटने के बाद ठेकेदार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए जा रहे हैं। स्थानीय लोगों ने ठेकेदार पर निर्माण के दौरान घटिया सामग्री का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया है। इससे पहले इसी महीने बिहार के भागलपुर में गंगा नदी के ऊपर 1,717 करोड़ रुपए की लागत से बन रहा पुल ढह गया था। साल 2014 में बिहार के सीएम नितिश कुमार ने ही इस पुल का शिलान्यास किया था। इस हादसे के बाद पुल निर्माण निगम से रिपोर्ट मांगी गई थी।

### *सीमा समाधान को ...*

का माहौल बनाने की कोशिश करते हैं, लेकिन उपद्रवियों के इस तरह के प्रयास दोनों राज्यों के बीच शांति और सद्भाव को कभी नष्ट नहीं कर सकते हैं। उधर असम के कैबिनेट मंत्री पीयूष हजारिका ने आज असम-मेघालय सीमा से लगे खंडुली और ब्लॉक 1 क्षेत्र में हिंसा के लिए असामाजिक तत्वों को जिम्मेदार ठहराया। पश्चिम जयंतिया हिल्स की क्षेत्रीय समिति की आज शिलांग में हुई बैठक के बाद यह बयान आया है। समिति के अध्यक्ष स्नियाभलंग धर ने कहा कि बैठक परिचय के लिए थी और वे जल्द ही अंतर्राज्यीय सीमा पर विभिन्न विवादित क्षेत्रों का दौरा करेंगे।

### *पंचायत चुनाव : टीएमसी...*

के बीच झड़प हुई थी। सेक्यूलर फ्रंट ने सत्तारूढ़ पार्टी पर उम्मीदवारों द्वारा नामांकन भरने पर उन्हें रोकने का आरोप लगाया था। इस झड़प को शांत करने के लिए भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंचे थे। इस दौरान बम भी फेंगे गए और कई वाहनों के साथ तोड़फोड़ भी किया गया, जिसमें दोनों पार्टियों की तरफ से कई लोग घायल भी हुए। एक अधिकारी ने बताया कि बांकुड़ा के इंडस इलाके में नामांकन केंद्र के बाहर भाजपा के कार्यकर्ता टीएमसी समर्थकों के साथ भिड़ गए। दोनों तरफ के समर्थकों ने एक-दूसरे पर जमकर पथराव किए। इस दौरान पुलिस झड़क को शांत करने की कोशिश में लगी थी। आईएसएफ नेता और भांगोर विधायक नौशाद सिद्दीकी ने टीएमसी पर आरोप लगाते हुए कहा कि टीएमसी के गुंडे रात से ही हमारे उम्मीदवारों को नामांकन भरने से रोक रहे हैं। टीएमसी के प्रवक्ता कुणाल घोष ने इन आरोपों को नकारते हुए कहा कि आईएसएफ इलाके में हिंसा फैला रही थी। हिंसा के बीच सत्तारूढ़ पार्टी ने विपक्षी पार्टियों को उनके उम्मीदवारों की लिस्ट जारी करने को कहा और जरूरत पड़ने पर उनके नामांकन भरने में मदद करने का भी आश्वासन दिया। पश्चिम बंगाल के पंचायत चुनाव में नामांकन भरने की आखिरी तारीख 15 जून है। चुनाव आठ जुलाई को होने वाला है और 11 जुलाई को काउंटिंग होगी। बांकुड़ा जिले में वाहनों की चेकिंग के दौरान एक कार में बम से भरा बैग बरामद किया गया। बिष्णुपुर के एसडीपीओ कुतुबुद्दीन खान ने बताया कि इस मामले में आठ लोगों को हिरासत में लिया गया है।

### *पूर्व मेयर के जूते ...*

खुला था। उसी रात, उनके जूते घर के मुख्य दरवाजे के पास से गायब हो गए और बाद में पता चला कि एक आवारा कुत्ता परिसर में घुस गया था और जूते-चप्पल उठा ले गया था। अगले दिन, एएमसी की एक कुत्ता पकड़ने वाली टीम को बुलाया गया और आवारा कुत्तों को पकड़ने के लिए एक अभियान शुरू किया गया। टीम ने घोडले के इलाके में चार आवारा कुत्तों को पकड़ा। बाद में इन कुत्तों की नसबंदी की गई। वहीं, इस घटनाक्रम के बाद औरंगाबाद नगर निगम के अधिकारी ने कहा कि जब भी नगर निकाय को आवारा कुत्तों के खतरे की शिकायत मिलती है, वह इन जानवरों को पकड़ने के लिए टीमें भेजता है। अधिकारी ने कहा कि यह एक नियमित प्रक्रिया है।

### *बिपरजॉय : राजनाथ सिंह...*

लेकर केंद्र सरकार काफी अलर्ट है और तटीय इलाकों में काफी ज्यादा सावधानी बरतने की सलाह दी जा रही है। कई केंद्रीय मंत्री लगातार समीक्षा बैठक कर रहे हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी हालात पर नजर बनाए हुए हैं। आज रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी तीनों सेनाओं के प्रमुखों से बिपरजॉय तूफान को लेकर बात की है। उन्होंने उच्च स्तरीय बैठक में तीनों सेनाओं की तैयारियों के बारे में चर्चा की। सेना प्रमुखों ने उन्हें चक्रवात के कारण किसी भी स्थिति या आकस्मिकता का मुकाबला करने का भरोसा दिलाया है। गुजरात में तैनात सीमा सुरक्षा बल की बचाव टीम समुद्री तट की ओर बढ़ते हुए भयंकर चक्रवाती तूफान बिपरजॉय के कारण उत्पन्न होने वाली चुनौतियों से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार है। चक्रवाती तूफान बिपरजॉय के 15 जून की शाम को जखाऊ तट के पास टकराने की संभावना है और उसके बाद इसके कच्छ के रण से होते हुए राजस्थान तक जाने की संभावना है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने तूफान को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी करके चक्रवात के भारत-पाकिस्तान अंतर्राष्ट्रीय सीमा से गुजरने की संभावना जताई है। इसलिए सीमा सुरक्षा बल ने भी पाकिस्तान के साथ अंतर्राष्ट्रीय सीमा की रक्षा करने के साथ-साथ बचाव कार्यों के लिए आवश्यक संसाधन जुटाए हैं।

### *प्रधानमंत्री मोदी को ...*

पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा धर्म की ठेकेदार है क्या ? हम सब किसी न किसी भगवान की पूजा करते हैं। धर्म की ठेकेदारी खत्म करनी है। कर्नाटक में डिवाइड और रूल की बहुत कोशिश की, मगर वो कामयाब नहीं हो पाए। कर्नाटक में हनुमान जी की गदा चली थी। मध्य प्रदेश में भी हनुमान जी की गदा चलेगी और महाकाल का आशीर्वाद भी कांग्रेस को मिलेगा। प्रधानमंत्री को लेकर दिए गए बयान पर भाजपा ने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कांग्रेस पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा है कि प्रधानमंत्री मोदी की वैश्विक लोकप्रियता से बौखलाए कांग्रेसी आए दिन सस्ती लोकप्रियता पाने के लिए अपनी भाषाई मर्यादा को तोड़ रहे हैं। उन्होंने ट्वीट करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री और उनके परिवार के खिलाफ लगातार अमर्यादित टिप्पणी करना उनकी ओछी सोच का प्रमाण है। इस बार अरुण यादव ने अपनी भाषाई मर्यादा का उल्लंघन कर प्रधानमंत्री के दिवंगत पिताजी के बारे में टिप्पणी की है। कांग्रेस नेताओं की ऐसी टिप्पणियां गांधी परिवार के इशारों पर हो रही है, इसीलिए गांधी परिवार मौन है। वहीं, भाजपा के प्रदेश मंत्री रजनीश अग्रवाल ने अरुण के बयान का वीडियो ट्वीट जारी करते हुए कहा कि कांग्रेस की कुंठित और विकृत मानसिकता फिर उजागर। कभी नरेंद्र मोदी की श्रद्धेय मां के बारे में अपमानजनक टिप्पणियां। कभी स्वर्गीय पिता के बारे में। चुनाव में तो कांग्रेस पराजित होगी ही, लेकिन संस्कार भी कांग्रेस में बचे नहीं, यह बार-बार सिद्ध हो जाता है।

### *मानहानि केस को ...*

छवि को धूमिल किया है। वहीं, स्पेशल कोर्ट ने इस मामले में 27 जुलाई को अगली सुनवाई करेगी। भाजपा ने कोर्ट के फैसले का स्वागत किया है। भाजपा ने ट्वीट कर कहा कि झूठ बोलकर और झूठा प्रचार कर लोगों को गुमराह करना आसान है। पार्टी ने कहा कि अदालत उचित सजा देगी। बता दें कि कर्नाटक चुनाव प्रचार के दौरान राहुल गांधी ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा था। राहुल ने भाजपा को 40 फीसदी कमीशन लेने वाली सरकार बताया था। इसके साथ ही उन्होंने भाजपा को हिंदुस्तान की सबसे भ्रष्ट सरकार करार दिया था। राहुल ने कहा था कि कर्नाटक में जो भी काम करते हैं, उसमें ये 40 प्रतिशत कमीशन लेते हैं। ये 40 फीसदी कमीशन वाली सरकार है। बता दें कि राहुल गांधी पर पहले से ही मानहानि का केस है। इसी वजह से उनकी सांसदी भी चली गई। वहीं, इस समन के बाद सिद्धारमैया और डीके की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। कर्नाटक चुनाव में इस बार कांग्रेस ने भाजपा को सत्ता से हटाकर ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। विधानसभा के चुनाव में भाजपा को 136 सीटें आई थी।

### *समान नागरिक...*

मांग उठती आई है कि भारत में रहने वाले हर नागरिक के लिए एक समान कानून होना चाहिए। वह चाहे किसी भी धर्म या जाति का क्यों न हो। समान नागरिक संहिता में शादी, तलाक और जमीन-जायदाद के बंटवारे में सभी धर्मों के लिए एक ही कानून का प्रावधान होगा। इससे पहले 21वें विधि आयोग ने समान नागरिक संहिता के विषय की जांच की थी और एक प्रश्नावली के साथ अपनी अपील के माध्यम से हितधारकों के विचार मांगे थे। विषय की प्रासंगिकता और महत्व और इस विषय पर विभिन्न न्यायालय के आदेशों को भी ध्यान में रखते हुए 22वें विधि आयोग ने विषय पर नए सिरे से विचार-विमर्श करना समीचीन समझा।

### *बिपरजॉय तूफान सोनोवाल ...*

के लिए सभी प्रकार की आपातकालीन देखभाल, चिकित्सा देखभाल के साथ-साथ पोषण संबंधी देखभाल प्रदान करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए गए हैं। चक्रवात के कल गुजरात तट को पार करने की संभावना है।

## *स्वर्वेद भाष्य*




**चतुर्थ मंडल** **त्रयोदश अध्याय**

**( गुरु-वंदना )**

**शिष्य हमारे सब बड़े, कर्म गुणन कर भेद।**
**जिवन्मुक्त कोइ कोइ बने, सकल भूमि पद वेद ॥ 35 ॥**

**शब्दार्थ :** (भेद) अंतर (भूमि) अवस्था, कोटि (वेद) ज्ञान।

**भाष्य :** मेरे सभी शिष्य अपने कर्म, गुण के अनुकूल ज्ञान के कोटि-भेद से अपने स्थान पर श्रेष्ठ हैं, परंतु उन समस्त शिष्यों में कोई -कोई जवन्मुक्तपद को प्राप्त करता है।

**शिष्य समूह अपार में, एक गुरु कोइ लाल।**
**सद्गुरु पद अधिकार है, सोत महानद भाल ॥ 36 ॥**

**शब्दार्थ :** (भाल) मस्तक, ललाट (अधिकार) स्वामित्व (पद) स्थान, प्रतिष्ठा (लाल) प्रिय।

**भाष्य :** अपार शिष्यों के समूह में गुरु का कोई एक प्रिय होता है, जिसे सद्गुरु का पद ग्रहण करने का अधिकार होता है एवं जिसके अंदर अनंत महाप्रभु को स्रोत प्रकट होता है। ईश्वरीय ज्ञानधारा जब सद्गुरु द्वारा उत्तराधिकारी में प्रकट होती है, तब सद्गुरु का पद प्राप्त होता है और उस उत्तराधिकारी का महान मस्तक ब्रह्मविद्या के विमल प्रकाश से पूर्ण प्रकाशमान हो जाता है। सद्गुरु के ज्ञान, शक्ति और बल पदाधिकारी में पूर्णरूप से प्रटो हो जाते है और चेतनधार प्रकट हो कर अपने सद्गुरुस्वरूप को प्राप्त करा देती है। श्रुतज्ञान-प्रवाही आत्मा ही सद्गुरु पद को प्राप्त करती है।

# गुवाहाटी स्टेशन के दूसरे द्वार के लिए पूसीरे और एएसटीसी के साथ हुआ समझौता



**गुवाहाटी ( हिंस )।** पूर्वोत्तर सीमा रेल (पूसीरे) ने गुवाहाटी रेलवे स्टेशन में द्वितीय प्रवेश द्वार के निर्माण के लिए जमीन के लिए असम राज्य परिवहन निगम (एएसटीसी) के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया है। बुधवार को असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा और पूसीरे के महाप्रबंधक चेतन कुमार श्रीवास्तव की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए। रेलवे स्टेशन का द्वितीय प्रवेश द्वार का डिजाइन अगले 4 महीनों के भीतर तैयार हो जाएगा और इसे गुवाहाटी स्टेशन पुनर्विकास परियोजना के तहत विकसित किया जाएगा। इसके निर्माण से यात्रियों को आसानी होगी और शहर में सड़क पर भीड़ भी कम होगी। दरअसल, गुवाहाटी रेलवे स्टेशन पर शहर के पान बाजार की ओर से केवल एक प्रवेश द्वार का प्रयोग किया जाता है। स्टेशन पर प्रवेश को बेहतर बनाने के लिए पूसीरे ने दूसरा गेट बनाने के लिए भूमि के लिए असम सरकार से संपर्क किया था। जिस पर राज्य सरकार ने सहमति व्यक्त करते हुए पलटन बाजार की ओर एएसटीसी की 6682.50 वर्ग मीटर की भूमि को इसके लिए उपयुक्त पाया। इसके बदले में उत्तर जालुकबाड़ी में 27843.75 वर्ग मीटर माप वाली समान मौद्रिक मूल्य की रेलवे भूमि एएसटीसी को सौंप देगा। पूसीरे ने स्टेशन के द्वितीय प्रवेश द्वार के साथ यात्रियों के बैठने की व्यवस्था और कियोस्क आदि लगाने के लिए रेलवे ट्रैक के ऊपर रूफ प्लाजा बनाएगा। इस स्टेशन को *ग्रीन बिल्डिंग* परिकल्पना सहित सौर पैनलों, अपशिष्ट प्रबंधन, जल प्रबंधन की स्थापना आदि के साथ विकसित किया जाएगा। यहां यात्रियों को पर्याप्त सुविधाएं देने के लिए स्टेशन पर लिफ्ट, एस्केलेटर, आधुनिक साइनेज, शौचालय, विशाल प्रतीक्षालय, इलेक्ट्रिक वाहन के चार्जिंग प्वाइंट के साथ पार्किंग की सुविधा और भोजन एवं ठहराव आदि जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी।

## रिश्वत लेते रंगे हाथों दो लोकसेवक गिरफ्तार

**गुवाहाटी ( हिंस )।** राज्य सतर्कता और भ्रष्टाचार-विरोधी निदेशालय की एक टीम ने बुधवार को दो अलग-अलग इलाकों में रिश्वत लेते दो लोक सेवकों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। एसीबी थाने में दो केस दर्ज किए गए हैं। जानकारी के अनुसार मोरीगांव जिला के भूरागांव राजस्व मंडल (लेखपाल) के अंचल अधिकारी कार्यालय से लॉट मंडल जलाल उद्दीन शेख ने शिकायतकर्ता को ईंट भट्ठा के लिए एनओसी देने के लिए पांच लाख रुपए की रिश्वत की मांग की थी। इसकी शिकायत निदेशालय को दी। इस पर निदेशालय की टीम ने जाल बिछाकर बुधवार को लॉट मंडल जलालउद्दीन शेख को रिश्वत के रूप में 20 हजार रुपए लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। टीम ने शेख की तलाशी लेने पर उसके पास से 10 हजार रुपए और उसके घर से एक लाख एक हजार रुपए नकद बरामद किए गए। इस संबंध में एसीबी थाने में केस दर्ज कर लिया है। दूसरी घटना में निदेशालय की एक अन्य टीम ने बुधवार को शिवसागर जिले के नाजिरा राजस्व मंडल के अंचल अधिकारी कार्यालय के लॉट मंडल दिगंत बरुवा को 5 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है।

# एससी के धर्म और संस्कृति की रक्षा एवं धर्मांतरण रोकने की मांग को ले राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन



**गुवाहाटी ( हिंस )।** भारत की अनुसूचित जनजातियों (एससी) की मूल भाषा, धर्म, संस्कृति और रीति-रिवाजों की संवैधानिक रूप से रक्षा करने और धर्मांतरण को रोकने की मांग हुई है। बुधवार को अपनी इस मांग के संदर्भ में जनजाति सुरक्षा मंच और भारत एवं जनजाति धर्म-संस्कृति सुरक्षा मंच ने राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया के जरिए एक ज्ञापन राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को प्रेषित किया है। संगठन ने बयान जारी कर कहा कि जनजाति सुरक्षा मंच और भारत और जनजाति धर्म-संस्कृति सुरक्षा मंच पिछले 18 वर्ष से आदिवासी लोगों के अस्तित्व पर खतरे की संवैधानिक रूप से रक्षा करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। धर्म परिवर्तन कराने वालों से अनुसूचित जनजातियों की मूल भाषा, धर्म, संस्कृति और पारंपरिक रीति-रिवाजों की संवैधानिक रूप से रक्षा कर रहे हैं। इस बीच, भारत के आठ राज्यों- मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, छत्तीसगढ़, उड़ीसा, गुजरात और असम की राजधानियों में विशाल जनजातीय सामूहिक सभाओं का आयोजन किया गया है। विज्ञप्ति में बताया गया कि आगामी 18 जून को राजस्थान में एक रैली आयोजित की जाएगी एवं अन्य 14 राज्यों में भी इस तरह की तैयारी चल रही है। इस संबंध में 26 मार्च को गुवाहाटी स्थित खानापाड़ा खेल मैदान पर *चलो दिसपुर* नामक विशाल जनजाति सामूहिक सभा की गई थी। इस आंदोलन के एजेंडे के अनुसार दोनों संगठनों ने राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को अपनी मांगों को लेकर एक ज्ञापन भेजा है। इनकी मांगों में अनुच्छेद 342 (एसटी) में संशोधन करके और उन्हें अनुच्छेद 341 (एससी) के साथ तुलना करके धर्मांतरित हुए एसटी लोगों का नाम एसटी सूची से हटाना शामिल है।

## 45 लाख रुपए से अधिक कीमत का सोना सहित दो तस्कर गिरफ्तार



**गुवाहाटी /बेलतला ( हिंस/निसं )।** गुवाहाटी के वशिष्ठ थानांतर्गत खानापाड़ा के कोइनाधारा इलाके में पुलिस ने बुधवार को सोने के 6 बिस्कुट बरामद करके दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों ने बताया है कि गुप्त सूचना के आधार पर आज कोइनाधारा इलाके में राष्ट्रीय राजमार्ग-37 पर तलाशी अभियान के दौरान एक ब्रेजा कार (एएस-01ईबी-2686) से सोने के 6 बिस्कुट बरामद किए गए, जिसका वजन 702 ग्राम है। बरामद सोना की भारतीय बाजार में कीमत लगभग 45 लाख रुपए के आसपास बताई गई है। पुलिस ने कार को जब्त कर लिया है। गिरफ्तार तस्करों की पहचान बरपेटा जिले के बनियापाड़ा निवासी जहिदुल इस्लाम (26) और बरपेटा जिला के गरोइमारी निवासी महिदुल इस्लाम (36) के रूप में हुई है। पुलिस इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज कर दोनों तस्करों से पूछताछ कर रही है।

## मायुमं, कामख्या शाखा की दो अमृतधारा का उद्घाटन



**गुवाहाटी ( विभास )।** मारवाड़ी युवा मंच कामख्या शाखा ने इस कार्यकाल 2023-24 की स्थायी राष्ट्रीय प्रकल्प में आज *दो अमृतधारा का उद्घाटन* पब्लिक शरणीया स्कूल और जक्षिण शरणीया एलपी स्कूल में किया गया। इस उपलक्ष में मंडलीय उपाध्यक्ष मितेश सुराणा, स्थाई प्रकल्प के चेयरमैन महेन्द्र नाहर उपस्थित थे। पहला अमृतधारा के दानदाता हमारी शाखा की सदस्य खुशबू मोर और नेहा रस्तोगी है तथा एक अन्य दानदाता लेफ्टिनेंट देवीप्रसाद मोर हैं। शाखा अध्यक्षा नीलम भजनका ने उपस्थित सभी पदाधिकारियों का स्वागत भाषण एवं फुलाम गामोछा से सम्मानित किया। विद्यालय की प्रधानाचार्य का भी फुलाम गामोछा से सम्मान किया। कार्यक्रम में प्राधानाचार्य ने भी कामख्या शाखा को अमृतधारा के लिए हार्दिक धन्यवाद दिया। इस कार्यक्रम के उपलक्ष में कोशाध्यक्ष जूही पांडे, उपाध्यक्ष स्नेहल बिदासरिया, कार्यक्रम संयोजक खुशबू मोर, सह संयोजक नेहा रस्तोगी, ममता सेठी, चांदनी बैद, नम्रता सुराणा, मीना जैन सभी उपस्थित थे। अंत में सचिव नमिता दुधेरीया ने सभी को धन्यवाद देते हुए कार्यक्रम का समापन किया।

## बिलासीपाड़ा थाना के ओसी समेत सभी का तबादला

**धुबड़ी ( असम ) ( हिंस )।** धुबड़ी जिलांतर्गत बिलासीपाड़ा थाने के ओसी ज्योतिर्मय गायन, एसआई पद्मपाणि बोरा, मानसज्योति, ईशान ज्योति सैकिया, मानसी चेतिया, अनामिका बोरा, चंद्रामिता नेउग समेत 50 से अधिक पुलिसकर्मियों और सिपाहियों के तबादले किए गए हैं। बिलासीपाड़ा के विभिन्न संगठनों ने बुधवार को बिलासीपाड़ा थाने के सभी अधिकारियों और कांस्टेबलों पर दंडात्मक कार्रवाई पर संतोष व्यक्त किया है। दरअसल, बिलासीपाड़ा के युवा व्यापारी बशेर अली की 24 मई को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्या बिलासीपाड़ा कस्बे के वार्ड नंबर 8 भैरबगंज में किराए के मकान में रात में हुई थी। पुलिस हत्या के मुख्य आरोपी को अभी तक गिरफ्तार नहीं कर पाई है। इस बीच बिलासीपाड़ा पुलिस ने मुख्य आरोपी के बदले शाहजहां अली नामक व्यक्ति की पत्नी और उसके दो नाबालिग बच्चों को पूछताछ के लिए हिरासत में रखा गया।

## सीमांत मुख्यालय एसएसबी, गुवाहाटी के नए महानिरीक्षक ने संभाला पदभार



**कोकराझाड़ ( विभास )।** सीमांत मुख्यालय सशस्त्र सीमा बल गुवाहाटी के महानिरीक्षक का पदभार श्री राजेंद्र कुमार भूमला ग्रहण किया। इस मौके पर निर्वितमान महानिरीक्षक संजीव शर्मा ने उनका गार्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित किया। साथ ही उन्हें भेंट स्वरूप पारंपरिक असमिया गामोछा और गुलदस्ता आदि प्रदान की। आईजी0 फ्रंटियर मुख्यालय के रूप में प्रभार ग्रहण करने के बाद श्री भूमला ने फ्रंटियर गुवाहाटी के सभी अधिकारियों तथा कर्मचारियों से रूबरू हुए। बाद में उन्होंने फ्रंटियर गुवाहाटी के तहत इकाईयों की संचालन संबंधी तैयारियों की समीक्षा की। श्री भूमला 1987 बैच के डायरेक्ट एंट्री एसएसबी कैडर ऑफसर हैं। जिन्होंने विभिन्न क्षमताओं में एसएसबी के विभिन्न फॉर्मेशन में काम किया है। उनके पास एनएसजी में सेवा देने का भी अनुभव प्राप्त है। इस दौरान श्री भूमला ने जोर देकर कहा कि एसएसबी का उद्देश्य भारत-भूटान सीमाओं को सुरक्षित करने की प्राथमिक के अलावा सीमावर्ती आबादी के बीच सुरक्षा की भावना पैदा करना है। उन्होंने राज्य में प्रभावी सीमा प्रबंधन के लिए सभी संबंधित हितधारकों के सहयोग पर जोर दिया।

## मेधावी छात्रों का किया सम्मान

**गुवाहाटी ( विभास )।** लघु उद्योग भारती पूर्वोत्तर प्रांत ने अपने सदस्यों के परिवार के बीच सद्भाव और समन्वय को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से नेडफी हाउस के सभागार में मैट्रिक व हायर सेकेंडरी परीक्षा में उपलब्धि प्राप्त छात्रों को उनके अभिभावकों के साथ सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में असम के शिक्षा मंत्री डॉ रनोज पेगु उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री आशीष देवड़ा ने भारत माता के चित्र के आगे दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर उनके साथ लघु उद्योग भारती पूर्वोत्तर के प्रांतीय अध्यक्ष मनोज लुण्डीया, सचिव रवि सूरेका, नेशनल स्माल इंडस्ट्रियल कॉरपोरेशन के सह प्रबंधक विजय प्रकाश, नेडफी हाउस के प्रबंधक विकास अग्रवाल उपस्थित थे।सचिव रवि सुरेका के स्वागत भाषण के पश्चात प्रांतीय अध्यक्ष मनोज लुंडिया ने अपना संबोधन दिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ रनोज पेगु ने अपने संबोधन में बच्चों को नौकरी के बजाय उद्योग में आने को प्रेरित किया।मुख्य अतिथि ने 10वीं व 12वीं बोर्ड की परीक्षा में उपलब्धि प्राप्त 36 छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व उपहार देकर सम्मानित किया। उनके साथ उनके अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया।

## शिंगरा नदी का तटबंध टूटने से लखीमपुर के कई इलाकों में बाढ़

**लखीमपुर ( असम ) ( हिंस )।** जिले में शिंगरा नदी का तटबंध अचानक टूट जाने से इलाके में बाढ़ आ गई है। तटबंध के अचानक टूटने से लखीमपुर जिले के कुछ इलाके बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। खासकर दलहाट के शालमारिया में अफरा-तफरी की स्थिति बन गई है। तटबंध टूटने के बाद कई लोगों के घर-बार पानी में डूब गए। हाईवे पर भी पानी बह रहा है। बाढ़ पीड़ति अपने घरों को छोड़कर ऊंचे स्थानों पर पहुंच गए हैं। इस बीच, स्थानीय लोगों ने अचानक पैदा हुई बाढ़ वाली स्थिति के लिए सरकार के जल संसाधन विभाग को जिम्मेदार ठहराया है। बाढ़ पीड़ितों ने कहा कि विभागीय अधिकारियों के काम में लापरवाही के कारण बाढ़ की स्थिति पैदा हुई है। हालांकि, किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं मिली है।

## भाजपा का संयुक्त मोर्चा सम्मेलन आयोजित



**गुवाहाटी ( हिंस )।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के मोदी सरकार के नौ वर्ष पूरे होने के मौके पर चला रही महाजनसंपर्क अभियान के तहत पश्चिम गुवाहाटी निर्वाचन क्षेत्र के आजरा में बुधवार को एक संयुक्त मोर्चा सम्मेलन का आयोजन किया गया। बैठक में गुवाहाटी लोकसभा क्षेत्र की सांसद क्वीन ओझा, आयोजन सचिव फणींद्र नाथ शर्मा, राज्य कार्यकारिणी सदस्य और पश्चिम गुवाहाटी विधानसभा क्षेत्र के महा जनसंपर्क अभियान के प्रभारी अशोक कुमार भराली, गुवाहाटी शहर के जिला अध्यक्ष तपन दास के साथ-साथ जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष और पदाधिकारी, साथ ही पश्चिम गुवाहाटी निर्वाचन क्षेत्र के तहत मोर्चा अध्यक्ष और पदाधिकारी शामिल हुए। सम्मेलन में समाज के सभी स्तरों पर लोगों के समान विकास के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सरकार की उपलब्धियों और मुख्यमंत्री डॉ हिमंत विश्व शर्मा के नेतृत्व वाली राज्य सरकार की विभिन्न दूरदर्शी नीतियों पर चर्चा की गई।

## थाने में पुलिसकर्मियों पर हमला करने के आरोप में दो और गिरफ्तार

**होजाई ( हिंस )।** होजाई जिलांतर्गत डबका थाने के एक पुलिसकर्मी के साथ मारपीट करने के मामले में पुलिस ने चार महिलाओं सहित नौ लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अन्य आरोपियों की धर पकड़ के लिए छापेमारी कर रही है। बुधवार को पुलिस सूत्रों ने बताया है कि इस घटना के सात आरोपियों को पहले गिरफ्तार कर किया गया था। इस मामले में आज भी दो महिला आरोपियों की गिरफ्ताी हुई है। गिरफतार महिलाओं की पहचान माहमदा बेगम और सिमरना बेगम के रूप में हुई है। पुलिस ने अब तक चार महिलाओं सहित कुल नौ लोगों को गिरफ्तार किया है। दरअसल, एक महिला की मौत के मामले को लेकर डबका थाने में महिला के ससुराल और मायके पक्ष के लोग पहुंचे थे।

## बिजनी शहर में सुबह 7 बजे से अपराह्न 3 बजे तक डंपर व ट्रकों की अंधाधुंध आवाजाही पर रोक

**बिजनी ( विभास )।** बिजनी शहर में सुबह 7 बजे से अपराह्न 3 बजे तक डंपर व ट्रकों के संचालन की अनुमति नहीं होगी। यह आदेश बिजनी उप-मंडल मजिस्ट्रेट अभिषेक जैन द्वारा जारी किया गया है। उप-मंडल मजिस्ट्रेट अभिषेक जैन के मुताबिक डंबर व ट्रकों की अंधाधुंध आवाजाही के संबंध में प्रधानाध्यापकों, बिजनी कस्बे के कई शिक्षण संस्थानों, विभिन्न छात्र संगठनों के अलावा स्थानीय वरिष्ठ नागरिकों से प्राप्त शिकायतें अनुसार उक्त निर्णय लिया गया है। बताया जाता है कि उक्त समय के दौरान बिजनी कस्बे व इलाके में स्कूल-कॉलेजों के पास की सड़कें काफी व्यस्त हो जाती हैं और ऐसे में डंपर की आवाजाही से स्कूल/कॉलेज जाने वाले छात्रों की सुरक्षा एक बड़ी चिंता बन जाती है। जबकि, डंपरों की आवाजाही के कारण, यातायात बाधित होतीं है, जो सड़क दुर्घटनाओं को ट्रिगर कर सकता है। जिससे सार्वजनिक सुरक्षा और सार्वजनिक व्यवस्था भंग हो सकती है। इस संबंध में उप-मंडल प्रशासन के लिए सार्वजनिक शांति बनाए रखना अत्यंत महत्वपूर्ण है। जिसमें बिजनी अनुमंडल की सार्वजनिक सुरक्षा के मद्देनजर सभी संबंधित हितधारकों द्वारा उपरोक्त शिकायत भी की गई थी और इसलिए, एईई, पीडब्ल्यूडी (सड़क), बिजनी ने डंपरों की सुगम आवाजाही के लिए वैकल्पिक मार्ग सुझाए। जिसके लिए 12 जून 2023 को डंबर ट्रकों की आवाजाही के संबंध में सभी संबंधित हितधारकों के साथ महकमा प्रशासन द्वारा एक बैठक भी आयोजित की गई थी। उपरोक्त तथ्यों और परिस्थितियों के मद्देनजर और सार्वजनिक सुरक्षा के हित में, अभिषेक जैन, आईएएस, उप-मंडल मजिस्ट्रेट, बिजनी द्वारा बिजनी शहर के क्षेत्रों में सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक डंबर ट्रकों की आवाजाही पर रोक लगाने की घोषणा की गई।

## उल्लास महिला समिति ने टीबी हॉस्पिटल में पंखे लगवाए



**गुवाहाटी ( विभास )।** नगर के बिरुबाड़ी स्थित टीबी हॉस्पिटल में काफी दिनों से महिला वार्ड में पंखों की कमी महसूस की जा रही थी। इस भीषण गर्मी में महिला रोगियों को गर्मी से निजात दिलाने के लिए उल्लास महिला समिति ने 11 सीलिंग पंखे टीबी हॉस्पिटल के महिला वार्ड में लगवाए। इस अवसर पर उल्लास महिला समिति की अध्यक्ष चंद्रकांता घोड़ावत में कहा कि उल्लास महिला समिति जन सेवा के कार्यों में हमेशा तत्पर रही है। इस अवसर पर हॉस्पिटल के अधीक्षक डॉक्टर गोस्वामी ने उल्लास महिला समिति के इस कार्य की प्रशंसा करते हुए धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में कार्यकारी अध्यक्ष अमराव बोथरा, कोषाध्यक्ष मंजू बेगवानी के अलावा प्रमिला सेठिया, राज सुराना, अमिता भंसाली ममता घोड़ावत, शशि सुराणा, सुषमा सुराणा पुखराज गोलछा, मंजू सेठिया उपस्थित थी। गुलाब दुगड़ ने सभी उपस्थित सदस्योंओ को धन्यवाद ज्ञापन दिया।

## विशेष बच्चों के लिए चेतना लेडिज क्लब ने लगाई वाटर फिल्टर



**गुवाहाटी ( विभास )।** महिलाओं की अग्रणी संस्थाओं में से एक चेतना लेडीज क्लब ने गीतानगर स्थित विशेष बच्चों के विद्यालय में आरओ वाटर फिल्टर मशीन लगवाए। विशेष बच्चों को स्वच्छ जल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से क्लब की ओर से यह कार्य किया गया। इस दौरान क्लब की ओर से बच्चों के बीच जूस व चिप्स का भी वितरण किया गया। इस मौके पर कुसुम जालान, बबीता अग्रवाल, नीरा भरतिया, कविता पटवारी, कविता निमोदिया, बबीता मोर, सुनीता सराफ, मीना मोर, सचिव समता गोलछा, ममता हरलालका आदि सदस्याएं मौजूद थी। वहीं इससे पूर्व क्लब की ओर से सड़कों पर चिलचिलाती धूप में ड्यूटी कर रहे ट्रैफिक पुलिस कर्मियों के लिए 50 कार्टून नींबू पानी उपलब्ध कराया गया। क्लब की अध्यक्ष मंजू केजरीवाल, सचिव समता गोलछा, मीना मोर, रेनू मोदी, बबीता अग्रवाल, नीरा भर्तियां आदि सदस्याए मौजूद थी। इस मौके पर एसीपी श्री बरूआ ने क्लब की ओर से ट्रैफिक पुलिस कर्मियों के लिए दिए गए सहयोग हेतु आभार व्यक्त किया। इसके अलावा क्लब की ओर से नारंगी के बोंडा स्थित चाइल्ड केयर इंस्टिट्यूट में गर्मी को देखते हुए 5 पंखे उपलब्ध कराए गए। अध्यक्ष मंजू केजरीवाल के नेतृत्व में गए इस दल में सचिव समता गोलछा, सुनीता सराफ, बबीता अग्रवाल, कविता पटवारी, कविता निमोदिया, मीना मोर आदि सदसयाए मौजूद थी।

**: NOTICE INVITING QUOTATION :**

Sealed quotation affixing non- refundable court fee stamp of Rs. 8.25 (Rupees eight and paisa twenty Five) only are invited from the local intending registered / Govt. Supplier and authorized dealers for “Supply of Electrical goods”. The Quotations will be received by the undersigned on or before 19.06.2023 Up to 1400 Hrs. and will be opened on the same day at 1500 Hrs. in presence of the tenderer or their authorized representative who may like to present. If the last date of receiving the tender falls on any holiday / bandh etc. The subsequent working day will treated as last date of receiving the tender.

Terms and Conditions.

1. The intending quotationers should specify their rate both in figure and words.
2. The successful contractors or quotationers must furnish up to date self-attested copy of the A.P. Hars. Registration Certificate, GST registration certificate, copy of the PAN card, and copy of the Trade license etc. along with the quotation without which the tender will be rejected. The quotationers should submit earnest money of Rs.1,000.00 (Rupees one thousand) only by Bank Draft in favour of the Commissioner of Police, Guwahati, Assam along with the tender.
3. The successful quotationers shall have to deposit security money of Rs. 5,000.00 (Rupees five thousand) only by Bank Draft pledge in favour of the Commissioner of Police, for “Supply of Electrical goods.”
4. The undersigned does not bound himself to accept the lowest rates and may reject any or all tender without assigning any reason thereof.
5. The quotations should be super scribed “Supply of Electrical goods.”

Deputy Commissioner of Police (Admn),
Guwahati::Assam.

*-- Janasanyog /C/4368/23*

# निषादराज के किले में मस्जिद हमारी आस्था के साथ खिलवाड़ : संजय निषाद

**– महाराजा गुह्यराज निषाद के किले में मस्जिद के मुद्दे को लेकर प्रधानमंत्री से मिलेंगे संजय निषाद**



**लखनऊ, (हि.स.)।** श्रृंगवेरपुर में निषादराज के किले में मस्जिद का मुद्दा तूल पकड़ने लगा है। उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार में मंत्री डॉ. संजय निषाद ने किले में मस्जिद के होने पर नाराजगी जताते हुए हटाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि निषाद समुदाय के करोड़ों लोग निषादराज को अपने आराध्य के रूप में पूजते हैं। मछुआ समाज समेत समस्त हिन्दू जनमानस श्रृंगवेरपुर को तीर्थस्थल के रूप में मानता है। त्रेतायुग से जो स्थान अस्तित्व में है, वहां मस्जिद कैसे हो सकती है ? इसको लेकर हम प्रधानमंत्री, गृहमंत्री और मुख्यमंत्री से मुलाकात करेंगे। निषाद पार्टी की प्रयागराज जिला कमेटी की बैठक में यह मुद्दा प्रमुखता से उठा है। डॉ. संजय निषाद ने अपने एक बयान में बताया कि बैठक में जिला कमेटी द्वारा निषाद राज किले पर अवैध अतिक्रमण कर बनाई गई मस्जिद का मुद्दा कार्यकताओं ने प्रमुखता से उठाया है। उन्होंने कहा कि कार्यकताओं में मस्जिद के मुद्दे पर रोष व्याप्त है। मछुआ समाज के गौरवशाली इतिहास का मजाक उड़ाया जा रहा है। त्रेतायुग में प्रभु श्री राम जी और महाराजा गुह्यराज निषाद की मित्रता जगजाहिर है। उस समय तो मुस्लिम समाज था भी नहीं, मस्जिद भी नहीं था। वहां पर महाराज गुह्यराज निषाद का भव्य किला था। निषाद राज किला मछुआ समाज समेत समस्त हिन्दू की आस्था का केंद्र है।

अब अचानक मस्जिद आ जाने से वहां पर हमारे समाज की भावनाओं से खिलवाड़ हो रहा है। निषाद समेत मछुआ समाज का उपहास उड़ाने जैसा प्रतीत होता है। डॉ संजय निषाद ने कहा कि निषाद संस्कृति के साथ खिलवाड़ करने की अनुमति किसी को नहीं दी जाएगी। निषाद संस्कृति और विरासत से खिलवाड़ करने की चेष्टा कोई भी न करे। उन्होंने बताया कि मस्जिद के मुद्दे को लेकर जिला कमेटी ने उन्हें ज्ञापन सौंपा है। वह जल्दी प्रधानमंत्री, गृहमंत्री और मुख्यमंत्री से मुलाकात कर निषाद समाज के साथ किये जा रहे एक वर्ग विशेष द्वारा खिलवाड़ को अवगत कराएंगे। निषाद पार्टी प्रमुख एवं उप्र सरकार में मत्स्य विभाग के मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद ने बताया कि जनपद प्रयागराज की जिला कमेटी की समीक्षा बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई है। आगामी लोकसभा चुनाव में जनपद की दोनों सीटों पर एनडीए की जीत सुनिश्चित कराने के लिए रणनीति बनाई गई। उन्होंने कहा कि बैठक में महाराजा गुह्यराज निषाद के किले के सौंदर्यीकरण, मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम और उनके आत्मबाल सखा निषाद राज की 56 फीट की प्रतिमा, निषाद राज पार्क एवं निषाद राज ऑडिटोरियम बनाने को लेकर केंद्र और प्रदेश सरकार का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# नकल माफिया समाज के सबसे बड़े दुश्मन : योगी

**–प्रदेश के 1745 मेधावी विद्यार्थी हुए सम्मानित, जिलों में भी हुआ कार्यक्रम**



**लखनऊ, (हि.स.)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को यहां लोकभवन में विभिन्न बोर्डों की अच्छे अंकों के साथ 10वीं और 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले मेधावियों को सम्मानित किया। इसके साथ ही बच्चों को सम्मानित करने के लिए आज प्रदेश के विभिन्न जिलों में भी कार्यक्रम आयोजित हुए। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि परीक्षा के दौरान बच्चों को नकल कराने वाले लोग समाज और देश के सबसे बड़े दुश्मन हैं। उनहोंने कहा कि छह वर्ष पहले जब उप्र में बोर्ड की परीक्षाएं होती थीं तो नकल को लेकर सवाल उठते थे। तीन-तीन महीने तक परीक्षाएं होती थी। पठन पाठन बहुत कम हो पाता था। हमारी सरकार ने सबसे पहले नकल विहीन परीक्षा कराने पर जोर दिया। कड़ाई इस प्रकार से की गयी कि पिछले साल एक जिला विद्यालय निरीक्षक को जेल जाना पड़ा। उसके बाद कम समय में परीक्षा सम्पन्न कराने पर जोर दिया गया। परिणामस्वरूप आज प्रदेश में नकल विहीन परीक्षा तो होती ही है, साथ में 15 दिन के अंदर परीक्षा सम्पन्न करायी जा रही है। 14 दिन के अंदर हम परिणाम देने में भी सफल रहे हैं। यह तब हुआ, जब बोर्ड परीक्षा में 56 लाख विद्यार्थी शामिल हुए।

**एक लाख 62 हजार से अधिक शिक्षकों की भर्ती –** मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे साल का शैक्षिक कैलेण्डर तैयार होना चाहिए। अगर शिक्षा में लापरवाही होती है तो आप बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ होगा। नकल माफिया समाज के सबसे बड़े दुश्मन है। वह सही मायने में देश के दुश्मन है। प्रशासन को उनके साथ सख्ती से निपटना चाहिए। आज शिक्षकों की कमी को दूर किया जा रहा है। पारदर्शी तरीके से उप्र के बेसिक और माध्यमिक शिक्षा विभाग में एक लाख 62 हजार से अधिक नियमित शिक्षकों की भर्ती की गयी है। उन्होंने कहा कि छात्रों को तकनीकी रूप से सक्षम बनाने के लिए हम दो करोड़ युवाओं को टैबलेट स्मार्टफोन दे रहे हैं। जिन अभिभावकों, छात्रों के पास कोचिंग के लिए पैसे नहीं हैं, उसके लिए अभ्युदय कोचिंग की स्थापना की गयी है। इस वर्ष की सिविल परीक्षाओं में 23 बच्चे सेलेक्ट हुए। इसी तरह यूपीपीएससी की परीक्षा में भी 98 छात्र सफल हुए हैं। इस मौके पर प्रदेश भर के कुल 1745 मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया है। मेधावियों को एक लाख रुपये और टैबलेट दिया गया है। साथ ही 18 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के भवनों व 125 विज्ञान प्रयोगशालाओं का लोकार्पण भी किया गया है।

**निरंतर सफलता हासिल कर रहा माध्यमिक शिक्षा विभाग : गुलाबो देवी –** माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाबो देवी ने कहा कि माध्यमिक शिक्षा विभाग निरंतर सफलता अर्जित कर रहा है। खुशी की बात है कि नकल विहीन परीक्षा गयी है। इस विभाग ने 100 साल का रिकार्ड तोड़ा है। उन्होंने मुख्यमंत्री से अपील करते हुए कहा कि बच्चों की तरह अधिकारियों और कर्मचारियों को भी भविष्य में सम्मानित किया जाए। शिक्षकों का समाज पर असर पड़ता है। इसलिए उन्हें खुद के व्यक्तित्व को निखारना होगा। जो शिक्षक आत्मसंयमित, अनुशाषित और निष्ठावान रहते हैं तो उसका असर बच्चों पर होता है। बच्चों से समय का उपयोग करने की सलाह दी। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी के अलावा माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाबो देबी, बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह, परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह, मुख्य सचिव दुगार्शंकर मिश्र, प्रमुख सचिव दीपक कुमार, डीजी स्कूल शिक्षा विजय किरण आनंद समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# योग पर सपा सांसद बर्क के बयान पर संग्राम, भाजपा नेता मोहसिन रजा ने किया पलटवार

**–मोहसिन रजा ने कहा, मुस्लिमों और देश की तरक्की नहीं चाहते बर्क**



**लखनऊ, (हि.स.)।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर एक तरफ जहां पूरी दुनिया योग करेगी, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी संयुक्त राष्ट्र में योग सत्र का नेतृत्व करेंगे, वहीं अपने ही देश में योग का विरोध शुरू हो गया है। समाजवादी पार्टी के सांसद शफीकुर्रहमान बर्क ने मदरसों में योगी सरकार के योग दिवस मनाने के फैसले का विरोध किया है। इस पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री मोहसिन रजा ने बर्क की संकुचित मानसिकता करार दिया है। पूर्व मंत्री मोहसिन रजा ने बुधवार को हिन्दुस्थान समाचार से कहा कि संयुक्त राष्ट्र (यूएन) में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संयुक्त राष्ट्र सचिवालय में योग सत्र की अगुवाई करेंगे। पूरी दुनिया हमारी ताकत को देख रही होगी। इस पर खुशी जताने के बजाए इस प्रकार का बयान दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि शफीकुर्रहमान बर्क ने इस प्रकार का बयान देकर अपनी और अपनी पार्टी की संकुचित मानसिकता का परिचय दिया है। भारत के योग संस्कृति को दुनिया ने स्वीकारा है और वह इसका विरोध कर सस्ती लोकप्रियता हासिल करना चाहते हैं। सच तो यह है कि वह नहीं चाहते कि देश और देश का मुसलमान आगे बढ़े। उन्हें पता है कि योग करने से बच्चे स्वस्थ होंगे। वह पढ़ने में अच्छे होंगे। ऊंची तालीम हासिल कर लिए तो उनकी तरक्की होगी। बर्क मुसलमानों की तरक्की होते नहीं देखना चाहते। बर्क के बयान पर सपा को स्पष्टीकरण देना चाहिए। उल्लेखनीय है कि सपा सांसद शफीकुर्रहमान बर्क ने अपने एक बयान के माध्यम से उप्र के मदरसों और दरगाहों में योग दिवस का बॉयकाट किया है। उन्होंने योगी आदित्यनाथ सरकार पर आरोप लगाया है कि यह सरकार चाहती है कि मदरसे बंद हो जाएं और इन मदरसों में मजहबी तालीम न दी जाए।

# केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवानों ने भारत माता मंदिर परिसर में योगाभ्यास किया

**–शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए दिनचर्या में शामिल करें योग**



**वाराणसी, (हि.स.)।** विश्व योग दिवस के पहले ही योग को दिनचर्या में शामिल करने के लिए विभिन्न संस्थाएं आम लोगों को लगातार जागरूक कर रही हैं। जागरूकता अभियान में 95 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के अफसर और जवान भी बढ़-चढ़ कर भागीदारी कर रहे हैं। बुधवार को सिगरा स्थित भारत माता मंदिर परिसर में बटालियन के कमांडेंट अनिल कुमार बृक्ष की अध्यक्षता में सुबह योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बटालियन के अफसरों और जवानों के साथ आम लोगों ने भी योगाभ्यास किया। योग गुरू मनीष पांडेय, श्रेया सिंह ने जवानों और अफसरों को प्राणायाम करने का तरीका बताया। योग गुरूओं ने कपालभाति, अनुलोम-विलोम भ्रामरी, ओम् व्यायाम आदि कराए। योगाभ्यास के बाद कमांडेंट ने प्राणायाम व्यायाम के फायदे बताया। उन्होंने लोगों से योग को दिनचर्या में शामिल करने की अपील भी की। कार्यक्रम में सहायक कमांडेंट अभिषेक कुमार सिंह, विनोद कुमार सिंह, हनुमान सिंह, सौरभ श्रीवास्तव टर्मिनल मैनेजर बाबतपुर एयरपोर्ट आदि ने भी भागीदारी की।

# आरोपी बद्दो पर पुलिस एनएसए लगाने की तैयारी में

**– बद्दो का मिला है पाकिस्तान से कनेक्शन, पकिस्तान से आई है मेल, 30 फोन नम्बर सेव मिले हैं**



**गाजियाबाद, (हि.स.)।** मुंबई से गिरफ्तार किए गए धर्म परिवर्तन मामले के मास्टरमाइंड शाहनवाज और मकसूद उर्फ बद्दो भले ही 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिए गए हों, लेकिन पुलिस इस मामले में बेहद गम्भीर है और सबूत जुटाने में लगी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि बद्दो के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) की कार्रवाई भी जा सकती है। उसके लिए सबूत एकत्र किए जा रहे हैं। जिस तरह से बद्दो के पाकिस्तान कनेक्शन प्रकाश में आये हैं वह बेहद गम्भीर मामला है। पुलिस उपायुक्त (सिटी) निपुण अग्रवाल का कहना है कि मुम्बई से ट्रांजिट रिमांड पर गाजियाबाद लाकर पूछताछ की गई थी। जिसमें से दो ई-मेल आईडी इसने गेमिंग के लिए खरीदी थी। एक लई-मेल आईडी पर पाकिस्तान से कुछ ई-मेल आना ज्ञात हुआ है। साथ ही इसके फोन में पाकिस्तान के लगभग 30 नम्बर सेव होना मिला है। उनका कहना है कि इस सम्बन्ध में जांच की जा रही है। इसके अलावा बद्दो के पास से बरामद सीपीयू व मोबाइल की फोरेंसिक जांच कराई जा रही है। अगर पर्याप्त साक्ष्य मिलते हैं तो इन पर एनएसए की कार्यवाही भी की जायेगी। उल्लेखनीय है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में 30 मई को एक नाबालिग बच्चे के बहला-फुसलाकर धर्मान्तरण कराने के बाद एक तहरीर प्राप्त हुई थी, जिसमें तत्काल अभियोग पंजीकृत कर लिया गया था। जिसमें मस्जिद के मौलवी अब्दुल रहमान की गिरफ्तारी सुनिश्चित कर ली गई थी एवं दूसरे नामजद अभियुक्त बद्दो उर्फ शहनवाज की गिरफ्तारी के लिए ठाणे टीमें रवाना की गई थी। ठाणे पुलिस की सहायता से अभियुक्त बद्दो उर्फ शहनवाज की गिरफ्तारी कर ली गई थी। जिसे ट्रांजिट रिमांड पर गाजियाबाद लाया गया था पूछताछ के बाद अदालत के समक्ष पेश किया गया था। जहां उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में कल ही न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया था।

# सभी सभी प्रखंडों में आयोजित होगा जन सम्मेलन

**रांची (ईएमएस)।** रांची जिला कांग्रेस कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक कांग्रेस भवन, रांची में हुई, जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो ने की। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री सुबोधकांत सहाय उपस्थित हुए। बैठक में मुख्य रूप से आगामी लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव को देखते हुए संगठन को धारदार बनाने हेतु सभी प्रखंडों में कांग्रेस जन-सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। प्रथम चरण में रांची लोकसभा क्षेत्र के 11 प्रखंडों में कांग्रेस जन-सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। वहीं द्वितीय चरण में लोहरदगा लोकसभा के 05 प्रखंडों में एवं तृतीय चरण में खूंटी लोकसभा के 02 प्रखंडों में सम्मेलन आयोजित किये जाएंगे।

**प्रथम चरण के कांग्रेस जन सम्मेलन की तिथि:–** 14 जून-सिल्ली, 19 जून-नगड़ी, 22 जून-ओरमांझी, 24 जून-अनंगड़ा, 26 जून- रातू , 27 जून- नामकुम, 29 जून- राहे , 30 जून- खलारी, 1जुलाई- सोनाहातू, 2 जुलाई- बुढ़मू, 3 जुलाई- कांके प्रखंड में जनसम्मेलन आहूत की जाएगी। प्रखंड कमिटियों को निर्देश दिया है कि दो दिनों के अंदर बैठक कर इस सम्मेलन की सफलता हेतु संचालन समिति का गठन करेगी और सम्मेलन में सभी मंच मोर्चा, एवं सहयोगी संगठनों के साथियों को भी आमंत्रित करेंगी।

बैठक में रांची जिला कांग्रेस कमिटी की अनुशासन समिति का गठन किया गया, जिसमें नागेन्द्र नाथ गोस्वामी को चेयरमैन एवं सदन साहू, अशोक मिश्रा, विनोद कुमार सिंह एवं अकलीमा खातून को सदस्य बनाया गया है। बैठक में मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि केन्द्र की वर्तमान मोदी सरकार 2014 से पूर्व किये वायदों को भूलाकर तानाशाह हो चुकी है, इसे उखाड़ फैकने के लिए पंचायत एवं बूथ स्तर तक संगठन को धारदार बनाने की जरूरत है। कांग्रेस जन सम्मेलन प्रखंड स्तर पर पार्टी को मजबूती प्रदान करेगी। रांची जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार महंगाई, बेरोजगारी एवं भ्रष्टाचार आदि ज्वलंत मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए षड़यंत्र करती है, इसलिए कार्यकताओं एवं जनता को जागरूक करना आवश्यक है। प्रखंड स्तर पर आहूत होने जा रहे जन-सम्मेलन आगामी लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव के लिहाज से महत्वपूर्ण है। इसके सफल आयोजन के लिए सभी प्रखंड एवं मंडल समितियों व्यापक जन-संपर्क करना होगा।

# झारखंड हाई कोर्ट के बाहर नौकरी के लिए एचईसी के विस्थापितों ने किया प्रदर्शन



**रांची, (हि.स.)।** झारखंड हाई कोर्ट के नए भवन के बाहर एचईसी के विस्थापितों ने अपनी मांगों को लेकर बुधवार को प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल थीं। महिलाओं ने कहा कि जिस जगह पर झारखंड हाई कोर्ट बना है वह उनके पूर्वजों की जमीन है, जहां पर खेती का काम होता था। आज उनके पास कोई रोजगार नहीं है। हाई कोर्ट के नए भवन में बाहर के लोगों को नौकरी दी जा रही है लेकिन यहां के स्थानीय लोगों को नौकरी नहीं मिल रही है। महिलाओं ने हाई कोर्ट के नए भवन में नौकरी की मांग की। साथ ही कहा कि उन्होंने एचईसी कारखाने के लिए जमीन दी थी लेकिन अब यहां हाई कोर्ट बन गया है। ऐसे में यहां के स्थानीय लोगों को हाई कोर्ट के नए भवन में किसी तरह की नौकरी मिलनी चाहिए। महिलाओं ने कहा कि उनके बच्चे पढ़े लिखे हैं। उन्हें उनकी जमीन के बदले हाई कोर्ट में किसी भी तरह का रोजगार दिया जाए। प्रदर्शन में शकुंतला देवी, मंजू तिर्की, सीता देवी, सुकून देवी, उर्मिला देवी, उषा देवी समेत अन्य महिलाएं शामिल थीं।

# छूटे मतदाताओं को जोड़ने के लिए लगेगा कैंप, हर घर पर लगेगा स्टीकर

**रांची (ईएमएस)।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि मतदाता सूची से छूटे हर नागरिक को सूची से जोड़ा जाएगा। इसके लिए वृहद कार्यक्रम बनाया गया है। चुनाव आयोग का उद्देश्य है कि हर नागरिक प्रजातंत्र के उत्सव चुनाव में अपनी सक्रिय भूमिका निभाए। वे मंगलवार को चुनाव आयोग कार्यालय में पत्रकार वार्ता कर रहे थे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि चुनाव आयोग मतदाताओं को सूची से जोड़ने की कवायद तो कर ही रहा है, आम नागरिक भी वोटर सर्विस पोर्टल पर जाकर जरूरी डॉक्यूमेंट अपलोड कर खुद को मतदाता के रूप में सूचीबद्ध कर सकते हैं। चुनाव आयोग स्पीड पोस्ट के माध्यम से उनका वोटर आईडी कार्ड उनके पते पर भेज देगा। वही पोर्टल पर जाकर वोटर आईडी में नाम सुधार, फोटो सुधार, पता सुधार आदि भी सहज तरीके से किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सभी नागरिकों को मतदाता सूची से जोड़ने के लिए जहां विशेष कैंप का आयोजन होगा, वहीं हर घर का सर्वे कर मतदाताओं को सूची से जोड़ा जाएगा और त्रुटियों का सुधार भी होगा। यह कार्य 21 जुलाई से 21 अगस्त तक चलेगा। इसमें 17 अक्टूबर से 30 नवम्बर 2023 तक यदि कोई दावा या आपत्ति हो तो उसे दर्ज कराया जा सकेगा।जिस-जिस घर का सर्वे होगा, उसकी पहचान के लिए घर के बाहर इस आशय का एक स्टीकर भी चिपकाया जाएगा। साथ ही सर्वे करने वाले इससे जुड़ा ब्योरा एक रजिस्टर में भी दर्ज करेंगे। उन्होंने कहा कि आयोग का महिला, दिव्यांग, बुजुर्ग, थर्ड जेंडर, सेक्स वर्कर और आदिम जनजाति को मतदाता सूची से जोड़ने पर विशेष फोकस रहेगा। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची से जोड़ने की पूरी प्रक्रिया डिजिटल होने से अब त्रुटि की गुंजाइश हद तक खत्म हो गई है। यही कारण है कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने के 28 दिन के भीतर स्पीड पोस्ट से वोटर कार्ड मतदाता के पते पर पहुंच जाता है। ग्रामीण क्षेत्र के मुकाबले शहरी क्षेत्रों में मतदाता सूची से लोगों को जोड़ने में थोड़ी परेशानी आती है। इसका कारण शहर का विस्तार और नई जगहों पर मकान, अपार्टमेंट आदि का लगातार निर्माण है। उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए बताया कि झारखंड में महिला-पुरुष मतदाता अनुपात लगातार सुधर रहा है। एक हजार पुरुष मतदाता के अनुपात में पहले 909 महिलाएं थीं, जो अब 946 हो गया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि 5 जनवरी 2024 को अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन के पहले पूर्व पुनरीक्षण गतिविधि के अलावा अन्य जरूरी कार्यों का निपटारा कर लिया जाएगा।

# बांग्लादेशी घुसपैठ-रोहिंग्या मुसलमान सीमांचल सहित देश के लिए एक बड़ी समस्या : कैलाश चौधरी




**किशनगंज, (हि.स.)।** केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री कैलाश चौधरी ने बिहार में बांग्लादेशी घुसपैठ की समस्या को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर बुधवार को यहां जमकर हमला किया। उन्होंने कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठ और रोहिंग्या मुसलमान सीमांचल सहित देश के लिए एक बड़ी समस्या है। केंद्रीय मंत्री कैलाश चौधरी ने विपक्ष पर आरोप लगाया कि वो वोट बैंक के खातिर बांग्लादेशी घुसपैठियों को शरण देते हैं और फर्जी दस्तावेज तैयार करने में उनकी मदद भी करते है। घुसपैठियों का समाधान के लिए बंगाल और बिहार के सीमावर्ती इलाकों में राष्ट्रवादी विचारधारा की सरकार बनानी होगी। केंद्रीय मंत्री चौधरी ने कहा कि सीमांचल में बांग्लादेशी घुसपैठियों का समाधान करना भाजपा की पहली प्राथमिकता में शामिल है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने पिछले 9 सालों में सभी वर्गों के लोगों को ध्यान में रखते हुए योजनाएं बनाईं गई। मोदी की योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव के सबको मिल रहा है। संतोष सुमन के इस्तीफे पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अभी टेलर चल रहा है, फिल्म अभी बाकी है। नीतीश कुमार के विपक्षी एकता पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार विपक्षी एकता को जोड़ने की बात कर रहे है, जबकि इस सरकार के अंदर भ्रष्टाचार इतना कि ईमानदार छवि वाले बाहर निकल रहे हैं।

उन्होंने कहा कि आने वाले समय में इनके और टुकड़े होंगें। मौके पर भाजपा एमएलसी डॉ दिलीप कुमार जायसवाल ने कहा कि सीमांचल के लोगों के लिए बड़ी खुशखबरी है। अब केंद्र सरकार की पहल पर पूर्णिया मेडिकल कॉलेज में अगले महीने से मेडिकल की पढ़ाई आरंभ हो जाएगी। जिसका फायदा इस क्षेत्र के मेडिकल के पढ़ाई करनेवाले छात्रों को होगा। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी का सपना है कि प्रत्येक जिले में मेडिकल कॉलेज खुलना चाहिए। उन्होंने कहा कि तत्कालीन कांग्रेस की सरकार ने संसद में नया कानून बना दिया था कि सरकार कोई भी नया मेडिकल कॉलेज नहीं खोलेगी। बाद में अटल बिहारी की सरकार ने एम्स और नया मेडिकल कॉलेज खोलना शुरू किया। दिलीप कुमार जायसवाल ने कहा कि 7 वर्ष पूर्व केंद्र की मोदी सरकार ने पूर्णिया, मुंगेर और आरा सहित अन्य जिलों में नया मेडिकल कॉलेज खोलने के लिए बिहार सरकार को पैसा भेजा था। उन्होंने नीतीश कुमार पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि इस सरकार में इतनी बड़ी लापरवाही है, जहां पिछले 7 वर्ष में एक तरफ अन्य राज्यों के सभी सरकारी मेडिकल कॉलेज बनकर पिछले 3 वर्षों से चल रहा है। वहीं बिहार में अब तक कॉलेज खोलने के बजाय उसके भवनों का निर्माण कार्य ही चल रहा है।

# समस्तीपुर में गरीब रथ एक्सप्रेस ट्रेन में लगी आग, कोई हताहत नहीं



**पटना, (हि.स.)।** बिहार के समस्तीपुर जिले के दलसिंह-सराय और नाजिर गंज स्टेशन के बीच गरीब रथ एक्सप्रेस ट्रेन में बुधवार दोपहर आग लग गई। जिसके बाद ट्रेन में अफरा-तफरी का माहौल कायम हो गया। सभी यात्री इधर-उधर भागने लगे। दिल्ली के आनंद विहार से जयनगर जा रही गाड़ी संख्या 12036 गरीब रथ एक्सप्रेस ट्रेन के बोगी संख्या जी-3 में अचानक आग लग गयी। जिसके बाद लोगों में हड़कंप मच गया। हालांकि, ड्राइवर ने अपनी सूझ - बुझ का परिचय देते हुए ट्रेन की स्पीड कम करते हुए ब्रेक लगाया। जिसके बाद इस ट्रेन में यात्रा कर रहे यात्री डर से इधर-उधर भागने लगे। स्थानीय लोगों ने घटना को लेकर सक्रियता दिखायी और पानी की बौछार कर आग पर काबू पाया। हादसे की सूचना मिलते ही दलसिंह-सराय स्टेशन से रेलवे कर्मी भी मौके पर पहुंचे और जल रही बोगी को काटकर ट्रेन से अलग किया गया। घटना की सूचना पर समस्तीपुर डीआरएम आलोक अग्रवाल भी पूरे दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और घटना का जायजा लिया। फिलहाल घटना के कारण का पता अभी तक नहीं चल पाया है।

# हम दुकान नहीं पार्टी चलाते है जो जनता की सेवा करती है: जीतन राम मांझी



**पटना, (हि.स.)।** बिहार में नीतीश मंत्रिमंडल से संतोष मांझी के इस्तीफे के बाद सियासी पारा पूरे सबाब पर है। जदयू अध्यक्ष के छोटी दुकान वाले बयान पर हम सुप्रीमो जीतन राम मांझी ने कहा कि हम दुकान नहीं पार्टी चलाते हैं जो जनता की सेवा करती है। उन्होंने कहा कि नाक से ऊपर चढ़ गया था पानी इसलिए संतोष ने कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया। जीतन राम मांझी ने ललन सिंह पर बुधवार को तंज कसते हुए कहा कि दुकान का मतलब होता है - जहां खरीद-फरोख्त होती है। वे लोग खरीद-फरोख्त में माहिर हैं और विश्वास करते हैं। हमने सियासी जीवन में कभी भी ऐसे हथकंडे नहीं अपनाए हैं। मांझी ने कहा कि मेरी पार्टी कोई दुकान नहीं है बल्कि जनता की सेवा करने के लिए एक मंच है। हम पार्टी सुप्रीमो मांझी ने कहा कि हमने अपने मुख्यमंत्रित्वकाल में जो भी 34 बड़े फैसले लिए, उसको लागू कराने के लिए ही पार्टी का निर्माण किया और लगातार नीतीश कुमार का समर्थन किए लेकिन अब पानी नाक से ऊपर चढ़ गया था, जो बर्दाश्त के बाहर था।नीतीश कुमार ने कुछ आधे-अधूरे फैसले लिए थे, जिससे जनता में नाराजगी थी। जनता लगातार हमारे कार्यकताओं और नेताओं से सवाल कर रही थी लिहाजा 'हम' पार्टी को नीतीश सरकार से अलग होना पड़ा। जीतन राम ने कहा कि जदयू में मर्ज करने का भी प्रस्ताव आया था, जो हमें मंजूर नहीं था इसलिए संतोष सुमन ने इस्तीफा दिया है। फिलहाल अब 18 जून को पार्टी की कार्यसमिति की बैठक होगी, जिसमें आगे की रणनीति तय की जाएगी।मैं नीतीश कुमार का पूरा सम्मान करता हूं लेकिन एक ही सवाल पूछता हूं कि जब जीतन राम मांझी 9 महीने मुख्यमंत्री रहा तो कौन ऐसा गलत काम किए कि उन्होंने गैर-संवैधानिक काम करवा कर मुझे बाध्य किया और फिर मैं मुख्यमंत्री नहीं रहा।

## संपादकीय

# सदन जब खुद चला

**सियासत** की चिलचिलाती धूप के बीच हिमाचल विधानसभा ने बच्चों के कोमल हृदय की धडक़न को सुना। लोकतंत्र की शक्ति में बच्चों के मन में भले ही कोंपलें कुछ क्षणों के लिए फूटीं, लेकिन बहस के विषय और समय के संबोधन तो विशुद्ध रूप से राष्ट्रीय रहे। अमूमन इसी सदन में पक्ष और प्रतिपक्ष के बीच सियासी मुकाबले का जब अखाड़ा खड़ा हो जाता है, तो विमर्श का छींका कहीं दीवारों पर लटका रह जाता है। सामूहिक चेतना में समाज भी अपनी प्राथमिकताओं के संदर्भ बदल कर निजी स्वार्थों की तालिका बना लेता है, तो तब सफलता-असफलता के बीच राज्य का नुक्सान दिखाई नहीं देता। इसलिए जब मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू कहते हैं कि बच्चे सदन को सिखा गए, तो इसका एक ऐसा पक्ष है जिसके साथ क्या सत्ता और क्या विपक्ष, दोनों को बराबर से खड़ा होना होगा। संविधान की दृष्टि से जीवन को आजमाना और राष्ट्र को आगे बढ़ाना, एक ऐसा फलक है जहां सियासी संकीर्णता का कोई आवेदन स्वीकार नहीं होता, लेकिन बच्चों के कथ्य से कहीं अलग तथ्यों पर सदन की भृकुटि इसलिए तनी रहती है, क्योंकि राजनीति केवल चुनाव में ही खेलती रहती है। बच्चों के माध्यम से सत्ता और विपक्ष के ताने-बाने में हुआ हिमाचली विमर्श भले ही स्कूलों से आया परामर्श लगा होगा, लेकिन विषयों की फेहरिस्त में कल की पीढ़ी को आवश्यक समाधान तो मिले। ये गैर राजनीतिक नजरिया है जो सियासत में भी सियासत से ऊपर उठकर देखने की जरूरत बन जाता है। सदन में ऐसे विषय उठे जिन पर अमूमन गौर नहीं होता। मसलन किसी ने स्कूलों में दस मिनट के लिए योगाभ्यास शुरू करने पर जोर दिया, तो सरकार के लिए यह एक प्रस्ताव हो गया। बच्चों ने सांस्कृतिक पृष्ठभूमि से मंदिरों के सवाल, पहाड़ी भाषा का प्रसार और खेलों का उद्धार ही नहीं किया, बल्कि नाटी के श्रृंगार तक सदन चला। बाल सदन की कई उपलब्धियां स्कूली गतिविधियों, शिक्षा के अभिप्राय, ज्ञान के कौशल, अध्ययन व तर्क की परिभाषा को सुदृढ़ कर गईं, तो सामाजिक चेतना के आकाश को घर के चिराग दीया दिखा गए। इन बच्चों को स्कूली माहौल में नागरिक बनाने की एक सीढ़ी यह भी है कि संविधान सियासी खूंटे से उतर कर खुद चलना सीखे। शिमला विधानसभा में संविधान के सारथी बने बच्चों ने राज्य और राज्य के समाज का प्रतिनिधित्व करते हुए यह भी साबित कर दिया कि होश व विवेक से चलेंगे, तो मीलों के फासले चंद कदमों में बदल जाएंगे। लंबे व उबाऊ सदन की कार्यवाहियों के निष्कर्ष अगर लंबित रहेंगे, तो इस फांस से मुक्ति के लिए बाल मन की ज्योतियां चाहिएं। जहां सदन से बहिर्गमन के बहाने ढूंढे जाते रहे हों, वहां सोमवार को विधानसभा बहानों और बहिष्कार से मुक्त कम से कम यह रेखांकित कर गई कि आदर्श सत्ता और विपक्ष के बीच केवल टकराव नहीं, प्रदेश के व्यापक हित में सामंजस्य भी चाहिए। पूछने की वजह और जवाब देने की अदा के बीच राज्य का भविष्य तय होगा। कम से कम बच्चों के मार्फत सदन ने खुद को चुन लिया। यह आसान भी है क्योंकि विधायक बने ये बच्चे सामाजिक व स्कूली आदर्श से चुने गए थे। क्या आम चुनावों में हम प्रतिष्ठित, विचारक और ईमानदार व्यक्तियों को चुन पाते हैं। समाज भी बेरहम है, इसलिए राजनीति में सफल होना ईमानदार होना नहीं है। जो समाज के आदर्शों में पीछे हैं, वही संविधान के अर्थों में कामयाब जनप्रतिनिधि हैं। हम बच्चों को आदर्श विचारों से ओतप्रोत नाटकीय बहस तो करा सकते हैं, लेकिन बनावटी बहस के कलाकार तो राजनीति में बैठे हैं। राष्ट्र के मंच पर कई नौटंकियां जारी हैं। राष्ट्र गलियों में गुत्थम-गुत्था है, लेकिन देश के तराने कुछ और ही सुनाते हैं। सोमवार को विधानसभा भी खुद की पवित्रता से धन्य हो गई और यह बच्चे भी काफी हद तक कहने में सफल हो गए। स्कूल के पाठ्यक्रम ने सदन की गरिमा बढ़ा दी, लेकिन जो कुछ संसदीय भाषा या सरोकारों के नाम पर देश भर में हो रहा है, उससे राजनीति का पाठ्यक्रम अति विद्रूप नजर आने लगा है। बच्चों ने ऐसी कुछ मांग नहीं की जिससे राष्ट्र अपने स्वाभिमान को भूल जाए, लेकिन दूसरी तरफ वास्तविक लोकतंत्र के बीच अब सरकार बनाने का कौशल हमारी अर्थव्यवस्था पर भारी पड़ रहा है। बच्चों ने रेवडियां न तो बांटी और न ही लोकतंत्र के लिए लाभ की गारंटियां मांगी, बल्कि एक बिंदु यह भी रहा कि आत्मनिर्भर समाज के लिए आत्मनिर्भर राज्य और देश होना चाहिए। उम्मीद है बच्चे जो कुछ सदन में सुना गए, उसकी अनुगूंज में आगे वास्तविक विधानसभा सत्र चलते रहेंगे।

> सामूहिक चेतना में समाज भी अपनी प्राथमिकताओं के संदर्भ बदल कर निजी स्वार्थों की तालिका बना लेता है, तो तब सफलता-असफलता के बीच राज्य का नुक्सान दिखाई नहीं देता। इसलिए जब मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू कहते हैं कि बच्चे सदन को सिखा गए, तो इसका एक ऐसा पक्ष है जिसके साथ क्या सत्ता और क्या विपक्ष, दोनों को बराबर से खड़ा होना होगा। संविधान की दृष्टि से जीवन को आजमाना और राष्ट्र को आगे बढ़ाना, एक ऐसा फलक है जहां सियासी संकीर्णता का कोई आवेदन स्वीकार नहीं होता, लेकिन बच्चों के कथ्य से कहीं अलग तथ्यों पर सदन की भृकुटि इसलिए तनी रहती है, क्योंकि राजनीति केवल चुनाव में ही खेलती रहती है। बच्चों के माध्यम से सत्ता और विपक्ष के ताने-बाने में हुआ हिमाचली विमर्श भले ही स्कूलों से आया परामर्श लगा होगा, लेकिन विषयों की फेहरिस्त में कल की पीढ़ी को आवश्यक समाधान तो मिले।

## कुछ अलग

# एमएसपी नहीं, तो आंदोलन

**एक** बार फिर हजारों किसान सडक़ पर हैं। आंदोलित हैं। पुलिस की लाठियों से भी भयभीत नहीं हैं। सरकार से संवाद जरूर करते रहना चाहते हैं। उन्होंने दिल्ली-चंडीगढ़ और उससे भी आगे वाला राजमार्ग-44 को जाम कर दिया था। यह कश्मीर से कन्याकुमारी तक सबसे बड़ा और लंबा राजमार्ग है। खासकर हरियाणा के किसानों ने कुरुक्षेत्र में महापंचायत की और सरकार को चेतावनी दी कि किसानों का आंदोलन देशव्यापी भी हो सकता है। आंदोलन में पंजाब और उप्र के किसानों का कूदना भी संभव है, क्योंकि वे दिल्ली वाले आंदोलन में साथ-साथ रहे थे। भारत सरकार ने 26-सदस्यीय समिति का गठन किया था, जिसका एजेंडा न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) समेत कृषि और किसानों के अन्य समस्यापरक मुद्दों पर विमर्श करने का था। यह समिति जल्द ही अपनी सिफारिशों की रपट सरकार को सौंपेगी, ऐसा समिति के ही एक हरियाणवी सदस्य ने खुलासा किया है। बेशक भारत सरकार ने खरीफ की कुछ फसलों का एमएसपी बढ़ाया है। यह हर साल की नियमित प्रशासनिक कवायद है। आम चुनाव 2024 सिर्फ 9-10 माह ही दूर हैं। धान का एमएसपी 143 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ाया गया है, जबकि 2018-19 में, आम चुनाव के पहले ही, यह एमएसपी 200 रुपए बढ़ाया गया था। एमएसपी में बढ़ोतरी का एक आयाम राजनीतिक और चुनावी भी है। हालांकि इस बार कुछ आर्थिक मजबूरियों की बात कही जा रही है। वैसे गेहूं और चावल के भंडारण बीते 6 सालों में सबसे कम हैं। जून-जुलाई से खरीफ फसलों का जो कृषि-वर्ष शुरू हो रहा है, उसके आसार बेहतर नहीं हैं। इस साल से पहले लगातार चार अच्छे मॉनसून की बदौलत बंपर फसलें हुई थीं। कोरोना-काल में भी कृषि की बढ़ोतरी दर 3.5 फीसदी से अधिक रही है। अब तो यह करीब 5 फीसदी बताई जा रही है। हालांकि अनाज, चीनी और दालों के भंडारण पर्याप्त हैं। इसी साल फरवरी-मार्च में दूध की उपलब्धता काफी कम होने के बाद अब दुग्ध-उत्पादन में अच्छा सुधार हुआ है। सोयाबीन, सूरजमुखी और ताड़ के खाद्य तेलों का आयात परंपरागत तौर पर जारी है। हालांकि खाद्य तेल की वैश्विक कीमतों में भारी गिरावट हुई है, लेकिन उसका फायदा आम आदमी को नहीं है, यह हमारी विडंबना और नियति है। कुरुक्षेत्र महापंचायत का हालिया मुद्दा सूरजमुखी की फसल का एमएसपी है। भारत सरकार ने एमएसपी 6400 रुपए क्विंटल घोषित किया था, लेकिन 4000-4800 रुपए पर खरीद की जा रही है। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने भावांतर का मुआवजा 1000 रुपए क्विंटल तय किया है। सवाल है कि जब एमएसपी पर ही खरीद नहीं की जा रही है, तो एमएसपी घोषित करने का लाभ ही क्या है? जब सूरजमुखी की फसल उचित दाम पर बिकनी ही नहीं है, तो भावांतर के मायने क्या हैं? किसानों को मूर्ख बनाया जाता रहा है बीते पांच दशकों से। जब सरकार को ही पूरी फसल एमएसपी पर खरीदनी नहीं है, तो एमएसपी का ढोंग और नाटक बंद कर देना चाहिए। एमएसपी पर पिछली सरकारों ने क्या किया है, वह आज प्रासंगिक नहीं है। मुख्यमंत्री के तौर पर एमएसपी की जबरदस्त पैरवी करने वाले प्रधानमंत्री मोदी अपने 9 साला कार्यकाल के दौरान एमएसपी को कानूनन गारंटी के दायरे में क्यों नहीं ला पाए? यह कोई सियासी सवाल नहीं है।

## देश में महंगाई की दर कुछ घटी है, लेकिन कई जरूरी चीजों के दाम बढ़े भी हैं

# क्या लक्ष्य की ओर है अर्थव्यवस्था ?

डा. वरिंद्र भाटिया

> भारत ने पिछली तिमाही में 4.4 प्रतिशत की तुलना में 6.1 प्रतिशत की जीडीपी बढ़त दर्ज की है। चौथी तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर ने अनुमानों को पीछे छोड़ दिया है। आरबीआई ने पहली तिमाही के दौरान 5.1 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया था। वहीं पूरे वित्त वर्ष 2022-23 के लिए जीडीपी की बढ़त 7.2 प्रतिशत रही है। जीडीपी की यह बढ़त आरबीआई के 7 प्रतिशत के अनुमान से भी अधिक है। जीडीपी यानी सकल घरेलू उत्पाद, किसी एक वर्ष में देश में पैदा होने वाले सभी सामानों और सेवाओं की कुल वैल्यू के बराबर होता है। जीडीपी आर्थिक गतिविधियों के स्तर को दिखाता है और इससे यह पता चलता है कि किन क्षेत्रों की वजह से इसमें तेजी या गिरावट आई है।

**हाल** ही में राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने भारत के सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी के आंकड़े जारी किए हैं। कहा जा रहा है कि यह अनुमान से काफी बेहतर रहे हैं। भारत ने पिछली तिमाही में 4.4 प्रतिशत की तुलना में 6.1 प्रतिशत की जीडीपी बढ़त दर्ज की है। चौथी तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर ने अनुमानों को पीछे छोड़ दिया है। आरबीआई ने पहली तिमाही के दौरान 5.1 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया था। वहीं पूरे वित्त वर्ष 2022-23 के लिए जीडीपी की बढ़त 7.2 प्रतिशत रही है। जीडीपी की यह बढ़त आरबीआई के 7 प्रतिशत के अनुमान से भी अधिक है। जीडीपी यानी सकल घरेलू उत्पाद, किसी एक वर्ष में देश में पैदा होने वाले सभी सामानों और सेवाओं की कुल वैल्यू के बराबर होता है। जीडीपी आर्थिक गतिविधियों के स्तर को दिखाता है और इससे यह पता चलता है कि किन क्षेत्रों की वजह से इसमें तेजी या गिरावट आई है। जीडीपी के आंकड़े अगर कम या सुस्त हैं तो पता चलता है कि देश की इकोनॉमी सुस्त पड़ रही है। भारत एक विकासशील देश होने के कारण हर साल अधिक जीडीपी विकास दर हासिल करे, यह जरूरी है, क्योंकि हमारी आबादी दुनिया में सबसे अधिक है और इनकी जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त उत्पादन भी बहुत जरूरी है। जीडीपी में कृषि सेक्टर का योगदान इस बार बढ़ा है और इस क्षेत्र में तेज बढ़त दर्ज हुई है। पिछली तिमाही में कृषि क्षेत्र की विकास दर 4.7 प्रतिशत थी जो अब बढक़र 5.5 प्रतिशत हो गई है। भारत में कृषि क्षेत्र का जीडीपी में योगदान 20 फीसदी के करीब है और लगभग 40 फीसदी जनसंख्या इससे जुड़ी हुई है। सरकार ने 8 मुख्य क्षेत्रों के विकास का डाटा भी जारी कर दिया है। कोर सेक्टर अप्रैल 2023 में 3.5 फीसदी की दर से बढ़ा है, जो पिछले माह के 3.6 प्रतिशत की तुलना में थोड़ा कम है। आठ कोर सेक्टर्स में कृषि क्षेत्र 5.5 प्रतिशत, माइनिंग सेक्टर 4.3 फीसदी, निर्माण क्षेत्र 10.4 प्रतिशत, बिजली 6.9 फीसदी, तो मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर 4.5 फीसदी और वित्तीय क्षेत्र 7.1 प्रतिशत की दर से बढ़ा है। वहीं व्यापार और होटल 9.1 प्रतिशत की दर से बढ़ा है। लगातार दो तिमाहियों में गिरावट के बाद इस बार तिमाही को जीडीपी विकास दर में वृद्धि हुई है। यह एक सुखद अनुभव है। मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में नए सिरे से उछाल के संकेत हैं, जबकि बेहतर दक्षता को अपनाने से सेवा क्षेत्र के प्रदर्शन में भी सुधार हुआ है। भारत में घरेलू खपत और निवेश को कृषि और उससे संबंधित गतिविधियों की मजबूत संभावनाओं और उपभोक्ता आत्मविश्वास में मजबूती



का लाभ मिल रहा है। वहीं वर्ष 2022-23 में रियल जीडीपी (2011-12 की कीमतों पर) 160.06 लाख करोड़ रुपए रही है। सांख्यिकी मंत्रालय ने कहा है कि 2022-23 के दौरान वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि 2021-22 में 9.1 प्रतिशत की तुलना में इस बार 7.2 प्रतिशत रही है। जीएसटी संग्रह, बिजली खपत जैसे आंकड़े अप्रैल में आर्थिक गतिविधियां बने रहने के संकेत दे रहे हैं। हालांकि निर्यात और आयात कम हुआ है। इससे कुछ जोखिम उत्पन्न हुआ है। मानसून और वैश्विक स्तर पर राजनीतिक जोखिम को छोडक़र देश की आर्थिक वृद्धि दर 2023-24 में 6.5 फीसदी के अनुमान से ऊपर रह सकती है। फिलहाल भारत आर्थिक, वित्तीय और राजकोषीय स्थिरता के साथ सतत आर्थिक वृद्धि की कहानी पेश करने में सक्षम है। इस समय विनिर्माण क्षेत्र में तेजी स्थिति को और सुखद बना रही है, हालांकि उद्योगों की वृद्धि की रफ्तार अप्रैल 2023 में सुस्त पडक़र छह महीने के निचले स्तर 3.5 फीसदी रह गई। मुख्य रूप से कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद और बिजली के उत्पादन में कमी से बुनियादी उद्योग की वृद्धि की रफ्तार धीमी हुई है। वहीं कोयला, उर्वरक और बिजली क्षेत्रों के बेहतर प्रदर्शन से पूरे वित्त वर्ष 2022-23 में बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर 7.7 फीसदी रही। वैसे वित्त वर्ष 2022-23 में राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद का 6.4 फीसदी रहा, जो लक्ष्य के अनुरूप है। कर और गैर-कर राजस्व संग्रह बेहतर रहने से राजकोषीय घाटे को थामने में मदद मिली। इसके साथ कुछ आर्थिक चुनौतियां भी हैं। इनमें सबसे बड़ी चिंता निर्यात की है। हालांकि हमारा आयात भी घटा है, लेकिन निर्यात उस स्तर पर नहीं आया है जिसे देखकर उत्साहित हुआ जा सके। रूस-यूक्रेन युद्ध तथा जर्मनी जैसे कुछ देशों में मंदी का आना भी एक कारण है। हमारे निर्यात का सबसे बड़ा हिस्सा अमेरिका को जाता है, लेकिन वहां की आर्थिक स्थिति चरमराई हुई है और मंदी की आहट सुनाई देती रहती है। इसके अलावा एक बड़ी समस्या जो हमारी अर्थव्यवस्था को खाए जा रही है, वह है बेरोजगारी। देश में रोजगार उस हिसाब से नहीं बढ़ रहे हैं जिसकी जरूरत है। आंकड़े हैरान करने वाले हैं और बेरोजगारी की दर जो जनवरी में 7.14 फीसदी थी, वह अप्रैल में 8.11 फीसदी तक जा पहुंची है, यानी विकास के बावजूद नौकरियां नहीं मिल पा रही हैं। यह संख्या बहुत बड़ी है। सिर्फ इतना ही नहीं, करोड़ों लोग अब रोजगार की तलाश से बाहर हो चुके हैं क्योंकि उन्हें रोजगार मिलने की कोई संभावना नहीं दिखती। बेरोजगारी के आंकड़े जीडीपी में अच्छी प्रगति के बावजूद अगर बढ़ रहे हैं तो आने वाले समय के लिए यह और चिंता का विषय है। एक बड़ी बात यह है कि ग्रामीण क्षेत्रों तथा कम इनकम ग्रुप के लोगों की मांग में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है। यह वर्ग बहुत बड़ा है। यहां देखने लायक बात है कि भारतीय अर्थव्यवस्था खपत पर आधारित है और जितनी खपत बढ़ेगी उतना ही ग्रोथ होगा, और इस बार ऐसा ही हुआ। खपत बढऩे से ही कारखानों के पहिए तेजी से दौडऩे लगे हैं। लेकिन अभी जो आंकड़े आ रहे हैं वे बता रहे हैं कि कम इनकम ग्रुप वाले लोग कम खरीददारी कर रहे हैं। इसका उदाहरण है यह है कि कम कीमत वाली कारों और बाइकों की बिक्री में अभी भी तेजी नहीं आई है, जबकि महंगी कारों तथा महंगी बाइकों की बिक्री तेजी से बढ़ी है। अगर हम कोरोना आने के पहले यानी 2018-19 के आंकड़े देखें तो पाएंगे कि अभी तक इनकी बिक्री उस स्तर पर नहीं पहुंची। उदाहरण के लिए इंट्री लेवल स्कूटरों की बिक्री अभी 2018-19 की तुलना में 28 फीसदी कम है। इसी तरह मोटर साइकिलों की बिक्री में 38 फीसदी गिरावट आई है। इस तरह की गिरावट सस्ती कारों की बिक्री में भी आई है। यह सांकेतिक है कि कम आय वर्ग के लोगों की क्रय शक्ति घटी है। हालांकि देश में महंगाई की दर कुछ घटी है, लेकिन कई जरूरी चीजों के दाम बढ़े भी हैं। उनके कारण भी कम इनकम ग्रुप के लोगों की क्रय शक्ति घटी है। स्कूलों में फीस का बढऩा आम बात है। इसका भी असर मिडल क्लास और लोअर मिडल क्लास की क्रय शक्ति पर पड़ रहा है। इस समय जब पूरी दुनिया मंदी के खतरे से जूझ रही है, तो भारत में जीडीपी की वृद्धि दर दिखाती है कि हम सही लक्ष्य की ओर जा रहे हैं। फिर भी देश को एक मजबूत विश्व आर्थिक शक्ति बनने के लिए संभावित आर्थिक चुनौतियों का समाधान तलाशना और तराशना होगा।

# मानवीय आक्रोश की पराकाष्ठा

> x जीवन में संतुलित होना अति आवश्यक है। यह संतुलन हर्ष, शोक, भय, सुख-दु:ख में हर समय, स्थान तथा स्थिति में आवश्यक है। यही सन्तुलन जब बिगड़ता है तो शिक्षित तथा समझदार व्यक्ति भी अनिष्ट कर बैठता है। इसका ताजा उदाहरण जिला बिलासपुर में घुमारवीं उपमंडल के भराड़ी थाना के गांव सौग में देखने को मिला, जहां एक पचपन वर्षीय व्यक्ति ने घरेलू कलह तथा जमीन से पैदा हुए छोटे से विवाद में अपनी सगी बड़ी भाभी की तेजधार दराट से हत्या कर दी। यह भी ध्यान देने वाली बात है कि आरोपित हत्यारा जिला सोलन में सरकारी वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला तरवाड़ का प्रधानाचार्य है तथा उसे कुछ ही समय पूर्व कामर्स के प्रवक्ता पद से प्रधानाचार्य के रूप में पदोन्नति मिली थी। आरोपी की पत्नी जेबीटी है तथा तीनों बच्चे एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि एक शिक्षित परिवार का एक शिक्षक मुखिया ऐसी निन्दनीय घटना को कैसे अंजाम दे सकता है।

**ईश्वर** ने मनुष्य को सत्य, प्रेम, अहिंसा, परोपकार एवं सहिष्णुता जैसे जीवन के शाश्वत मूल्य प्रदान किए हैं। इन जीवन मूल्यों की साधना से कोई भी मनुष्य अपने जीवन के व्यवहार, आचरण तथा विचार को सभ्य और शिष्ट बना सकता है, परन्तु यह कार्य इतना सरल नहीं है। इस विचार, व्यवहार तथा दर्शन को अपने जीवन में लाने के लिए कड़ी साधना करनी पड़ती है। इसके लिए ज्ञान, ध्यान, दान, दया, धर्म, शान्ति, धैर्य एवं संतोष रखना पड़ता है। व्यावहारिक रूप से जहां यह कार्य असम्भव नहीं है, वहां पर बहुत आसान भी नहीं है, लेकिन इसके लिए धीर-गम्भीर, शान्त, सब्र तथा सन्तोष रखना पड़ता है। जहां ये उपरोक्त जीवन मूल्य हमारे जीवन का मार्गदर्शन करते हैं वहीं पर काम, क्रोध, लोभ, मोह और अहंकार जैसे विकार हमारे जीवन को घेरे रहते हैं। यहां पर काम का मतलब कामना या इच्छा से है। मनुष्य का मन बहुत ही चंचल और तीव्रगामी है, इस पर नियंत्रण करना बहुत ही क्लिष्ट है। मनुष्य के मन में निरंतर अनेकों प्रकार के अच्छे एवं बुरे विचार आते रहते हैं। अनेकों प्रकार की कामनाएं एवं इच्छाएं जन्म लेती हैं तथा मनुष्य उनको पूरा करने के लिए किसी भी कीमत पर कर्म करता है। यही कामनाएं जब पूरी नहीं होती तो क्रोध बढ़ता है और कामनाएं पूरा होने पर लोभ बढ़ता है, अत्यधिक लोभ से मोह बढ़ता है। अधिक से अधिक इच्छाएं तथा मनोकामनाएं पूर्ण होने पर मनुष्य में अहंकार बढ़ जाता है। यही अहंकार मनुष्य की बुद्धि पर पर्दा डाल देता है। उसकी सोचने-



समझने, तर्क-वितर्क तथा विचार तथा विश्लेषण करने वाली बुद्धि ज्ञानेंद्रियां क्षीण पडऩे लगती हैं और वह धन, दौलत, प्रभाव, शक्ति तथा सत्ता के नशे में चूर हो जाता है, परिणामस्वरूप चोरी, डकैती, लूट-खसूट, अनाचार, बलात्कार, हत्याएं होती हैं। अनिष्ट एवं अमंगल होता है। पारिवारिक, सामाजिक तथा मानवीय सन्तुलन बिगड़ता है। डर, भय, असंतोष, आक्रोश तथा नकारात्मकता का वातावरण बनता है। सामाजिक सौहार्द, समरसता एवं सन्तुलन बिगड़ता है। मानवीय असंतोष, असन्तुलन, असंवेदनशीलता तथा असहिष्णुता पैदा होती है। व्यक्ति में घृणा तथा नफरत जैसी दुर्भावनाएं जन्म लेती हैं। परिणामतः मानवीय भावनाएं एवं संवेदनाएं सिसकती, चीखती, चिल्लाती एवं कराहती हैं। वर्तमान में आवश्यकता है मानवीय परवरिश में एक अच्छी शिक्षा एवं संस्कारों की। जीवन में संतुलित होना अति आवश्यक है। यह संतुलन हर्ष, शोक, भय, सुख-दुःख में हर समय, स्थान तथा स्थिति में आवश्यक है। यही सन्तुलन जब बिगड़ता है तो शिक्षित तथा समझदार व्यक्ति भी अनिष्ट कर बैठता है। इसका ताजा उदाहरण जिला बिलासपुर में घुमारवीं उपमंडल के भराड़ी थाना के गांव सौग में देखने को मिला, जहां एक पचपन वर्षीय व्यक्ति ने घरेलू कलह तथा जमीन से पैदा हुए छोटे से विवाद में अपनी सगी बड़ी भाभी की तेजधार दराट से हत्या कर दी। यह भी ध्यान देने वाली बात है कि आरोपित हत्यारा जिला सोलन में सरकारी वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला तरवाड़ का प्रधानाचार्य है तथा उसे कुछ ही समय पूर्व कामर्स के प्रवक्ता पद से प्रधानाचार्य के रूप में पदोन्नति मिली थी। आरोपी की पत्नी जेबीटी है तथा तीनों बच्चे एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि एक शिक्षित परिवार का एक शिक्षक मुखिया ऐसी निन्दनीय घटना को कैसे अंजाम दे सकता है? विगत कुछ दिनों से व्यक्ति की मनोदशा में उमड़ता होता यह आक्रोश इतना शक्तिशाली था कि पल भर में उसे महिला की हत्या करने पर मजबूर कर दिया। मामला दो परिवारों का है। भविष्य में पुलिस एवं न्यायिक लम्बी प्रक्रिया इस पर अपना कार्य करेगी, लेकिन इतना सत्य है कि एक क्षणिक चूक से अब उस व्यक्ति का तथा उसके निर्दोष परिवार का जीवन तहस-नहस हो गया। आरोपी के पारिवारिक तथा सामाजिक जीवन में इस दुखद घटना के अनेक दूरगामी परिणाम होंगे, जिससे हासिल हुआ मौत, आत्मग्लानि, पश्चाताप और जीवन का दुःख दर्द। इस दुखदायी घटना के परिणाम आरोपी के अन्य परिजनों को भी भुगतने पड़ेंगे। इस घटना का आरोपी के परिजनों के पारिवारिक तथा सामाजिक जीवन पर प्रभाव पडऩा स्वाभाविक है। इससे मानसिक तथा आत्मिक शांति भंग होगी। क्षणभर की आक्रोश की अग्नि ने एक व्यक्ति का पारिवारिक जीवन पूर्णतः बदल कर रख दिया। वर्तमान में प्रदेश में इस प्रकार की अनेकों लड़ाई-झगड़े, मारपीट तथा हत्या की घटनाएं आए दिन पुलिस के दस्तावेजों में पंजीकृत हो रही हैं। पुलिस, जेल तथा न्यायिक मामलों में निरंतर बढ़ोतरी हो रही है। सडक़ पर चलते छोटी-सी बात पर जान से मार देने, गोली से उड़ा देने की धमकी देना, मारपीट होना आम बात हो गई है। याद रखना चाहिए कि क्षणभर का आक्रोश व्यक्ति के जीवन को नर्क बना सकता है। पारिवारिक, सामाजिक, व्यावसायिक, राजनीतिक तथा प्रशासनिक जीवन में यह आक्रोश बहुत ही आम हो गया है। साधारणतः इस तरह की घटनाओं की पृष्ठभूमि में जर, जोरु और जमीन मुख्य कारण रहता है। भूमि विवाद, जल विवाद तथा धन सम्बन्धी मामलों में कई बार सामान्य विवाद जघन्य कृत्यों में परिवर्तित हो जाते हैं। राजनीति तथा सत्ता संघर्ष में अनेकों बार अपराध होते देखे गए हैं। नफरत तथा बदला लेने की आग इतनी भयंकर होती है कि व्यक्ति धन-दौलत व सत्ता के नशे में मदमस्त होकर इस प्रकार के अपराधों को अंजाम देकर जीवन भर के लिए पश्चाताप के लिए जेल की सलाखों के पीछे जीवन जीने के लिए मजबूर हो जाता है। मनुष्य का अहंकार तथा दम्भ अपने चरम पर है। यह सब व्यक्ति की वृत्ति तथा कृति के लिए सुखद नहीं है। यह वर्तमान मानवीय महत्त्वाकांक्षा, असहिष्णुता तथा असंवेदनशीलता की परिणति है। चोरी-डकैती, लूट-खसूट, मारपीट, अनाचार, बलात्कार तथा हत्या जैसे अपराधों से बचने के लिए आवश्यक है कि ज्ञान, ध्यान, योग, अध्ययन, शिक्षण तथा संस्कारों के साथ मानवीय मूल्यों को अपने जीवन में अपनाएं। दूसरे का हक न छीनकर न्यायप्रिय बनें। सुख, शांति, संतोष तथा धीरज के साथ संतुलित जीवन जिएं।

## देश दुनीया से

# जनहित में शीघ्र जरूरत है...

**उनको** जब भी मौका मिलता है, वे सारे घर के काम छोड़ कुछ न कुछ समाज विरोधी बना अपने सामाजिक दायित्व का निर्वाह करने में मग्न से लेकर निमग्न तक हो जाते हैं। अबके उन्होंने फिर समाज की लोक लाज की परवाह किए बिना समाज से चोरी छिपे भ्रष्टाचार की वैक्सीन बना समाज विरोधी घृणित कार्य कर डाला। जब उनकी वैक्सीन बनकर तैयार हो गई तो उनका अपनी वैक्सीन पर अंधविश्वास देखने लायक था। अपने अंधविश्वास पर अति का विश्वास करते उन्होंने पागलपन के से दौरे में मुझे अपनी इस वैक्सीन के बारे में बताया तो मेरे पैरों तले से जमीन खिसक गई। तय था, बंधु को अबके फिर जूते खाने से कोई नहीं रोक सकता। वैसे इस वैक्सीन को जनहित में अपनी प्रजा को लगाने का सरकार रिस्क तो लेगी नहीं, पर जो गलती से अगर ये वैक्सीन कुछ देकर समाज में लग गई या सरकार के अफसरों ने भ्रष्टाचार प्रियों को इसे लगाने की परमिशन दे दी तो भ्रष्टाचार के बूते पल पल जीवन यापन करने वालों का क्या होगा? यह सोचकर ही मेरा दम घुटने लगा। लगा, मेरी ही नहीं, ज्यों सारे ब्रह्मांड से ही ऑक्सीजन खत्म गई हो। अपनी भ्रष्टाचार की वैक्सीन का ट्रायल करने के लिए उन्होंने स्वस्थाई के अब तक हुए सारे आंकड़ाई सर्वे टटोल डाले, पर उनको देश में एक भी स्वस्थ जीव उसके ट्रायल के लिए न मिल पाया। अब समस्या ये कि भ्रष्टाचारी युग के महान आविष्कारक होने के लिए वे इस वैक्सीन का प्रयोग करें तो किस पर करें? मित्रो! शरीफ दोस्त और काठ की हांडी बार बार शातिर दोस्तों और चूल्हे की भेंट चढ़ती रही है। शरीफ दोस्त आड़े वक्त में दिल खोलकर यूज किए जाते हैं, और शरीफ दोस्त मजे से मौन यूज भी हो जाते हैं। सो थकहार कर पूरे आत्मविश्वास के साथ उन्होंने मुझे फोन लगाया। उनकी नजरों में मैं सिर से पांव तक ईमानदार कैटेगिरी का जीव हूं। भ्रष्टाचार के नाम पर मैंने भ्रष्टता का अचार खाना तो दूर छुआ भी नहीं है। 'और बंधु क्या कर रहे हो?' 'कुछ नहीं। बस, यों ही...।' 'ट्रायल के घोर आपातकाल में तुम्हारी जरूरत आन पड़ी है। और तुम तो जानते ही हो कि आड़े वक्त में शरीफ मित्र ही यूज किए जा सकते हैं।' शरीफ तो हूं, पर वैसे मैं इतना भी शरीफ नहीं! उनका मुंह अपनी ओर खुलते ही बहुधा दोस्तों के स्वार्थी इरादे भांप जाता हूं। पर जब उन्होंने हाथ पांव जोड़ निवेदन नहीं, आत्म निवेदन किया तो मेरे पैरों तले से बची जमीन सरकने लगी। ले बच्चे, आज फंसा बड़े अंतराल बाद अकाल दोस्त के चक्कर में। वैसे वह दोस्त ही क्या जो वक्त आने पर बेझिझक अपने दोस्त को नींबू की तरह निचोड़ कर न रख दे। 'कहो मित्र! दोस्तों से बदतमीजी के इस संक्रमणकाल में क्या जरूरत आन पड़ी है मेरी?' 'मैंने भ्रष्टाचार की वैक्सीन ईजाद की है।' 'बधाई हो! लाख रोकने के बाद भी आखिर तुम एक बार फिर समाज विरोधी कुकृत्य कर ही गए। डियर! मैंने तुम्हें कितनी बार कहा कि समाज में कुछ भी ईजाद करो, पर समाज विरोधी कुछ भी ईजाद मत करो। पता है तुम्हारे इस आविष्कार से समाज का कितना नुकसान होगा?' 'देखो! जो बन गया सो बन गया। अब मैं चाहता हूं कि मैं इस वैक्सीन का ट्रायल किसी स्वस्थ जीव पर करूं ताकि इसकी प्रमाणिकता सिद्ध हो सके।' अपनी महानता सिद्ध करने के लिए आज के दौर में हंस को भी गिद्ध होना पड़ता है, सो वे भी निःसंकोच हुए। 'तुम इसका प्रयोग किसी और पर क्यों नहीं कर लेते?' 'देश की ईमानदारी की सारी सर्वे रिपोर्टें छान मारी। पर हर रिपोर्ट का कहना है कि यहां सभी को भ्रष्टाचार का सांप सूंघ चुका है। अब मुझे लगता है कि... देखो इनकार मत करना, वर्ना मेरी सारी मेहनत पर अबके फिर पानी फिर जाएगा। क्योंकि मुझे पूरा विश्वास है कि तुम भ्रष्टाचार से पूरी तरह मुक्त हो।' अब आप ही बताइए कि मैं उनसे क्या कहूं? अपने मुंह मियां मिट्ठू बनना कम से कम मेरी लत नहीं। मेरे तो इस वक्त आगे नाई है तो पीछे खाई।

> अब समस्या ये कि भ्रष्टाचारी युग के महान आविष्कारक होने के लिए वे इस वैक्सीन का प्रयोग करें तो किस पर करें? मित्रो! शरीफ दोस्त और काठ की हांडी बार बार शातिर दोस्तों और चूल्हे की भेंट चढ़ती रही है। शरीफ दोस्त आड़े वक्त में दिल खोलकर यूज किए जाते हैं, और शरीफ दोस्त मजे से मौन यूज भी हो जाते हैं। सो थकहार कर पूरे आत्मविश्वास के साथ उन्होंने मुझे फोन लगाया। उनकी नजरों में मैं सिर से पांव तक ईमानदार कैटेगिरी का जीव हूं। भ्रष्टाचार के नाम पर मैंने भ्रष्टता का अचार खाना तो दूर छुआ भी नहीं है।

## नागरिक बोध

# दुनिया की ताकत से लोहा लेने वाले भारत की आखिरकार पाकिस्तान को आई याद

**अटल** बिहारी वाजपेयी कहते थे पड़ोसी कभी बदले नही जाते है। पड़ोसी देश से प्यार जताओ।लेकिन यह युक्ति ही बन कर रह गई। पाकिस्तान भारत के साथ ही था।जिस तरह से दो भाइयो का बंटवारा होता है वैसे भारत पाकिस्तान का हुआ। बड़े भाई भारत ने छोटे भाई पाकिस्तान की हर गलती को माफ किया। लेकिन बार बार गलती पर गलती के बावजूद स्नेह का हाथ बटाने की जगह पाकिस्तान ने भारत में बन्दूक और गोले बरसाने का काम किया। वसुधैव कुटुम्बकम की तर्ज पर भारत की परंपरा आज भी अक्षुण्ण है। तुर्किये जैसे देश मे भूकम्प में तबाह हुए हजारो लोगो के पुनर्वास और मेडिकल ट्रीटमेंट के लिए भारत की मेडिकल टीम पहुंची। मानवीय सरोकार के अनुरूप मदद भेजी। जबकि वो पाकिस्तान का साथ आज भी देता है।तालिबानियों की हुकूमत बन्दूक के जोर पर आई। अफगानिस्तान से भारत के रिस्ते मजबूत थे। उसके बाद जब तालिबान हुकूमत के तुरन्त बाद अफगान की हालत खराब हुई तो भारत ने मानवीय सरोकार अपनाया। भारत पाकिस्तान की रिस्ते ही नही बिगड़े है। पाकिस्तान को दुनिया मे कोई रहम की नजर से नही देखता है। पाकिस्तान में आतंकवादियों की तालीम पर सरकार की जुगलबंदी को दुनिया नजदीक से देख रही है। दुनिया से कोई मदद के लिए पाकिस्तान पर मेहरबान नही है। भारत पड़ोसी देश था लेकिन कश्मीर को हड़पने की लालच में कश्मीर तो हड़पने में सफल नही हुआ। पर भारत के साथ रिस्ते बिलकुल बिगाड़ चुका है। देश दिवालिया की कगार पर है। भारत के साथ व्यापार की बात करने वाला उधोगजगत की मानसिकता मधुर संबंध स्थापित करने की रही है। लेकिन पाकिस्तान के साथ राजनयिक संबंध बनाने के पूर्व आतंकवाद पर लगाम कसने की जरूरत है। भारत और पाकिस्तान के रिस्ते कड़वाहट भरे हो गए है। पाकिस्तान ने भारत के साथ जो किया है, वह दुश्मन देश भी नही करता है। हजारो सैनिको की हत्या और हजारो बहन बेटियो का सुहाग उजाड़ने वाले पाकिस्तान से कोई क्यो दोस्ती का हाथ बढ़ाएगा। भारत की करंसी पर पाकिस्तान की चमक मोदी सरकार के आने के बाद फीकी पड़ गई है। भारत की करंसी का कागज पाकिस्तान से आता था। उसी के आधार पर आतंकियों को डुप्लीकेट नोट से फंडिंग मुहैया कराते थे। भारत के करंसी पर भारत को ही बर्बाद कर आतंकवादियों को आबाद रखकर निर्दोष लोगों का लहू बहाने वाले पाकिस्तान से कैसे संबंध रख सकते है? उधोग जगत को अब भारत की याद आई है।वे जानते है कि भारत ही बेहतर कर सकता है। दुनिया मे पाकिस्तान जहा जा सकता था वहाँ जाकर आर्थिक मदद की गुहार लगाई है। लेकिन मुस्लिम देश भी पाकिस्तान को मदद देने के लिए इंकार करते आ रहे है। भारत की कानून व्यवस्था ही नही हर कार्य बेहतर है।



# भारत–नेपाल में बिजली व्यापार के लिए दीर्घकालिक समझौते का साफ हुआ रास्ता

**काठमांडो।**
भारत और नेपाल के बीच दीर्घकालिक ऊर्जा समझौते पर अगले हफ्ते दस्तखत हो जाएंगे। इस समझौते को लेकर हाल में प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल की भारत यात्रा के दौरान सैद्धांतिक सहमति बनी थी। दहल ने प्रस्तावित करार को अपनी एक बड़ी उपलब्धि माना है। इसके तहत भारत अगले दस साल तक नेपाल से दस हजार मेगावाट बिजली खरीदेगा। दहल ने इस बारे में अपनी नई दिल्ली यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बातचीत की थी। उसके बाद बीते दो जून को दोनों देशों के ऊर्जा सचिवों के बीच आरंभिक समझौते पर दस्तखत हुआ था। लेकिन तब बताया गया था कि चूंकि भारत सरकार ने इस समझौते को अंतिम मंजूरी देने की प्रक्रिया पूरी नहीं की है, इसलिए पूरा समझौता तब नहीं हो सका था। नेपाल सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बातचीत में कहा– 'अब दोनों पक्षों ने जरूरी प्रक्रियाएं पूरी कर ली हैं। संभव है कि अगले 18 जून को इस समझौते पर दस्तखत हो जाए। इसके लिए नेपाल के ऊर्जा सचिव दिनेश कुमार घिमिरे नई दिल्ली जाएंगे। प्रधानमंत्री दहल ने पिछले 31 मई से तीन जून तक भारत की यात्रा की थी। उस दौरान कई समझौते हुए थे और दीर्घकालिक ऊर्जा समझौते को लेकर सहमति बनी थी। नेपाल के ऊर्जा मंत्रालय के प्रवक्ता मधु कुमार भेटवाल के मुताबिक प्रस्तावित समझौता एक मोटी सहमति जैसा होगा। उन्होंने कहा– 'हालांकि इसमें दस साल तक भारत को बिजली निर्यात करने का प्रावधान है, लेकिन इसे कभी भी जरूरत के मुताबिक बदला जा सकेगा।' भेटवाल ने कहा कि समझौते के तहत प्रावधानों में लचीलापन रखा गया है, ताकि अगर भविष्य कभी जरूरी महसूस हो, तो प्रावधानों को बदला जा सके। भेटवाल ने कहा कि दोनों देशों के बीच बनी समिति ने इसी तरह के समझौते का सुझाव दिया था। इस समिति के सह–अध्यक्ष दोनों देशों के ऊर्जा सचिव हैं। ऊर्जा, जल संसाधन, बिजली व्यापार आदि पर सुझाव देने के लिए भारत और नेपाल ने दो समितियां बना रखी हैं। इनमें एक के सह–अध्यक्ष दोनों देशों के ऊर्जा सचिव हैं, जबकि दूसरी समिति की सह–अध्यक्ष दोनों देशों के संयुक्त सचिव स्तर के अधिकारी हैं। नेपाल के अधिकारियों ने दावा किया है कि समझौते के जिस रूप पर सहमति बनी है, उससे दोनों देश संतुष्ट हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### भारतीय मूल की महिला पर चीनी शख्स ने किया था हमला, सिंगापुर में पूरे दो साल बाद मिला न्याय

**सिंगापुर।** इससे पहले, भारतीय मूल की महिला ने कोर्ट में हुए ट्रायल में कहा था कि वह इस घटना के



कारण हुए आघात से उबर नहीं पाई हैं। हिंडोचा ने बताया कि घटना उस समय की है, जब कोरोना को लेकर सिंगापुर में मास्क पहनना अनिवार्य कर दिया था। पीड़िता ने बताया कि वह आमतौर पर तेज कदमों से चलती है, ऐसे में सांस लेने के लिए उसने अपना मास्क थोड़ा नीचे कर लिया था। तभी 32 वर्षीय जिंग फोंग और उसकी मंगेतर चुआ यूं हान ने चिल्लाना शुरू कर दिया। दोनों ने मास्क को लेकर उस पर चिल्लाया और नस्लीय टिप्पणी की। हिंडोचा ने कहा, इसके बाद आरोपी ने छाती पर लात से वार किया, जिससे वह गिर गई और उनके हाथ से खून बहने लगा। इसके बाद आरोपी और उसकी महिला साथी वहां से चले गए। उन्होंने बताया, बस स्टॉप पर एक महिला ने उसे उठाने में मदद की और प्राथमिक उपचार दिया। बाद में शाम को उन्होंने पुलिस को शिकायत दी थी। वहीं, अदालत में सुनवाई के दौरान एक चश्मदीद गवाह ने कहा कि उसने एक व्यक्ति को महिला को लात मारते देखा था। हालांकि, फोंग ने दावा किया कि विष्णुभाई ने पहले अश्लील बातें की। उसने कहा कि महिला ने उस पर और उसकी मंगेतर पर थूका था। इसलिए उसने पीड़िता को धक्का दिया। आरोपी ने कहा कि गलत शब्दों का इस्तेमाल किया था, लेकिन नस्लीय टिप्पणी नहीं की थी। मीडिया रिपोर्ट की माने तो फोंग को दोषी ठहराया गया। 31 जुलाई को विष्णुभाई को मारने और उनकी भावनाओं को ठेस पहुंचाने के लिए सजा सुनाई जाने की उम्मीद है।

### युवक की जान लेने वाली शार्क को पहले पीटकर मार डाला, अब म्यूजियम में रखी जाएगी उसकी ममी



**काहिरो।** कुछ दिन पहले मिस्र में एक 23 वर्षीय युवक को शार्क द्वारा मारकर खाने की घटना सामने आई थी। इस घटना के बाद लोगों ने शर्क को पीट–पीट कर उसे मार डाला और चीर फाड़ करके युवक के शव को बाहर निकाला। शव का कुछ हिस्सा शार्क के भीतर से निकला और कुछ हिस्सा समुद्र से बरामद किया गया। इस घटना के बाद अब इस शार्क को म्यूजियम में रखने की योजना बना रही है। शार्क द्वारा युवक पर हमला करके उसे मारकर खा जाने वाला वीडियो कैमरे में कैद किया गया था। यह वीडियो सोशल मीडिया पर भी काफी वायरल हुआ था। वीडियो में सुना जा सकता है कि 23 वर्षीय व्लादिमीर पोपोव समुद्र में तैर रहे थे, तभी उसपर शार्क ने हमला कर दिया और नीचे की तरफ खींचने लगा। इस दौरान वह जोर जोर से चीखते हुए कहने लगा– पापा मुझे बचा लो। इंस्टीट्यूट ऑफ मरीन साइंस और द रेड सी रिसर्च ने शार्क को संग्रह करने के लिए लेप लगाने की प्रक्रिया को शुरू कर दी है। इस प्रक्रिया के पूरे होते ही ममीकृत शार्क को म्यूजियम में रखा जाएगा। मिस्र के एक अधिकारी ने कहा– रिसर्चर्स शार्क के व्यवहार और पिछले कुछ समय से हो रहे दुर्घटनाओं के कारणों का पता लगाना चाहते हैं। पोपोव के पिता युरी ने मीडिया को बताया– हमलोग बीच पर आराम करने के लिए गए थे। वहां कुछ सेकेंड के भीतर हमला हो गया।

### नाइजीरिया में डूबी बोट, 103 लोगों की मौतः 97 लापता, 100 को बचाया, शादी से लौट रहे थे 300 लोग

**एबूजा।** नाइजीरिया के क्वारा में सोमवार तड़के एक बोट नाइजर नदी में डूब गई। इस हादसे में 103 लोगों की मौत हो गई, 97 लोग लापता हो गए। वहीं, 100 लोगों को बचा लिया गया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, बोट में 300 लोग सवार थे। सभी लोग एक शादी समारोह से लौट रहे थे। स्थानीय निवासी ने बताया कि कुछ लोग एगबोटी गांव में शादी में गए थे। इस दौरान भारी बारिश के कारण सड़कों पर पानी भर गया। ऐसे में शादी में गए कुछ मेहमानों ने गांव से निकलने के लिए बोट से नदी पार करने का सहारा लिया। उन्होंने बताया कि दूसरी तरफ के किनारे की ओर आने के दौरान उनकी बोट पानी में छिपे पेड़ के तने से टकरा गई और टूट गई। इसके बाद वो दो हिस्सों में होकर पानी में डूब गई। इससे पहले मई में नाइजीरिया के सोकोतो में एक नाव पलटने से 15 लोगों की मौत हुई थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, नाइजीरिया के ऐसे इलाकों में बोट एक्सीडेंट काफी आम हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि यहां अमूमन लोग आने जाने के लिए खुद की बनी नावों का इस्तेमाल करते हैं। नाइजीरिया की एयरफोर्स ने हाल ही में आतंकी संगठन बोको हरम के ठिकाने पर कई एयर स्ट्राइक कीं। इसमें 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए। एयरफोर्स ने ही इसका लाइव फुटेज भी जारी किया है। बोको हरम ईस्ट अफ्रीका का सबसे खतरनाक आतंकी संगठन है। इस क्षेत्र के कई देशों में इस संगठन की मजबूत पकड़ है।

## सीक्रेट फाइल्स केस में ट्रम्प की पेशी, सभी आरोप नकारे

# कहा– डॉक्यूमेंट्स ले जाना मेरा हक; बाइडेन भ्रष्ट, उन्होंने मुझे फंसाया

**मियामी।**
सीक्रेट डॉक्यूमेंट्स घर ले जाने के आरोपी अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प मियामी के कोर्ट रूम में पेश हुए। करीब 45 मिनट चली सुनवाई के दौरान ट्रम्प ने सभी आरोप को नकारते हुए खुद को बेकसूर बताया। उनके वकील ने ट्रम्प पर लगे सभी 37 आरोपों को बेबुनियाद और झूठा बताया। कोर्ट रूम में सुनवाई के बाद ट्रम्प बेडमिंस्टर गोल्फ क्लब पहुंचे। यहां उन्होंने अपने समर्थकों को संबोधित किया। ट्रम्प ने कहा– आज अमेरिका के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ जब राष्ट्रपति ने अपनी ताकतों का इतना गलत इस्तेमाल किया। राष्ट्रपति की कुर्सी पर बैठे एक भ्रष्ट नेता ने झूठे आरोपों के आधार पर अपने सबसे बड़े प्रतिद्वंद्वी को गिरफ्तार करवाया, जबकि वो खुद और कई पूर्व राष्ट्रपति इस मामले में दोषी हैं।

**ट्रम्प बोले– मैंने सब सही किया, मुझे फंसाया गया** – ट्रम्प ने कहा– मैंने सब कुछ सही किया लेकिन फिर भी उन्होंने मुझ पर क्रिमिनल चार्ज लगा दिए। मुझ पर जासूसी ऐक्ट के तहत आरोप तय किए गए हैं। इस ऐक्ट का इस्तेमाल जासूसों और देशद्रोहियों के खिलाफ होता है, न कि किसी पूर्व राष्ट्रपति के खिलाफ। चार्जशीट में प्रेसिडेंशियल रिकॉर्ड ऐक्ट का जिक्र तक नहीं है जो कि एक सिविल ऐक्ट है। पूर्व राष्ट्रपति होने के नाते मुझे कानूनी तौर पर पूरा हक है कि मैं ये फाइलें अपना साथ ले जाऊं। इसके अलावा ट्रम्प ने राष्ट्रपति जो बाइडेन, बिल क्लिंटन और हिलेरी क्लिंटन पर भी ऐसे डॉक्यूमेंट्स साथ ले जाने का आरोप लगाया।




**सुनवाई के बाद क्यूबा के रेस्टोरेंट में मनाया बर्थडे** – अमेरिका के इतिहास में ट्रम्प ऐसे पहले पूर्व राष्ट्रपति हैं, जिन्हें इतने फेडरल चार्ज में अदालत के सामने पेश होना पड़ा। बहरहाल, सुनवाई के बाद ट्रम्प को घर जाने की मंजूरी मिल गई। वो कोर्ट से निकले और कुछ दूरी पर बने क्यूबा के एक मशहूर रेस्टोरेंट में पहुंच गए। यहां उनके समर्थकों ने जश्न मनाया और ट्रम्प को बर्थडे भी विश किया। दरअसल, पूर्व राष्ट्रपति का 14 जून को जन्मदिन है।

**कोर्ट में क्या हुआ** – मियामी कोर्ट में पुख्ता सिक्योरिटी अरेंजमेंट्स थे। इसके बावजूद ट्रम्प के हजारों समर्थक कोर्ट के बाहर और सड़क के दोनों तरफ मौजूद थे। ट्रम्प जब पहुंचे तो कोर्ट मार्शल्स (कोर्ट पुलिस) ने उन्हें कस्टडी में लिया। इसके बाद उनके फिंगर प्रिंट लिए गए। चंद मिनट बाद वो इन्हीं मार्शल्स की निगरानी में जज के सामने पेश हुए और जज के इशारे पर सामने रखी बेंच पर बैठ गए। ट्रम्प के वकील टॉड ब्लैंचे ने 15 मिनट तक दलीलें पेश कीं। जज ने तमाम दलीलें सुनने के बाद ट्रम्प को घर जाने की मंजूरी दे दी। इस केस में ट्रम्प के एक सहयोगी वॉल्ट नॉटा भी आरोपी हैं। जज ने दोनों को केस पर कोई चर्चा न करने और गवाहों से भी कोई कॉन्टैक्ट न करने का आदेश दिया है।

**पासपोर्ट सरेंडर नहीं करना होगा** – जस्टिस डिपार्टमेंट ने अदालत से कहा कि ट्रम्प और उनके सहयोगी का पासपोर्ट सरेंडर करा लेना चाहिए। जज ने इस मांग को खारिज कर दिया। जज ने ऑर्डर में कहा– ट्रम्प और उनके सहयोगी वॉल्ट नाउटा को पासपोर्ट सरेंडर करने की जरूरत नहीं है। आप इन दोनों से श्योरिटी बॉन्ड्स (एक तरह की जमानत) लीजिए और इसके बाद दोनों को जाने दीजिए। जज ने ट्रम्प और नॉटा पर यात्रा से जुड़ी कोई पाबंदी लगाने की मांग भी खारिज कर दी। अदालत ने कहा– इस तरह की पाबंदियां सिर्फ तब लगाई जा सकती हैं जब आरोपी के देश छोड़कर भागने की आशंका हो। इस मामले में ऐसा कुछ नहीं है। लिहाजा पासपोर्ट सरेंडर करने की जरूरत नहीं है।

**देश के लिए अफसोसजनक दिन** – कोर्ट के बाहर निकलने के बाद ट्रम्प काफी खुश दिखाई दिए और उन्होंने पहला सोशल मीडिया पोस्ट किया। कहा– थैंक यू मियामी। अमेरिका के लिए आज का दिन अफसोसजनक है, लेकिन फिर भी मेरे शानदार स्वागत के लिए शुक्रिया। इसके बाद वो एक क्यूबन रेस्टोरेंट में पहुंचे। यहां मौजूद उनके समर्थकों ने काफी नारेबाजी की। ट्रम्प के साथ फोटो खिंचवाए। यहां एक महिला ने उनके विरोध में नारेबाजी की। कहा– ट्रम्प को जेल में होना चाहिए। इस महिला को रेस्टोरेंट से बाहर निकाल दिया गया। ट्रम्प की सुनवाई के बाद व्हाइट हाउस में एक इवेंट हुआ। जब प्रेसिडेंट जो बाइडेन से इस केस के बारे में सवाल किया गया तो उन्होंने कुछ भी कहने से इनकार कर दिया।

**राष्ट्रपति चुनाव लड़ सकते हैं ट्रम्प** – ट्रम्प पर आरोप है कि उन्होंने नेशनल सिक्योरिटी से जुड़े कुछ टॉप सीक्रेट डॉक्यूमेंट्स अपने आलीशान रिसॉर्ट मार–ए–लेगो में रखे। जब एफबीआई की टीम उनके घर जांच के लिए पहुंची तो उन्होंने उसे रोकने की कोशिश की। इसके अलावा जांच एजेंसी के सामने कई सवालों के जवाब में झूठ कहा। ट्रम्प एक बार फिर प्रेसिडेंशियल इलेक्शन लड़ने जा रहे हैं।

## यूक्रेन ने रूसी कब्जे से वापस ली बिल्डिंग, लहराया झंडा

# रूस के टॉप ऑफिसर की मौत; पुतिन बोले- जंग के लिए पर्याप्त हथियार नहीं

**कीव।**
यूक्रेन ने अब रूस पर जवाबी हमला करना शुरू कर दिया है। हाल ही में यूक्रेन की आर्मी ने नेसकुचने शहर में रूस के कब्जे से अपनी एक बिल्डिंग को वापस लिया और उस पर यूक्रेन का राष्ट्रीय ध्वज लहरा दिया। रॉयटर्स के मुताबिक, बिल्डिंग के पास 3 रूसी सैनिकों के शव भी मौजूद थे। वहीं जपोरीजिया क्षेत्र में रूस की सेना के टॉप अफसर व्लादिमीर रोगोव की हमले में मौत हो गई। दूसरी तरफ, क्रेमलिन में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने जंग को लेकर एक बैठक बुलाई। इसमें उन्होंने कहा कि यूक्रेन के जवाबी हमले का सामना करने के लिए उनके पास पर्याप्त हथियार नहीं हैं। पुतिन ने कहा– 16 महीने से चल रहे इस स्पेशल मिलिट्री ऑपरेशन में हमारे पास कई चीजों की कमी हो गई है। फिर चाहे वो हथियार हों, एयरक्राफ्ट और ड्रोन्स हों या कम्युनिकेशन डिवाइस। हमारे पास कई टैंक्स और एंटी टैंक वेपन्स की कमी है। हालांकि, हमारी मिलिट्री से जुड़ी कंपनियां इन्हें तेजी से डेवलप करने में जुटी हुई हैं। दरअसल, अमेरिका और दूसरे देशों की तरफ से प्रतिबंध लगने के बाद रूस को एडवांस्ड वेपन्स के लिए जरूरी सामान इम्पोर्ट करने में दिक्कत आ रही है। वहीं, रूस ने यूक्रेन की तरफ से हो रहे सभी हमलों को नकार दिया है। पुतिन ने कहा– पिछले हफ्ते यूक्रेन की तरफ से जवाबी हमले शुरू होने के बाद अभी तक कोई ऐसा नुकसान नहीं हुआ है कि हमें अपनी सेना को नए आदेश देने पड़ें। हमें मैदान में और सैनिकों को उतारने की भी फिलहाल जरूरत नहीं है। इसके साथ ही पुतिन ने ये भी



धमकी दी कि अगर बॉडर के पास यूक्रेन के हमले ऐसे ही जारी रहे तो वो इसे रोकने के लिए उनकी और जमीन पर कब्जा कर लेंगे। रूस लगातार ब्लैक सी ग्रेन डील को भी खत्म करने की चेतावनी दे रहा है। उसका कहना है कि अमेरिका और पश्चिमी देशों ने उसे धोखा दिया है। द्व और तुर्किये की पहल पर साइन हुए ये डील 17 जुलाई को एक्सपायर हो रही है। ऐसे में इसे बरकरार रखने का फैसला रूस के हाथ में है। पुतिन ने ये भी कहा कि अगर पश्चिमी देश ये जंग खत्म करना चाहते हैं तो उन्हें सबसे पहले कीव को हथियार सप्लाई करना बंद करना होगा। पुतिन ने बताया कि रूस यूक्रेन को डीमिलिट्रलाइज कर रहा है। अगर यूक्रेन की समस्या को बातचीत से सुलझाना है तो बाकी देशों को उसे हथियार और मदद भेजना बंद करना होगा, नहीं तो ये संघर्ष ऐसे ही जारी रहेगा। इससे पहले रूस ने यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के होमटाउन क्रीवी रीह पर हमला किया था जिसमें 10 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि 30 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। रूस के डिफेंस डिपार्टमेंट ने एक वीडियो भी रिलीज किया है। इसके जरिए उन्होंने दावा किया है कि अमेरिका के हथियार और जर्मनी के लेपर्ड टैंक अब उनके कब्जे में हैं।

# गहरी दुविधा में बांग्लादेश, अमेरिका-चीन में टकराव के बीच जाएं तो किधर

**ढाका।**
अमेरिका और चीन के बीच किसकी तरफ अधिक झुकाव बनाएं, इस सवाल को लेकर बांग्लादेश गहरे पसोपेश में है। यह बात इंडो–



पैसिफिक के बारे में बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय की तरफ जारी पहले दस्तावेज पर चल रही बहस से जाहिर हुई है। मंत्रालय ने यह दस्तावेज अप्रैल में जारी किया था। तब से वह चर्चा में है और इसको लेकर जानकारों ने अलग–अलग नजरियों के साथ अपनी राय पेश की है। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि वह इस बारे में हर कोण से बहस चाहता है कि बांग्लादेश की क्षेत्रीय नीति कैसी हो। मंत्रालय ने अपने दस्तावेज उन सिद्धांतों और उद्देश्यों का जिक्र किया है, जिसे उसने क्षेत्रीय और विदेश नीति का आधार बताया है। विशेषज्ञों के मुताबिक ऐसा दस्तावेज जारी करना बांग्लादेश सरकार की एक बड़ी पहल है। इसके जरिए उसने यह बताने की कोशिश की है वह इस क्षेत्र की बड़ी ताकतों के साथ किस तरह के रिश्ते रखना चाहती है। लेकिन इस बारे में वह पर्याप्त स्पष्टता नहीं बना पाई है। बांग्लादेश की बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान मैरिटाइम यूनिवर्सिटी में समुद्री सुरक्षा और रणनीतिक अध्ययन विषय के व्याख्याता रुबियत सईमम ने लिखा है– 'दस्तावेज इंडो–पैसिफिक में अमेरिका और चीन के बीच बढ़ रही होड़ के बीच अपना पक्ष चुनने को लेकर बांग्लादेश में मौजूद दुविधा को दिखाता है। इस जटिल और बदल रही भू–राजनीतिक परिस्थिति के बीच बांग्लादेश किस दिशा में चलेगा, इस बारे में दस्तावेज में कोई स्पष्टता नहीं है। यह बांग्लादेश के संविधान के अनुच्छेद 25 के अनुरूप जरूर है, जिसमें कहा गया है कि बांग्लादेश की विदेश नीति अ–हस्तक्षेप, शांतिपूर्ण सह–अस्तित्व, अंतरराष्ट्रीय कानून के सम्मान और सहयोग के सिद्धांतों पर आधारित होनी चाहिए।

# चीन से फिर कर्ज लेकर चीन का ही ऋण चुकाएगा पाकिस्तान

**इस्लामाबाद।**

**पाकिस्तान सरकार ने चीन से पुराने कर्ज की रिस्ट्रक्चरिंग के लिए कहने के बजाय उससे नए कर्ज की मांग कर दी है, ताकि वह उसके ही पुराने कर्ज को चुका सके। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने पाकिस्तान से कहा था कि वह द्विपक्षीय कर्जदाताओं से कर्ज रिस्ट्रक्चरिंग करने को कहे।**

इसका मतलब कर्ज के रूप में ली गई रकम में एक हिस्से की माफी और बाकी कर्ज लौटने की समयसीमा में रियायत है। दो रोज पहले पाकिस्तान के वित्त मंत्री इशहाक डार ने एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा था कि पाकिस्तान सरकार विदेशी कर्ज की रिस्ट्रक्चरिंग के लिए बातचीत अब प्राथमिकता के आधार पर शुरू करेगी। अब खबर है कि चीन से उसने मैच्योर हो रहे 1.3 बिलियन डॉलर कर्ज को चुकाने के लिए चीन से नई सहायता मांगी है। वित्त मंत्री डार ने इस्लामाबाद स्थित चीनी दूतावास में वित्तीय मामलों के प्रभारी पांग चुनशुए से यहां



मुलाकात की। इसी दौरान उन्होंने दो चीनी कर्जों को चुकाने के लिए नई वित्तीय सहायता मांगी। ये दोनों ऋण अगले दो से तीन हफ्तों के अंदर मैच्योर होने वाले हैं।

पर्यवेक्षकों के मुताबिक चीन के सामने इस गुहार का मतलब है कि पाकिस्तान सरकार का आईएमएफ से ऋण मिलने का भरोसा अब पूरी तरह टूट गया है। इसे देखते हुए उसने रिस्ट्रक्चरिंग का प्रस्ताव चीन के सामने ना रखने का मन बनाया है, जिससे चीन के नाराज होने का अंदेशा था। सरकारी सूत्रों के मुताबिक चीन ने आश्वासन दिया है कि वह दोनों कर्जों को चुकाने के लिए नए कर्ज देगा। इस तरह पाकिस्तान चीनी कर्ज के मामले में डिफॉल्ट करने से बच जाएगा। पाकिस्तान को बैंक ऑफ चाइना का 30 करोड़ डॉलर का कर्ज दो हफ्तों के अंदर चुकाना है। तीन हफ्तों के अंदर उसे चाइना डेवलपमेंट बैंक का एक बिलियन डॉलर का कर्ज चुकाना है। फिलहाल पाकिस्तान के विदेशी मुद्रा भंडार में 3.9 बिलियन डॉलर ही बचे हैं। ऐसे में अगर चीन ने जल्द ही नया कर्ज नहीं दिया, तो पाकिस्तान के सामने विदेशी मुद्रा का संकट बहुत गंभीर रूप ले लेगा। चीनी अधिकारी से डार की मुलाकात के बाद वित्त मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि डार ने चीनी अधिकारी को आईएमएफ से चल रही बातचीत के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आईएमएफ ने पाकिस्तान सरकार के छह बिलियन डॉलर का नया कर्ज जुटाने की शर्त में छूट के अनुरोध को ठुकरा दिया है। जबकि पाकिस्तान अपने चालू खाता घाटे में कटौती करने में सफल रहा है, लेकिन उससे आईएमएफ संतुष्ट नहीं है। वह अभी भी कह रहा है कि अगर पाकिस्तान को उससे कर्ज हासिल करना है, तो उसे अन्य स्रोतों से छह बिलियन डॉलर का नया कर्ज जुटाना होगा। डार पहले यह बता चुके हैं कि सऊदी अरब ने पाकिस्तान को दो बिलियन डॉलर का ऋण देने का वादा किया है। इसी तरह संयुक्त अरब अमीरात ने एक बिलियन डॉलर की सहायता देने का आश्वासन दिया है। डार ने दावा किया कि पाकिस्तान के सामने डिफॉल्ट करने की नौबत नहीं आएगी।

## यूएस ने चीन से डेवलपिंग कंट्री स्टेटस छीना

# इसका नाजायज फायदा उठा रहा था ड्रैगन, खुद सस्ता लोन लेकर गरीब मुल्कों को फंसाया

**वॉशिंगटन।**
अमेरिकी संसद ने चीन को इकोनॉमिक फ्रंट पर बहुत तगड़ा झटका दिया। सीनेट ने एक नए कानून को मंजूरी दी। इसके मुताबिक– चीन को अब अमेरिका किसी भी सूरत में विकासशील देश (डेवलपिंग कंट्री) का दर्जा नहीं देगा।

अमेरिका के इस कदम का चीन की इकोनॉमी पर जबरदस्त असर पड़ेगा। वर्ल्ड बैंक और दूसरे फाइनेंशियल इन्सटीट्यूशन्स से उसे अब उसे आसानी से और कम ब्याज पर लोन नहीं मिल सकेगा। चीन डेवलपिंग कंट्री स्टेटस की वजह से खुद तो आसान और सस्ता कर्ज लेता था, लेकिन गरीब मुल्कों को कठोर शर्तों पर लोन देकर उन्हें कर्ज जाल में फंसा लेता था।

### अमेरिकी सांसदों की यूनिटी देखिए

मार्च में पहली बार अमेरिकी संसद के निचले सदन हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स (जैसे हमारे यहां लोकसभा) में एक बिल लाया गया। इसकी खास बात यह थी कि इसका मकसद सिर्फ चीन पर लगाम कसना था। बहरहाल, हुआ ये कि जब इस बिल पर वोटिंग हुई तो तमाम 415 सांसदों ने इस बिल (चाइना इज नॉट ए डेवलपिंग कंट्री एक्ट) के फेवर में वोट दिया। एक भी सांसद ने इसका विरोध नहीं किया। एक रिपोर्ट के मुताबिक– 9/11 हमले के बाद ऐसा पहली बार हुआ, जब हर सांसद एक बिल के फेवर में था। अब सीनेट (जैसे हमारे यहां राज्यसभा) ने भी बिना किसी फेरबदल के इस बिल पर मुहर लगा दी। जाहिर है डेमोक्रेट्स हों या अपोजिशन में बैठे रिपब्लिकन्स, दोनों ही चीन को सबक सिखाने के मूड में थे। चूंकि संसद में बिल पर एकराय है, लिहाजा प्रेसिडेंट जो बाइडेन भी फौरन मंजूरी दे देंगे।

### अब इसका तकनीकि असर



### समझिए

अमेरिकी सीनेट में फॉरेन रिलेशन कमेटी होती है। इसकी पहल पर ही चीन का डेवलपिंग कंट्री स्टेटस छीना गया है। फ्यूचर में अमेरिकी सरकार या उसकी फंडिंग हासिल करने वाला कोई भी इंटरनेशनल ऑर्गनाइजेशन चीन को इकोनॉमी या टेक्नोलॉजी फ्रंट पर रियायत नहीं देगा। इस बिल का सबसे ज्यादा इस्तेमाल विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन करेंगे। ये ब्लिंकन ही थे, जिन्होंने संसद में कहा था कि चीन अब दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी इकोनॉमी और विकसित देश (डेवलप्ड कंट्री) है। लिहाजा, उसके स्टेटस में बदलाव जरूरी है। संसद ने माना कि चीन को अब सुविधाएं और राहत नहीं दी जा सकतीं जो एक डेवलपिंग कंट्री को मिलती है। वो दूसरी सबसे बड़ी इकोनॉमी है। उसके पास बड़ी और ताकतवर फौज है। इसके अलावा उसने दुनिया के कई हिस्सों में अरबों डॉलर के इन्वेस्टमेंट किए हैं। बिल के मुताबिक– ये शीशे की तरह साफ है कि चीन डेवलपिंग कंट्री स्टेटस का नाजायज फायदा उठा रहा है।

### चीन को कितना भारी पड़ेगा ये बिल

बिल की एक बात जानना जरूरी है। इसमें कहा गया है– चीन ने अमेरिका और दुनिया की आंखों में धूल झोंकी है। उसने डेवलपिंग कंट्री स्टेटस का नाजायज और बेजा फायदा उठाया। हम उसे डेवलपमेंट असिस्टेंस यानी विकास के लिए मदद देते रहे, बेहद सस्ता लोन देते और दिलाते रहे और वो अमेरिका को ही चैलेंज करता रहा। चीन ने जो सस्ता कर्ज हासिल किया, उसका इस्तेमाल 'बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव' में किया गया। सस्ता कर्ज लेकर उसने इसे गरीब देशों को महंगी ब्याज दरों पर दिया। इसका नुकसान ये हुआ कि गरीब और विकासशील देश चीन के कर्ज जाल में फंसते चले गए। अब वो इन देशों की जमीन और संस्थानों पर कब्जा कर रहा है। बिल के मुताबिक– हैरानी की बात ये है कि द्व जैसा दुनिया का सबसे बड़ा संस्थान भी चीन को डेवलपिंग कंट्री ही मानता है। गरीब देशों को इंटरनेशनल ऑर्गनाइजेशन्स से जो मदद में तरजीह मिलती है, वो चीन भी हासिल करता है। उसे सस्ता लोन मिलता है, वर्ल्ड मार्केट में आसान एक्सेस मिलता है, टेक्निकल असिस्टेंस मिलती है। वर्ल्ड ट्रेड ऑर्गनाइजेशन और वर्ल्ड बैंक जैसे फाइनेंशियल इन्सटीट्यूशन्स उसकी मदद करते हैं।

### क्या कहते हैं एक्सपर्ट्स

अमेरिकी डिफेंस डिपार्टमेंट के अफसर पैट्रिक क्रोनिन ने अप्रैल में 'अल जजीरा' में कहा था– चीन बेहद शातिर है। उसने डेवलपिंग कंट्री स्टेटस का फायदा उठाया और इसके जरिए दुनिया के इकोनॉमिक स्ट्रक्चर को तबाह कर दिया।

# अब हर राज्य में शांति व अहिंसा विभाग बनाने की आवश्यकता : मुख्यमंत्री गहलोत

**जयपुर ( हिंस )।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि धर्म और जाति के बजाय सत्य और अहिंसा की राह पर आगे बढ़ते हुए लोकतंत्र को अधिक मजबूत बनाना होगा। उन्होंने कहा कि आज देश में तनाव का माहौल है। इसमें गांधी जी के सिद्धान्त ही सबसे ज्यादा प्रासंगिक हैं। इसी स्थिति में हमे सत्य, अहिंसा, शांति सद्भाव को जीवन में अपनाकर देश की प्रगति में अहम भूमिका निभानी चाहिए। यही हमारी संस्कृति का आधार भी है। गहलोत बुधवार को झालाना स्थित राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में शांति एवं अहिंसा विभाग के गांधी दर्शन सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने महात्मा गांधी जी के संदेश घर-घर में पहुंचाने की दिशा में वर्ष 2022 में देश का पहला शांति एवं अहिंसा विभाग खोला है। इसी कड़ी में गांधी दर्शन म्यूजियम और महात्मा गांधी इंस्टीट्यूट, जिला शांति एवं अहिंसा प्रकोष्ठ भी आगे बढ़ रहे हैं। ग्राम पंचायत स्तर पर आमजन को प्रेरित करने में गांधी प्रेरकों की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। यह प्रेरक ही हमारे देश की पूंजी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज संवैधानिक मूल्यों पर खतरा मंडरा रहा है। हम सबको मिलकर संविधान और लोकतंत्र की रक्षा में आगे आना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र में यकीन और संविधान में आस्था रखने वाले हर राज्य और केंद्र सरकार को भी शांति एवं अहिंसा विभाग बनाने की आवश्यकता है। गहलोत ने कहा कि वर्ष 2006 में तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व में संयुक्त राष्ट्र संघ के समक्ष 2 अक्तूबर (महात्मा गांधी जयंती) को अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में मनाने का प्रस्ताव रखा गया, जिसे सभी देशों ने मिलकर पारित किया। यह निर्णय भारत के लिए गौरवान्वित होने का अवसर रहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि गांधी दर्शन समिति एवं शांति और अहिंसा विभाग के माध्यम से राज्य, संभाग और जिला स्तर पर गांधी के जीवन दर्शन पर आधारित प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया गया। इससे लोगों में जागरूकता आएगी। इसी की आज सबसे ज्यादा जरूरत है। सम्मेलन में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास, शांति एवं अंहिसा निदेशालय के निदेशक मनीष शर्मा, महात्मा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ गवर्नेंस एंड सोशल साइंसेज के निदेशक प्रो. बीएम शर्मा, गांधी शांति प्रतिष्ठान के अध्यक्ष कुमार प्रशांत, वरिष्ठ पत्रकार ओम थानवी, गांधीवादी मनोज ठाकरे, सवाई सिंह, गोपाल बाहेती, शांति एवं अंहिसा विभाग के शासन सचिव नरेश कुमार ठकराल उपस्थित रहे।



# हठधर्मिता करके आंदोलन को भड़का रहे रोडवेज महाप्रबंधक : सांझा मोर्चा

**हिसार ( हिंस )।** हरियाणा रोडवेज सांझा मोर्चा की ओर से जीएम कार्यालय के समक्ष दिए जा रहे धरने के दौरान कर्मचारियों ने बुधवार को छठे दिन भी नारेबाजी करके अपनी मांगे उठाई। कर्मचारियों ने जीएम पर हठधर्मिता का आरोप लगाते हुए कहा कि वे समस्या का समाधान नहीं करना चाहते बल्कि आंदोलन की आग में घी डाल रहे हैं। छठे दिन बुधवार को धरने की अध्यक्षता सतीश बामल एवं सुरेश स्याहड़वा ने की जबकि अमित जुगलान एवं नरेन्द्र खरड़ ने मंच संचालन किया। धरना स्थल पर कर्मचारी नेताओ ने कहा कि महाप्रबंधक ने कल हुई राज्य स्तरीय सांझा मोर्चा के साथ हुई बैठक में एक भी बात सच नहीं बोली जिसके कारण किसी भी बात पर कोई सहमति नहीं बन पाई। जीएम के इस रवैये का निंदा प्रस्ताव भी धरनास्थल पर पास किया गया। सभी कर्मचारियों ने सहमति जताई और घोषणा की गई कि जब तक कर्मचारियों की हर समस्या का हल नहीं होता एवं दो कर्मचारी नेताओं के स्थानांतरण आदेश वापिस नहीं होते, तब तक धरना-प्रदर्शन जारी रहेगा। कर्मचारी नेताओं ने कहा कि पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार 16 जून को पूरे प्रदेश में दो घंटे काली पट्टी बांध कर प्रदर्शन किया जाएगा वहीं सांझा मोर्चा हिसार की ओर से 16 जून के बाद किसी भी दिन दो घंटे का चक्का जाम किया जा सकता है। सांझा मोर्चा के वरिष्ठ सदस्य



रमेश श्योकंद ने कहा कि परिवहन मंत्री द्वारा दिए गए आदेशानुसार स्थांतरित किए गए कर्मचारियों के आदेश वापस किए जाएं ताकि किसी भी प्रकार से सरकार की बदनामी ना हो और कर्मचारियों को आंदोलन करने के लिए मजबूर ना होना पड़े। इस अवसर पर हरियाणा रोडवेज संयुक्त कर्मचारी संघ के चेयरमैन रामसिंह बिश्नोई व प्रधान अजय दुहन, रोडवेज कर्मचारी यूनियन के डिपो प्रधान राजबीर दुहन, आल हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन से अरुण शर्मा, नरेंद्र सोनी, उपप्रधान सुरेश मलिक, संयुक्त कर्मचारी संघ डिपो सचिव सलीम, महासंघ डिपो सह सचिव बलवान ठाकुर, जोगिंदर पंघाल, लक्ष्य मेकैनिक, राजकुमार सुंडा एवं अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# लारैंस गैंग का गुर्गा गिरफ्तार तीन पिस्टल व कारतूस बरामद

**पंचकूला ( हिंस )।** पुलिस ने लॉरैंस बिश्नोई गैंग के गुर्गे को गिरफ्तार कर उसके पास से तीन पिस्टल व कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस उपायुक्त कानून-व्यवस्था निकिता खट्टर ने बुधवार को बताया कि क्राइम ब्रांच को त्रिलोकपुर रोड रायपुररानी से साहिल पुत्र दिलशेर सिंह वासी गांव गुराना नारनौंद हिसार 21 वर्ष और रविराज पुत्र स्व. चांदी राम वासी गांव कुलन जिला हांसी को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने इनके पास से अवैध 6 पिस्टल (32 बोर), एक देसी कट्टा (32 बोर), सात मैगजीन, 9 राउंड बरामद किया था। दोनों आरोपियों ने रिमांड के दौरान कई जानकारियां पुलिस को दी थीं। इस आधार पर पंचकूला पुलिस ने सतबीर सिंह उर्फ सतबीर गुज्जर पुत्र हेमराज वासी गांव बिजनपुर डेरा बस्सी जिला एसएएस नगर को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने इसके पास से तीन पिस्टल और कारतूस बरामद किए। एसीपी क्राइम ने बताया कि आरोपी सतबीर सिंह गुर्जर प्रॉपर्टी डीलर का काम करता है, जो कि लॉरैंस बिश्नोई गैग से संबंध रखता है। पहले मामलों में जेल में रहनें के कारण उसकी मुलाकात लॉरैंस बिश्नोई गैग के गुर्गो के साथ हो गई थी। बाद में वह उनके साथ मिलकर फिरौती, डकैती इत्यादि का काम करने लगा। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ अवैध वसूली, हत्या की कोशिश, मारा पीटा, अवैध असला, फिरौती मांगना, जेल में मोबाइल का प्रयोग करना सबंधित के करीब 11 मामले पंचकूला,अम्बाला तथा चंडीगढ़ में दर्ज है।

# उद्योगपति दंपति को बंधक बनाकर लूटा

**यमुनानगर ( हिंस )।** हरियाणा में यमुनानगर शहर के प्रसिद्ध पंजाब प्लाईवुड इंडस्ट्री के मालिक और उनकी पत्नी को तीन बदमाशों ने मंगलवार रात कोठी में बंधक बनाकर लूट लिया। इसमें उद्योगपति का नेपाली नौकर (रसोइया) भरत भी शामिल है। चारों लाखों रुपए की नकदी और गहने लूट कर फरार हो गए। यह वारदात पॉश इलाके मधु कालोनी में पंजाब प्लाईवुड के मालिक प्रवीण गर्ग की कोठी में हुई है। वह अपनी पत्नी के साथ बीती रात घर पर थे। घर पर उनका नौकर भरत भी था। वारदात रात करीब 10 बजे हुई है। बदमाश लगभग 15 लाख रुपए की नकदी और लगभग 20 लाख रुपए गहने लूट ले गए हैं। इस घटना से शहर पुलिस के हाथ-पांव फूल गए हैं।

# साढ़े तीन लाख अधिकारियों व कर्मचारियों को दिया जाएगा नैतिकता का प्रशिक्षण : सीएम

**गुरुग्राम ( हिंस )।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि लोक सेवा से जुड़े सभी अधिकारी व कर्मचारी अपने तथा पराये के भेद से ऊपर उठकर समाज की भलाई के लिए कार्य करें। प्रदेश के साढ़े तीन लाख अधिकारियों व कर्मचारियों के मन में जन सेवा की भावना विकसित करने के लिए अब सामान्य कार्मिक प्रशिक्षण के साथ नैतिक मूल्यों के प्रति जागरूक करने का लक्ष्य रखा गया है। यह बात उन्होंने बुधवार को यहां सेक्टर-44 स्थित अप्रैल हाउस में हरियाणा लोक प्रशासन संस्थान (हिपा) द्वारा आयोजित नैतिकता शिविर में कही। सीएम मनोहर लाल ने कार्यक्रम में उपस्थित गुरुग्राम जिला के अधिकारियों व कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी अधिकारी लोक हित में समर्पित होकर लोक सेवक के रूप में करें। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से जुड़े एक संस्मरण का जिक्र करते हुए बताया कि वर्ष 2013 में प्रधानमंत्री बनने से पूर्व जब उनसे सबसे बड़ी चुनौती का सवाल पूछा गया तो उन्होंने जवाब



दिया था-राजनीति और उससे जुड़े लोगों की छवि को बदलने का लक्ष्य लेकर वह चलेंगे। प्रधानमंत्री बनने के उपरांत उन्होंने इस लक्ष्य को प्राप्त करके भी दिखाया। वर्तमान सरकार पर किसी प्रकार का दाग न होना इस बात का सबसे बड़ा उदाहरण है। उन्होंने इस बात पर खुशी जाहिर करते हुए बताया कि हरियाणा में सरकारी अधिकारी व कर्मचारी के आचरण में पवित्रता लाने की दिशा में आज एक बड़े कार्यक्रम की शुरुआत हो रही है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य यह है कि सरकारी सेवा में आने के उपरांत लोक सेवक के मन में यह संस्कार होना चाहिए कि उन्हें समाज की सेवा की जिम्मेदारी मिली है। उन्होंने कहा कि नैतिकता बताई तो जा सकती है, लेकिन इसे समझाया नहीं जा सकता। छोटी-छोटी बातों का ध्यान कर हम अपने प्रदेश को अच्छा-दिव्य व गौरवशाली बनाने में सक्षम होंगे। इससे पहले गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद ने भी नैतिकता के विषय को गीता के विभिन्न श्लोकों व महाभारत से जुड़े प्रसंगों के साथ बड़े ही सहज भाव से कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को समझाया। उन्होंने समुद्र और बादल का एक उदाहरण देकर बताया कि समुद्र नदियों का जल बटोर लेता है, लेकिन उसके एक गिलास पानी से इंसान की प्यास नहीं बुझती। वहीं प्रकृति का वरदान बरसात में देने का भाव छिपा है जिसके चलते बादलों से बरसने वाली हर बूंद मानवता का कल्याण करती है। उन्होंने नैतिकता शिविर के आयोजन को सार्थक बताते हुए हरियाणा सरकार की प्रशंसा की और गीता की उपदेश स्थली हरियाणा को इस तरह प्रेरक कार्यक्रम नई लोकप्रियता दिलाएगा।

# अतिक्रमण हटाओ अभियान का विरोध, दुकानदारों ने किया रोड जाम

**फतेहाबाद ( हिंस )।** नगरपरिषद द्वारा बुधवार को दूसरे दिन चलाए गए अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान दुकानदारों ने जमकर बवाल किया। थाना रोड पर गुस्साए दुकानदारों ने रोड जाम कर नगरपरिषद के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। दुकानदारों ने अतिक्रमण हटाने वाली नगर परिषद की टीम पर गुंडागर्दी और धक्काशाही के आरोप लगाते हुए कहा कि टीम का रवैया लोगों के प्रति सही नहीं है। दुकानदारों की सूचना पर पहुंचे समाजसेवी हरदीप सिंह व पुलिस ने दुकानदारों को समझाकर जाम खुलवाया। दुकानदारों ने बताया कि वीरवार को सभी दुकानदार व व्यापारी यूनियन सुबह 10 बजे डीएमसी या डीसी से मिलेंगी और इस मसले को रखेंगी। यदि फिर भी यही रवैया रहता है तो लाल बत्ती चौक पर दुकानदार जाम लगा देंगे। गौरतलब है कि दो दिन पहले चलाए गए अतिक्रमण हटाओ अभियान के बाद मंगलवार को भी एक दुकानदार ने टीम पर



भेदभाव का आरोप लगाते हुए बाजार के बीचों बीच अपनी गाड़ी खड़ी कर जाम लगा दिया था। दुकानदारों ने गुस्सा जाहिर करते हुए बताया कि कमेटी के कर्मचारी अभियान के नाम पर दुकानदारों को धक्के मारते हैं, उनके साथ लड़ाई झगड़ा व अभद्र किया जाता है। दुकानों के बाहर फुटपाथ तक दो फुट तक दुकानदारों को प्रशासन द्वारा छूट दी गई है, बहुत से दुकानदारों ने इस सीमा रेखा के अंदर सामान रखा हुआ है, फिर भी अतिक्रमण के नाम पर उनका सामान जब्त कर लिया जाता है। दुकानदारों को परसों भी परेशान किया गया और आज फिर किया जा रहा है। दुकानदारों ने बताया कि थाना रोड पर जूस की छोटी दुकान चलाने वाले दिव्यांग बुजुर्ग को पिछले दिनों भी परेशान किया गया और फिर उसने अपना काम जमाया तो फिर उसका सामान उठाने आ गए। एक दिव्यांग आदमी अपनी रोजी के लिए दुकान कर रहा है और प्रशासन इस प्रकार उसे परेशान कर रहा है। हरदीप सिंह ने नगर परिषद टीम पर आरोप लगाते हुए कहा कि पीली पट्टी के अंदर सामान व वाहन खड़ा करने के निर्देश हैं और दुकानों के बाहर 2 फुट का जो फुटपाथ है, उससे भी अंदर तक लोगों का सामान था, उसे उठाया जा रहा है। दुकानदारों द्वारा बुलाने पर वे यहां पहुंचे और अब कल इस मामले को लेकर नगरपरिषद आयुक्त से मिलेंगे, यदि समाधान नहीं निकलता तो उसके बाद लाल बत्ती पर बड़ा जाम लगाया जाएगा। इसके बाद लोगों ने रोड जाम खोल दिया।

# पिछले दो हफ्तों में पीर पंजाल से आठ लोग गिरफ्तार

**जम्मू ( हिंस )।** जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबलों ने पिछले दो हफ्तों में आठ लोगों को गिरफ्तार करके पीर पंजाल रेंज में बड़े नार्को-टेरर मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। इसका खुलासा मंगलवार को एडीजीपी जम्मू ने किया। एडीजीपी जम्मू ने एक ट्वीट में कहा कि राजौरी-पुंछ में पुलिस और अन्य सुरक्षा बलों ने 44.47 किलो हेरोइन, एक एके 47 राइफल, दो पिस्तौल, आठ ग्रेनेड और 13.2 लाख सहित कुछ हथियार बरामद करके प्रमुख नार्को-टेरर मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। एडीजीपी ने कहा कि पिछले दो हफ्तों में आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है । बारामुला पुलिस ने मंगलवार को ही उड़ी से नशा तस्करी में शामिल नौ लोगों को गिरफ्तार किया है।

# भारत पूरे विश्व में तेजी से एक शक्ति के रूप में उभर रहा है : कृष्णपाल गुर्जर



**पलवल ( हिंस )।** जब हर देशवासियों के अंदर देश भक्ति की भावना जागृत हो जाएगी, उस समय भारत को दुनिया का नंबर वन देश बनने से कोई नहीं रोक सकता। यह बात केंद्रीय भारी उद्योग एवं ऊर्जा राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने गोस्वामी गणेशदत्त सनातन धर्म महाविद्यालय में बुधवार को आयोजित जिला नेहरू युवा उत्सव समारोह में कही। जिला नेहरू युवा उत्सव समारोह की शुरुआत गुर्जर ने दीप प्रज्वलित करके की। आजादी के 75वें अमृत महोत्सव की श्रृंखला में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के नेहरू युवा केंद्र पलवल के सहयोग से प्रधानमंत्री द्वारा दिए अमृत काल के पंच प्रण की 2047 के भारत की संकल्पना थीम पर आधारित युवा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन जीजीएसडी महाविद्यालय पलवल में किया गया। मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि भारत पूरे विश्व में तेजी से एक शक्ति के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा कि देश की आजादी के 75 साल पूरे हो चुके हैं और बाकी के बचे 25 सालों में अमृतकाल के दौरान देश के लिए एक नया रोड मैप तैयार किया गया है, जिसका उद्देश्य देश के नागरिकों के जीवन को बेहतर बनाना है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिका एजेंसी के सर्वे के अनुसार 76 प्रतिशत वोटों के साथ दुनिया के सबसे मजबूत प्रधानमंत्री हैं। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री कहते हैं कि यह मेरी अकेले की ताकत नहीं बल्कि सभी भारतीयों की ताकत है, जिससे कि आज हमारे देश को विश्व में एक अलग ही पहचान मिली है। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री ने देश हित में अनेक ऐसे फैसले लिए हैं, जिनके कारण आज हमारा देश ग्यारहवें नंबर से पांचवें नंबर पर आ गया है।

# लोस में दो सीटों के बाद संघर्षरत रही भाजपा अब दुनिया का सबसे बड़ा दल : जोशी

**सीकर ( हिंस )।** लोकसभा में दो सदस्यों की जीत के बाद संघर्षरत रही भाजपा आज दुनिया में सबसे बड़ा राजनीतिक दल बन गई है। बुधवार को जिले में प्रवास पर आए भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने इसके लिए कार्यकर्ताओं का आभार प्रकट किया। भाजपा जिला कार्यालय में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने सफलतापूर्वक नौ वर्षों का कार्यकाल पूर्ण किया है। इन नौ वर्षों में भाजपा सरकार ने भ्रष्टाचार, भाई भतीजावाद, घोटालों को दूर रखते हुए विकास के कार्य किए हैं। जोशी ने कहा कि जहां कांग्रेस के शासन में भ्रष्टाचार, घोटाले होते थे वहीं नरेंद्र मोदी ने देश के प्रत्येक नागरिक, वर्ग, समाज का ध्यान रखते हुए कार्य किया है। स्थानीय सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने देश, प्रदेश व जिले में अभूतपूर्व विकास कार्य किए हैं। केंद्र सरकार ने जिले में ऐसे-ऐसे विकास के कार्य करवाये है जो कांग्रेस के शासन में सोच भी नहीं सकते थे। कहा कि प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी जो संसद में उनके साथी है मेहनती व सौम्य स्वभाव के धनी है। जोशी प्रदेश की जनता के लिए हमेशा संघर्षशील रहे हैं। जिलाध्यक्ष इंद्रा चौधरी ने स्वागत भाषण दिया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री भंवरलाल वर्मा ने किया। संवाद कार्यक्रम के बाद भाजपा जिला समन्वयक समिति की बैठक आयोजित की गई जिसमें जिले भर के भाजपा के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि व सदस्य उपस्थित थे।

# रंधावा से बोली आभा पहाड़ियां-हमारा टिकट पहले भी काटा, जिंदगीभर कांग्रेस के साथ रहे

**जयपुर ( हिंस )।** पूर्व मुख्यमंत्री जगन्नाथ पहाड़िया के बेटे ओमप्रकाश पहाड़िया के भाजपा ज्वाइन करने के बाद प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने बुधवार को पूर्व मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्षों के परिवार के सदस्यों की थाह ली। प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने पूर्व मुख्यमंत्री या प्रदेश अध्यक्ष रह चुके नेताओं के परिजनों से मुलाकात की और उनसे बातचीत की। जिन नेताओं के परिजनों से रंधावा ने मुलाकात की, उनमें पूर्व मुख्यमंत्री शिवचरण माथुर की बेटी वंदना माथुर और दोहिती विभा माथुर, पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गिरधारी लाल व्यास के पुत्र डॉ. रघु व्यास, पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष रामकिशोर व्यास के पौत्र रूपेश कांत व्यास, पूर्व मुख्यमंत्री जगन्नाथ पहाड़िया की



पुत्रवधू आभा पहाड़िया, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सरदार हरलाल सिंह के पौत्र अनिल चौधरी शामिल रहे। मुलाकात के बाद इन बड़े कांग्रेस परिवार के सदस्यों ने स्वीकार किया कि कांग्रेस और उनके बीच दूरियां बढ़ गई थी, लेकिन कांग्रेस प्रदेश प्रभारी रंधावा का यह प्रयास सराहनीय है। कांग्रेस प्रभारी रंधावा से पूर्व मुख्यमंत्री जगन्नाथ पहाड़िया की पुत्रवधू आभा पहाड़िया भी मिलने पहुंची। रंधावा से मुलाकात करने के बाद आभा पहाड़िया ने कहा कि बड़ा बेटा हमेशा अपने पिता के नाम को आगे बढ़ाता है, लेकिन हम ओमप्रकाश पहाड़िया के भाजपा में जाने से आहत हैं। उन्होंने कहा कि अगर कांग्रेस नहीं होती तो हमें आज कौन जानता है. आज हमारी जो इज्जत है वह कांग्रेस की वजह से है। उन्होंने कहा कि आज अगर हमारी पूछ है तो वह पिताजी जगन्नाथ पहाड़िया के नाम के कारण ही हो रही है। पूर्व मुख्यमंत्री जगन्नाथ पहाड़िया ने क्या कभी पार्टी छोड़ी? हमारा टिकट पहले भी काटा, जिंदगी भर वह कांग्रेस के साथ रहे। टिकट नहीं मिला तो क्या कभी कोई अपना परिवार छोड़ता है?

# बिजली बिलों में राहत देने की बात करके जनता को आहत कर रही है सरकार : रामलाल शर्मा

**जयपुर ( हिंस )।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश मुख्य प्रवक्ता रामलाल शर्मा ने कहा कि सरकार बड़े- बड़े दावे इस बात के कर रही है कि हमारे राहत कैंपों में हम जनता को राहत पहुंचाने का काम कर रहे हैं लेकिन धरातल पर बिलकुल उल्टा है। सरकार ने पहले 100 यूनिट बिजली फ्री करने की घोषणा की। इसके बाद मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि बिजली उपभोक्ताओं को 200 यूनिट तक कोई फ्यूल चार्ज या अतिरिक्त चार्ज की राशि वसूल नहीं की जाएगी। जनता को हम राहत देने का काम करेंगे। लेकिन जून माह के बिल देखकर खोदा पहाड़ निकली चुहिया वाली कहावत चरितार्थ हो गई। शर्मा कहा कि कांग्रेस सरकार के राहत कैंपों का नजारा जून माह के बिलों के माध्यम से देखा जा सकता है। मेरी विधानसभा क्षेत्र के एक उपभोक्ता जिसका नाम कैलाशचंद है जिसको बिल 13 जून 2023 को बिल जमा करवाने की तारीख दी गई थी और उक्त बिल के अंदर 722 रुपए की सब्सिडी राशि दी गई और कुल 2492 बिल को दिया गया है। कैलाशचंद को बिल जमा करवाने की अंतिम तारीख देकर बिल संशोधित किया



गया जिसमें उपभोक्ता दोबारा महंगाई राहत कैंपों में बिना रजिस्ट्रेशन करवाए ही राहत कैंप का रजिस्ट्रेशन नंबर डालकर बिल को संशोधन किया गया। रजिस्ट्रेशन का दावा करने के बाद उपभोक्ताओं को 2662 रुपए का बिल दिया गया।

# अंतर्राष्ट्रीय रक्तदान दिवस : रक्तदान के साथ मतदान की शपथ

**बीकानेर ( हिंस )।** अंतर्राष्ट्रीय रक्तदान दिवस के अवसर पर बुधवार को विभिन्न चिकित्सालयों में रक्तदान के साथ मतदान की शपथ ली गई। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी तथा स्वीप प्रकोष्ठ प्रभारी नित्या के. ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार यह कार्यक्रम आयोजित हुए। इस दौरान चिकित्सकों सहित मरीजों और उनके परिजनों ने भी लोकतंत्र के महापर्व में भागीदारी का संकल्प लिया। मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ. गुंजन सोनी के निर्देशानुसार पीबीएम अस्पताल के ब्लड बैंक में आयोजित कार्यक्रम के दौरान अतिरिक्त प्राचार्य तथा विभागाध्यक्ष डॉ. एनएल महावर ब्लड बैंक इंचार्ज डॉ. अरुण भारती, विनय थानवी तथा रेजिडेंट डॉक्टर यूनियन के प्रतिनिधि डॉ. हेमंत कुमार आदि मौजूद रहे। स्वीप प्रकोष्ठ के गोपाल जोशी ने मतदाता सूचियों के संक्षिप्त संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम (द्वितीय) की जानकारी दी और विभिन्न मोबाइल ऐप के बारे में बताया। वहीं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मोहम्मद अबरार पवार ने बताया कि शहरी



प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नंबर 1 तथा 7 में यह कार्यक्रम आयोजित हुए। इस दौरान चिकित्सकों और अन्य कार्मिकों को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने की प्रक्रिया के बारे में बताया गया। उन्होंने कहां की जिस प्रकार जीवन की सुरक्षा के लिए रक्त की जरूरत रहती है, उसी प्रकार लोकतंत्र को मजबूत करने में प्रत्येक मतदाता का महत्वपूर्ण योगदान होता है। उल्लेखनीय है कि राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जून के विभिन्न महत्वपूर्ण दिवस पर मतदाता जागरूकता से संबंधित गतिविधि आयोजित की जा रही है इसके तहत 3 जून को अंतर्राष्ट्रीय साइकलिंग डे तथा 5 जून को पर्यावरण दिवस के अवसर पर भी कार्यक्रम आयोजित किए गए थे।



# ग्रीनपीस के कार्यकर्ताओं ने डॉयचे बैंक पर लहराया पीला बैनर, क्या है विरोध का कारण

**नई दिल्ली ।**
ग्रीनपीस के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को फ्रैंकफर्ट में डॉयचे बैंक के मुख्यालय पर चढ़ाई कर जर्मन ऋणदाता और उसकी संपत्ति प्रबंधन कंपनी डीडब्ल्यूएस की जलवायु निवेश नीतियों के विरोध में एक बड़ा पीला बैनर लहराया। यह कार्रवाई डीडब्ल्यूएस की वार्षिक शेयरधारक बैठक से एक दिन पहले हुई है, जो ज्यादातर ड्यूश बैंक के स्वामित्व में है। इस विरोध ने उन आरोपों पर कार्यकर्ताओं और नियामकों का ध्यान आकर्षित किया है कि कंपनी ने निवेशकों को ग्रीन निवेश के बारे में गुमराह किया है। वहीं, डीडब्ल्यूएस ने इन आरोपों को खारिज किया है। ड्यूश बैंक ने कहा कि स्थिरता और जलवायु संरक्षण रणनीतिक प्राथमिकताएं थीं और यह अपनी स्थिरता नीतियों और मानकों के विकास में डीडब्ल्यूएस का समर्थन करता है। जर्मन भाषा के ग्रीनपीस बैनर को सुबह छह बजे सीईएसटी (अंतरराष्ट्रीय समयानुसार चार बजे) के तुरंत बाद फहराया गया और यह ड्यूश बैंक के ट्विन ऑफिस टावरों के निचले हिस्से में कांच के अग्रभाग के एक हिस्से तक फैला हुआ था। बैनर का अंग्रेसी अनुवाद फोर्स डीडब्ल्यूएस, प्रोटेक्ट द क्लाइमेट के रूप में किया गया है। ग्रीनपीस कार्यकर्ताओं की इस कार्रवाई के दौरान आधा दर्जन पुलिस वाहन मौजूद थे, लेकिन एक अधिकारी ने कहा कि कोई गिरफ्तारी नहीं होगी। पिछले साल डीडब्ल्यूएस के मुख्य कार्यकारी ने तथाकथित ग्रीनवॉशिंग के आरोपों को लेकर अभियोजकों के छापों के बाद इस्तीफा दे दिया था। डीडब्ल्यूएस की वेबसाइट पर तैयार टिप्पणियों की प्रतिलिपि के अनुसार, नए सीईओ स्टीफन हूप्स ने गुरुवार की बैठक में शेयरधारकों को यह बताने की योजना बनाई है कि डीडब्ल्यूएस जांच में सहयोग कर रहा है। हूप्स ने कहा कि कंपनी अपने वित्तीय खुलासे और अपने फंड प्रॉस्पेक्टस पर भी कायम है। ड्यूश बैंक के मुख्यालय के बाहर खड़े ग्रीनपीस के वित्त विशेषज्ञ मौरिसियो वर्गास ने कहा, डीडब्ल्यूएस का घोटाला ड्यूश बैंक का घोटाला है। वह गुरुवार को शेयरधारकों को संबोधित करने की योजना बना रहे हैं। डीडब्ल्यूएस ने एक बयान में कहा कि वह ग्रीनपीस के साथ सहमत है कि जलवायु परिवर्तन के लिए निर्णायक कार्रवाई की आवश्यकता है, लेकिन इसे कैसे करें इस पर असहमती है।

## न्यूज ब्रीफ

### पीएम प्रणाम स्कीम को मंजूरी दे सकती है कैबिनेट: केमिकल फर्टिलाइजर पर सब्सिडी बोझ कम होगा, सिटी बस स्कीम को भी मिल सकती है मंजूरी



**नई दिल्ली।** कैबिनेट की बैठक में बुधवार को पीएम प्रणाम योजना को मंजूरी मिल सकती है। पीएम (प्रमोशन ऑफ ऑल्टरनेटिव न्यूट्रियन्ट्स फॉर एग्रीकलचर मैनेजमें स्कीम) का मकसद बायो फर्टिलाइजर और ऑर्गेनिक फर्टिलाइजर्स के संतुलित इस्तेमाल को बढ़ावा देना है। इस स्कीम को लागू कर सरकार केमिकल फर्टिलाइजर पर सब्सिडी के बोझ को कम करना चाहती है। केमिकल फर्टिलाइजर पर सब्सिडी 2022-23 में 2.25 लाख करोड़ रुपए तक पहुंचने का अनुमान है। यानी 2021 के 1.62 लाख करोड़ रुपए के आंकड़े से 39प्रतिशत ज्यादा। वहीं एक रिपोर्ट के मुताबिक इस स्कीम का कोई अलग बजट नहीं होगा और इसे उर्वरक विभाग की पहले से चल रही स्कीम्स के माध्यम से ही फाइनेंस किया जाएगा। यानी अभी जो फर्टिलाइजर सब्सिडी दी जाती है उसकी सेविंग्स से ये स्कीम फाइनेंस होगी। कैबिनेट 169 शहरों में पब्लिक ट्रांसपोर्ट को बढ़ावा देने के लिए 62,000-63,000 करोड़ रुपए की सिटी बस ऑग्मेंटेशन योजना को भी मंजूरी दे सकती है। सिटी बस ऑग्मेंटेशन की घोषणा सरकार ने बजट 2021-22 के दौरान की थी। इस स्कीम के जरिए प्राइवेट सेक्टर के प्लेयर्स देश में बसों का ऑपरेशन और मेंटेनेंस मॉडल के जरिए कर सकेंगे।

### सुस्ती के बावजूद भारतीय कंपनियों की रैंकिंग में सुधार, फोर्ब्स ने जारी की 2000 कंपनियों की सूची

**नई दिल्ली।** वैश्विक स्तर पर सुस्ती और महंगाई के साथ ऊंची ब्याज दरों के बावजूद भारतीय कंपनियों ने लंबी छलांग लगाई है। दुनिया की शीर्ष 2000 कंपनियों में देश की सबसे बड़ी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज 45वें स्थान पर है। पिछले साल यह 53वें स्थान पर थी। इस सूची में कुल 55 भारतीय कंपनियों को जगह मिली है। फोर्ब्स की ग्लोबल 2000 सूची के मुताबिक, भारतीय कंपनियों में रिलायंस शीर्ष पर है। इसके बाद देश का सबसे बड़ा बैंक एसबीआई अब 77वें स्थान पर है जो पिछले साल 105वें स्थान पर था। एचडीएफसी बैंक इसी दौरान 153 से 128 और आईसीआईसीआई बैंक 204 से बढ़कर 163वें स्थान पर पहुंच गया है। अन्य भारतीय कंपनियों में ओएनजीसी 226वें स्थान पर है एचडीएफसी लि. 232वें स्थान पर है। एलआईसी 363वें स्थान पर है। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेस (टीसीएस) 384 से खिसककर 387 पायदान पर आ गई है। इस सूची में अदाणी समूह की तीन कंपनियां भी शामिल हैं, जिनकी रैंकिंग 1000 से ऊपर है। अमेरिका का सबसे बड़ा बैंक जेपी मॉर्गन 3.7 लाख करोड़ डॉलर के साथ सूची में पहले स्थान पर है। 2011 के बाद यह पहली बार शीर्ष पर है।

### पीएलआई से 3.25 लाख रोजगार मिले, उत्पादन और निर्यात भी बढ़ा




**नई दिल्ली।** उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना से देश में उत्पादन बढ़ाने के साथ रोजगार पैदा करने और निर्यात बढ़ाने में मदद मिली है। उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग के सचिव राजेश कुमार सिंह ने बताया, इस योजना की वजह से 2021-22 में विनिर्माण क्षेत्र में 76 फीसदी ज्यादा यानी 21.34 अरब डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) आया। सचिव ने बताया, योजना के तहत 14 क्षेत्रों से अब तक 733 आवेदन स्वीकृत किए गए हैं। इनसे 3.65 लाख करोड़ के निवेश की उम्मीद है। मार्च, 2023 तक वास्तव में 62,500 करोड़ रुपये का निवेश हो चुका है, जिससे 6.75 लाख करोड़ रुपये से अधिक का उत्पादन/बिक्री हुई है। खास बात है कि करीब 3.25 लाख रोजगार पैदा हुए हैं। डीपीआईआईटी सचिव ने कहा कि पीएलआई योजना के कारगर साबित नहीं होने पर संबंधित विभाग उसमें कुछ बदलाव कर सकते हैं। साथ ही, संबंधित मंत्रालयों को इस पर नजर रखनी होगी कि योजना के तहत आवंटन कम है या लाभार्थी कंपनी अपना प्रदर्शन कायम नहीं रख पा रही हैं। ऐसा होने पर ही संबंधित विभाग कुछ समय के लिए छूट देने पर विचार कर सकते हैं। चीन की कुछ कंपनियों ने पीएलआई योजना के लिए आवेदन किया है। इनमें ज्यादातर कंपनियां ताइवान से आ रही हैं। हालांकि, इन्हें सरकार से अब तक मंजूरी नहीं मिली है। एक सरकारी अधिकारी ने यह जानकारी दी।

8 साल के निचले स्तर पर आई थोक महंगाई

# मई में ये -3.48प्रतिशत रही, खाने-पीने की चीजें सस्ती होने से कम हुई महंगाई

**नई दिल्ली ।**
मई महीने की थोक महंगाई दर के आंकड़े जारी कर दिए हैं। मई में घटकर -3.48प्रतिशत पर आ गई है। इसके साथ ही थोक महंगाई 8 साल के निचले स्तर पर आ गई है। इससे पहले अक्टूबर 2015 में ये -3.81प्रतिशत पर आई थी। अप्रैल में थोक महंगाई दर -0.92प्रतिशत रही थी। इससे पहले 12 जून को जारी आंकड़ों के अनुसार फुटकर महंगाई दर मई में घटकर 4.25प्रतिशत पर आ गई। यह 25 महीनों में महंगाई का सबसे निचला स्तर है।

**मई में खाद्य महंगाई दर घटी** - मई में खाद्य महंगाई दर 0.87प्रतिशत से घटकर -0.46प्रतिशत रही है। रोजाना जरूरत के सामानों की महंगाई दर 1.20प्रतिशत से घटकर -1.13प्रतिशत रही है। ईंधन और बिजली की थोक महंगाई दर -2.43प्रतिशत से घटकर -2.62प्रतिशत रही है। मेन्युफैक्चर्ड प्रोडक्ट्स की महंगाई दर -0.07प्रतिशत से बढ़कर -0.35प्रतिशत रही है।

**आम आदमी पर असर** - थोक महंगाई के लंबे समय तक बढ़े रहना चिंता का विषय रहता है। ये ज्यादातर प्रोडक्टिव सेक्टर पर बुरा असर डालती है। अगर थोक मूल्य बहुत ज्यादा समय तक ऊंचे स्तर पर रहता है, तो प्रोड्यूसर इसका बोझ कंज्यूमर्स पर डाल देते हैं। सरकार केवल टैक्स के जरिए कंट्रोल कर सकती है। जैसे कच्चे तेल में तेज बढ़ोतरी की स्थिति में सरकार ने ईंधन पर एक्साइज ड्यूटी कटौती की थी। हालांकि, सरकार टैक्स कटौती एक सीमा में ही कम कर सकती है, क्योंकि उसे भी सैलरी देना होता है। ज्यादा वेटेज मेटल, केमिकल, प्लास्टिक, रबर जैसे फैक्ट्री से जुड़े सामानों का होता है।

**अप्रैल 2021 से फुटकर महंगाई सबसे कम** - मई में रिटेल महंगाई दर घटकर 4.25प्रतिशत पर आ गई है। यह 25 महीनों में महंगाई का सबसे निचला स्तर है। अप्रैल 2021 में महंगाई 4.23प्रतिशत रही थी। खाने-पीने की चीजों के दाम में गिरावट के कारण महंगाई में यह कमी आई है। इससे पहले अप्रैल 2023 में रिटेल महंगाई दर 4.70प्रतिशत रही थी।



### दक्षिण में ईडी की दबिश, डीसीपीएल के प्रमोटर टी वेंकटराम रेड्डी धन शोधन के आरोपों के तहत गिरफ्तार

**नई दिल्ली ।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित बैंक धोखाधड़ी मामले से जुड़े धन शोधन मामले की जांच के तहत डेक्कन क्रॉनिकल होल्डिंग्स लिमिटेड (डीसीएचएल) के पूर्व प्रमोटर टी वेंकटराम रेड्डी को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि संघीय एजेंसी के हैदराबाद कार्यालय ने रेड्डी को धन शोधन रोकथाम (पीएमएलए) के तहत हिरासत में लिया। एजेंसी ने 2020 में कहा था कि उसकी जांच में पाया गया कि डीसीएचएल के तीन प्रमोटरों पीके अय्यर, टी वेंकटराम रेड्डी और टी विनायकरावी रेड्डी ने एक सुनियोजित साजिश रची और कंपनी की बैलेंस शीट में हेरफेर किया, जिससे विज्ञापन राजस्व मुनाफा को बढ़ा-चढ़ाकर दिखाया गया और बैंकों और उसके शेयरधारकों को धोखा देने के लिए वर्षों तक बढ़िया तस्वीर पेश करने के लिए कंपनी की वित्तीय देनदारियों को बहुत कम बताया गया। उस समय कंपनी कॉरपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया के अंतर्गत थी। एनसीएलटी ने केवल 400 करोड़ रुपये की समाधान योजना को मंजूरी दी है। एजेंसी ने कहा था कि डीसीएचएल और उसके प्रवर्तकों द्वारा की गई कुल ऋण धोखाधड़ी 8,180 करोड़ रुपये होने का अनुमान है। ईडी ने कथित बैंक ऋण चूक की जांच के लिए दर्ज सीबीआई की प्राथमिकी का अध्ययन करने के बाद 2015 में कंपनी और उसके प्रवर्तकों के खिलाफ पीएमएलए के तहत मामला दर्ज किया था।

# गवर्नर ऑफ द ईयर अवॉर्ड से नवाजे गए लंदन सेंट्रल बैंकिंग ने दिया सम्मान




**नई दिल्ली ।**
भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास को गवर्नर ऑफ द ईयर अवॉर्ड से नवाजा गया है। देश के केंद्रीय बैंक के गवर्नर को यह सम्मान लंदन सेंट्रल बैंकिंग की ओर से दिया गया है। बता दें कि शक्तिकांत दास ने रिजर्व बैंक का गवर्नर पद संभालने के बाद कई बड़े फैसले लिए हैं। हाल ही में उन्होंने दो हजार रुपये के नोटों को चलन से बाहर करने का एक बड़ा फैसला लिया है। वहीं वैश्विक बाजारों में अस्थिरता के बीच भी महंगाई से निपटने में उन्होंने बहुत सराहनीय भूमिका निभाई है। कोरोना संकट के दौरान भी अपने फैसलों से उन्होंने लोगों की वाहवाही लूटी थी। उस दौरान उन्होंने बैंको को कुछ महीनों के लिए ईएमआई में छूट देने के निर्देश दिए थे। आरबीआई गवर्नर ने कहा- महंगाई से निपटने की प्रक्रिया लंबी होगी इससे पहले रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने लंदन में ब्रिटेन की सेंट्रल बैंकिंग की ओर से आयोजित ग्रीष्मकालीन बैठकों में दिए गए उद्घाटन संबोधन में कहा था कि मुद्रास्फीति पर नियंत्रण की प्रक्रिया धीमी और लंबी होगी और मध्यम अवधि में 4 प्रतिशत के मुद्रास्फीति लक्ष्य को हासिल करने का लक्ष्य है।

### गवर्नर बोले- महंगाई भले ही लक्ष्य से ऊपर गई पर सहिष्णुता बैंड के भीतर ही रही

उन्होंने कहा कि हमारी आबादी और जनसांख्यिकीय लाभांश के कारण हर साल कार्यबल में बड़ी वृद्धि को देखते हुए, हम विकास संबंधी चिंताओं से अनजान नहीं रह सकते। इसलिए, हमने महामारी के वर्षों के दौरान भी विकास को प्राथमिकता दी। इस दौरान भले ही मुद्रास्फीति लक्ष्य से ऊपर रही, लेकिन सहिष्णुता बैंड के भीतर ही रही। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि महंगाई के लड़ाई जारी है।

### महामारी से तबाह अर्थव्यवस्थाओं को सहारा देने के लिए केंद्रीय बैंकों को करनी पड़ी मशक्कत

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि हाल के दिनों केंद्रीय बैंकों को महामारी से तबाह अर्थव्यवस्थाओं को प्रोत्साहन प्रदान करने और मुद्रास्फीति से लड़ने के लिए अपने सभी विकल्पों का उपयोग करना पड़ा और नीतियों को बदलना पड़ा।

## माइक्रोसॉफ्ट के गेमिंग प्लेटफॉर्म की खरीदारी पूरी करने पर रोक

**नई दिल्ली।**
अमेरिका के एक संघीय न्यायाधीश ने माइक्रोसॉफ्ट को गेमिंग दिग्गज एक्टीविजन ब्लिजार्ड की 69 अरब डॉलर की खरीद पूरी करने से अस्थायी रूप से रोक दिया है। न्यायाधीश एडवर्ड डेविला ने एक फैसले में कहा कि यथास्थिति बनाए रखना आवश्यक है जबकि अदालत संघीय व्यापार आयोग (एफटीसी) में नियामकों के अनुरोध के अनुसार खरीद पर दीर्घकालिक निषेधाज्ञा पर विचार करती है। फैसले के अनुसार, मामले में सबूतों को सुनने के लिए सैन फ्रांसिस्को संघीय अदालत में 22 जून और 23 जून को सुनवाई निर्धारित की गई थी।

यह फैसला एफटीसी की ओर से एक संघीय अदालत से माइक्रोसॉफ्ट को एक्टीविजन ब्लिजार्ड की ब्लॉकबस्टर खरीद को पूरा करने से रोकने के लिए कहने के एक दिन बाद आया है क्योंकि वह नियामकीय कार्रवाई पर विचार कर रहा है। पीठ ने कहा, इसके लिए प्रारंभिक निषेधाज्ञा जरूरी है... नियामक ने फाइलिंग में कहा कि अंतरिम नुकसान को रोकें जब तक कि एफटीसी यह निर्धारित करता है कि प्रस्तावित अधिग्रहण अमेरिकी अविश्वास कानून का उल्लंघन करता है या नहीं। फैसला माइक्रोसॉफ्ट को इस सौदे के साथ आगे बढ़ने से रोकता है,




इससे पहले कि अदालत यह तय करे कि नियामकों द्वारा मांगी गई प्रारंभिक निषेधाज्ञा जारी की जाए या नहीं। उत्तरी कैलिफोर्निया जिला अदालत में प्रारंभिक निषेधाज्ञा का अनुरोध करते हुए, अमेरिकी सरकार ने कंपनियों को 18 जुलाई की समय सीमा से पहले सौदे को अंतिम रूप देने से रोकने की मांग की। सौदे के गुण-दोष पर बहस करने के लिए अगस्त में एफटीसी की सुनवाई निर्धारित है, और एक निरोधक आदेश उस प्रक्रिया के पूरा होने से पहले समझौते को अवरुद्ध कर देगा। कैलिफोर्निया के न्यायाधीश को एफटीसी की दलीलें सुनने के बाद सौदे को रोकने के लिए सहमत होना होगा कि खरीद अवैध क्यों है और माइक्रोसॉफ्ट से कि इसे आगे क्यों बढ़ना चाहिए। माइक्रोसॉफ्ट के अध्यक्ष ब्रैड स्मिथ ने सोमवार को कहा, हम संघीय अदालत में अपना पक्ष रखने के अवसर का स्वागत करते हैं।

## होम लोन लेकर खरीदा है घर तो जरूर लें टर्म-इंश्योरेंस: ये आपके न होने पर परिवार को नहीं होने देगा बेघर, कितने का इंश्योरेंस कवर लेना सही

**नई दिल्ली।**
आज की लाइफ स्टाइल को देखते हुए टर्म इंश्योरेंस एक जरूरी चीज हो गई है। इसके जरिए आप आसानी से अपने परिवार को वित्तीय सुरक्षा दे सकते हैं। इसके अलावा अगर आपने होम लोन ने रखा है, तब तो ये और भी जरूरी हो जाता है। ऐसे परिवार जहां कमाने वाला सिर्फ एक ही व्यक्ति हो, उन परिवारों के लिए होम लोन किसी बोझ से कम नहीं होता। क्योंकि उस व्यक्ति की असमय मृत्यु होने पर होम लोन चुकाने की टेंशन बढ़ जाता है। अगर आपने भी लोन लेकर घर खरीदा है तो आपको टर्म इंश्योरेंस जरूर लेना चाहिए। सिर्फ 12 से 15 हजार रुपए सालाना के प्रीमियम पर आपको 1 करोड़ रुपए का कवर मिल सकते हैं। यह प्रीमियम हालांकि पॉलिसी लेने वाले की उम्र और उसकी लाइफ



स्टाइल पर भी निर्भर करता है। लोन की रकम के बराबर या अधिक रकम का टर्म इंश्योरेंस आपके परिवार के मुश्किल समय में मददगार साबित हो सकता है। आपके नहीं रहने की स्थिति में यह आपके परिवार को कम से कम पैसे की दिक्कत नहीं होने देगा। टर्म इंश्योरेंस प्लान खरीदते समय आपको उम्र और अवधि के तथ्यों को ध्यान में रखना चाहिए। महंगाई को आपके परिवार की लाइफ स्टाइल को बाधित करने से बचाने के लिए, आप ज्यादा इंश्योरेंस कवर ले सकते हैं। याद रखें, महंगाई को महत्व नहीं दिया तो ये आपके परिवार को आगे परेशानी में डाल सकती है। इसके अलावा सम अश्योर्ड (कवर की राशि) का आकलन करते समय आमदनी के सोर्स, लोन और देनदारियां, परिवार के आश्रित सदस्य, उनकी मौजूदा लाइफ स्टाइल को बनाए रखने में आने वाले खर्च के अलावा अन्य फाइनेंशियल गोल्स जैसे बच्चों की हायर एजुकेशन, उनके शादी-ब्याह आदि को ध्यान में रखना चाहिए। अगर आपने पहले से कोई टर्म इंश्योरेंस ले रखा है तो आप लोन लेने के बाद इसे अपडेट करा सकता हैं। इसके अलावा अगर आप चाहें तो होम लोन इंश्योरेंस भी ले सकते हैं। इसके तहत अगर लोन लेने वाले की मृत्यु हो जाती है तो बाकी की किस्त इसी बीमा के जरिए जमा हो जाती है और आपका घर सुरक्षित रहता है।

इलेक्ट्रिक वाहनों में 30,000 करोड़ विदेशी निवेश

# पेट्रोलियम कारों के भारतीय बाजार में पिछड़ी विदेशी कंपनियां अब लगा रहीं इलेक्ट्रिक वाहनों पर दांव

**नई दिल्ली।**
भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों का तेजी से बढ़ता बाजार उन विदेशी कंपनियों को दूसरा मौका दे रहा है, जिनकी पेट्रोल-डीजल कारें ज्यादा सफल नहीं रही हैं। ऐसी कंपनियों के लिए बाजार पर मारुति सुजुकी, महिंद्रा एंड महिंद्रा और टाटा मोटर्स जैसी स्थानीय कंपनियों की मजबूत पकड़ ढीली करना मुश्किल रहा है, लेकिन इलेक्ट्रिक वाहनों सेगमेंट में इन्हें बड़ा मौका नजर आ रहा है। इसे देखते हुए विदेशी कार कंपनियां भारत में 30,000 करोड़ रुपए से ज्यादा निवेश करने जा रही हैं। एमजी मोटर, रेनॉ, निसान और फॉक्सवैगन जैसी कंपनियां भारत में पेट्रोलियम कारों का विस्तार कम करके इलेक्ट्रिक वाहनों पर फोकस कर रही हैं। देश के लग्जरी इलेक्ट्रिक वाहनों मार्केट में ग्लोबल कंपनियां पहले ही कई मॉडल उतार चुकी हैं। वोल्वो कार्स, ऑडी, जेएलआर और स्टेलेंटिस इनमें शामिल है।

### भारतीय इलेक्ट्रिक वाहनों मार्केट पर फोकस कर रहीं पांच विदेशी कंपनियां

**एमजी मोटर** - चीन की कंपनी सैक के



ब्रिटिश ब्रांड एमजी मोटर भारत में मौजूदा दो इलेक्ट्रिक वाहनों के अलावा 4-5 नए इलेक्ट्रिक मॉडल लॉन्च करने वाली है। कंपनी 5,000 करोड़ के निवेश से भारत में दूसरी फैक्ट्री लगाने लगाने जा रही है। इसके अलावा बैटरी असेंबलिंग प्लांट की भी तैयारी है।

**ह्युंडई मोटर** - ह्युंडई मोटर इंडिया 20 हजार करोड़ के निवेश से भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों सिस्टम स्थापित करेगी। कंपनी 2032 तक सालाना 1.78 लाख यूनिट क्षमता वाली बैटरी पैक फैक्ट्री लगाएगी। इसके अलावा 4 मौजूदा इलेक्ट्रिक वाहनों के अलावा कई नए इलेक्ट्रिक कार मॉडल लॉन्च करेगी।

**फॉक्सवैगन** - इस जर्मन कंपनी ने अपने पैसेंजर कार पोर्टफोलियो के 30प्रतिशत मॉडल को इस दशक के अंत तक इलेक्ट्रिफाइड करने की तैयारी की है। अगले साल भारतीय बाजार में फॉक्सवैगन की पहली इलेक्ट्रिक कार आई.डी.4 लॉन्च हो सकती है। फिर दूसरे मॉडल भी आएंगे।

**रेनॉ- निसान** - ये अलायंस भारत में पेट्रोल गाड़ियां बहुत सफल नहीं हो पाने के बाद इलेक्ट्रिक वाहनों मॉडल बढ़ाने जा रहा है। ये अलायंस 5,000 करोड़ रुपए का निवेश करके मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी का विस्तार करेगी। अगले कुछ वर्षों में 2 नए इलेक्ट्रिक मॉडल लॉन्च करने की योजना है।

### कारों में बढ़ा सॉफ्टवेयर कंटेंट

बीते 7-8 साल में देश के ऑटोमोबाइल सेक्टर में बड़े पैमाने पर एडवांस्ड टेक्नोलॉजी विकसित हुई है। इंटरनेट ऑफ थिंग्स, इलेक्ट्रिक ऑटोमेटेड एंड कनेक्टेड व्हीकल, एडवांस ड्राइवर असिस्टेंट सिस्टम और सॉफ्टवेयर ड्रिवन व्हीकल इनमें शामिल है। दुनियाभर की कंपनियां भारत में इनके प्लांट लगा रही हैं।

### इलेक्ट्रिक वाहनों हब बनने जा रहा भारत

फाडा के प्रेसिडेंट मनीष राज सिंघानिया पहले से ही दुनिया के टॉप ऑटोमोबाइल मार्केट में शामिल भारत अब इलेक्ट्रिक वाहनों का हब बनने जा रहा है। अभी ये शुरुआत है, लेकिन यदि राजस्थान और कश्मीर में मिले लिथियम की माइनिंग और प्रोसेसिंग शुरू हो जाती है तो ज्यादा विदेशी कंपनियां भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों प्लांट लगाएंगी।

# फिल्म आदिपुरुष की शानदार शुरूआत होने की उम्मीद

**-आईमैक्स में रिलीज नहीं होगी आदिपुरुष**




**मुंबई (ईएमएस)।** घरेलू बाजार में, प्रभास-अभिनीत फिल्म आदिपुरुष की शानदार शुरूआत होने की उम्मीद है। आदिपुरुष को न केवल 2डी और 3डी संस्करणों में बल्कि आईमैक्स प्रारूप में भी रिलीज करने की योजना थी। हालांकि बाद में इस योजना को छोड़ दिया गया था। फिल्म से जुड़े एक सूत्र ने मीडिया को बताया आदिपुरुष यकीनन भारत में बनी अब तक की सबसे भव्य फिल्म है। निमार्ताओं ने महसूस किया कि यह उपयुक्त है कि इसे आईमैक्स स्क्रीन पर रिलीज किया जाए। हालांकि, यह संभव नहीं होगा क्योंकि वार्नर ब्रदर्स की सुपरहीरो फिल्म द फ्लैश भी उसी दिन रिलीज हो रही है और उन्होंने पहले ही आईमैक्स स्क्रीन बुक कर ली थी। आईमैक्स नियम पुस्तिका के अनुसार, दो आईमैक्स फिल्में एक ही दिन रिलीज नहीं की जा सकती हैं। नतीजतन, आदिपुरुष को आईमैक्स थिएटर में रिलीज करने का फैसला टाल दिया गया। सूत्र ने यह भी कहा, आदिपुरुष को शुरू में 12 जनवरी, 2023 को रिलीज किया जाना था। टीजर, जिसे 2 अक्टूबर, 2022 को लॉन्च किया गया था, में आईमैक्स लोगो था। लेकिन फिर फिल्म को लगभग 5 महीने आगे बढ़ा दिया गया। अप्रैल 2023 के पहले सप्ताह तक, आदिपुरुष की संपत्ति और पोस्टरों पर आईमैक्स का लोगो बना रहा, जिसके बाद यह बंद हो गया। ट्रेलर, जिसे 9 मई को लॉन्च किया गया था, उसमें आईमैक्स लोगो भी नहीं था। उद्योग के एक अंदरूनी सूत्र ने टिप्पणी की, आदिपुरुष जैसी फिल्म को आईमैक्स में रिलीज होना चाहिए था। लेकिन अफसोस, आईमैक्स प्रबंधन इसी तरह काम करता है। प्रभास के अलावा, आदिपुरुष में कृति सनोन, सैफ अली खान, देवदत्त नाग, सनी सिंह और वत्सल शेठ भी हैं। यह तन्हाजीः द अनसंग वॉरियर (2020) की प्रसिद्धि पर ओम राउत द्वारा निर्देशित है और 16 जून को हिंदी, तेलुगु, तमिल, कन्नड़ और मलयालम में दुनिया भर में रिलीज होने जा रही है। इस बीच, फ्लैश भारत में रिलीज होने से एक दिन पहले 15 जून को उत्तरी अमेरिका में प्रदर्शित होने जा रही है। बता दें कि आदिपुरुष के प्रदर्शन में एक सप्ताह से भी कम समय बचा है। दर्शकों का उन्माद हवाई घोड़े पर सवार है। अग्रिम बुकिंग कुछ विदेशी क्षेत्रों में शानदार प्रतिक्रिया के साथ शुरू हुई है।

# अमिताभ बच्चन व रजनीकांत 32 साल बाद फिर एक साथ नजर आएंगे



**मुंबई (ईएमएस)।** 32 साल बाद भारतीय सिनेमा के दो दिग्गज रजनीकांत और अमिताभ बच्चन एक बार फिर बड़े पर्दे पर साथ नजर आने वाले हैं। गौरतलब है कि अंधा कानून, गिरफ्तार और हम जैसी फिल्मों में दोनों ने स्क्रीन स्पेस साझा किया था, अब दोनों कलाकार थलाइवर 170 नामक आगामी फिल्म के साथ आ रहे हैं। ये दोनों लगभग 32 वर्षों के बाद स्क्रीन स्पेस साझा करते नजर आने वाले हैं। गौरतलब है कि रजनीकांत ने हाल ही में जेलर की शूटिंग पूरी की है और वे अपनी बेटी के निर्देशन में बन रही फिल्म लाल सलाम पर काम कर रहे हैं। दो फिल्मों के बाद, वह जय भीम फेम निर्देशक टीजे ज्ञानवेल की आगामी फिल्म थलाइवर 170 के साथ काम करते नजर आएंगे। बता दें कि विचाराधीन फिल्म उनके करियर की 170वीं फिल्म होगी, इसलिए इसे अस्थायी रूप से थलाइवर 170 नाम दिया गया है।

इस फिल्म का निर्माण लाइका प्रोडक्शंस द्वारा किया जा रहा है। फिल्मी सूत्र बताते हैं कि इसी फिल्म के लिए अमिताभ बच्चन को साइन किया गया है जिसके चलते लगभग 32 साल बाद दोनों दिग्गज हाथ मिलाएंगे। रिपोट्र्स के मुताबिक, पीकू स्टार रजनीकांत स्टारर इस फिल्म में अहम भूमिका निभाएंगे। कास्ट को लेकर बताया जा रहा है कि पहले इस भूमिका के लिए पोन्नियन सेल्वन अभिनेता चियान विक्रम को चुना गया था, लेकिन अब उनके स्थान पर अमिताभ बच्चन का आगमन कैसे हुआ इस बात की कोई जानकारी नहीं मिली है। अभी तक निमार्ताओं की ओर से इस बात की भी जानकारी नहीं दी गई है कि यह फिल्म कब फ्लोर पर जाने वाली है, हालांकि यह उम्मीद की जा रही है कि थलाइवर 170 की शूटिंग इस साल के अंत शुरू होगी। लम्बे शूटिंग शेड्यूल के बाद हाल ही में रजनीकांत ने अपनी फिल्म जेलर को पूरा किया है। दिग्गज अभिनेता फिल्म में जेलर मुथुवेल पांडियन की भूमिका निभाते नजर आएंगे, जिसमें प्रियंका मोहन, शिवा राजकुमार, जैकी श्रॉफ, राम्या कृष्णन, योगी बाबू, वसंत रवि, विनायकन और अन्य शामिल हैं। मलयालम अभिनेता मोहनलाल भी जेलर में अपने विस्तारित कैमियो के जरिये अपने प्रशंसकों को जेलर के लिए आकर्षित करते नजर आएंगे।

# परिणीति एवं राघव की शादी की तारीख का खुलासा नहीं

**- सितारा होटल उदयपुर विलास में करेंगे शादी**



**मुंबई (ईएमएस)।** अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा एवं आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढ़ा ने अभी तक शादी की तारीख का खुलासा नहीं हुआ है लेकिन प्रबंधन उनकी शादी की जरूरत को लेकर होटल में बदलाव को लेकर काम शुरू करने जा रहा है। दोनों उदयपुर की सितारा होटल उदयपुर विलास में शादी करेंगे। पिछले महीने 13 मई को दिल्ली के कपूरथला हाउस में सगाई के बाद उदयपुर आ चुके परिणीति चोपड़ा तथा सांसद राघव ने यहां कई ऐसे डेस्टीनेशन देखे, जहां उनकी शाही शादी हो सके। इनमें ओबेराय समूह की सितारा होटल उदयविलास सहित अन्य सितारा होटल शमिल थी। रॉयल वेडिंग को लेकर उन्होंने कई सितारा होटल एवं रिसोर्ट मालिकों के अलावा पर्यटन विभाग के अधिकारियों से बातचीत की और उसके बाद उदयपुर को रॉयल वेडिंग के लिए चुने जाने की चर्चा है। चर्चा है कि दोनों होटल उदयविलास से एक–दूसरे के बंधन में बंधेंगे। उल्लेखनीय है कि परिणीति चोपड़ा की बड़ी बहन प्रियंका चोपड़ा, जो बॉलीवुड़ अभिनेत्री हैं, ने निक जोन्स के साथ जोधपुर की उम्मेद पैलेस होटल में शादी की, जो राजस्थान में है। दोनों ने अपनी शादी के लिए राजस्थान का ही चुनाव किया और परिणीति भी राजस्थान में शादी करेंगी। बता दें कि हाल ही में बताया गया था कि परिणीति चोपड़ा और राघव चड्ढा सितंबर और नवंबर के बीच शादी की तारीख तय कर सकते हैं। हालांकि दोनों ने अभी तक अफवाहों की पुष्टि नहीं की है।

# वेडिंग सॉन्ग यार दी शादी हुआ रिलीज



एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया की अपकमिंग वेब सीरीज का वेडिंग सॉन्ग यार दी शादी रिलीज हो गया। तमन्ना की आगामी अमेजॅन ओरिजिनल सीरीज, जी करदा का यह पहला गाना है। इस गाने को यार दी शादी टाइटल सचिन-जिगर ने कंपोज किया है और इसके खुबसूरत बोल मेलो डी और आईपी सिंह ने लिखे हैं, जिन्होंने इस अप-बीट गाने को अपनी आवाज दी है। 240+ देशों और क्षेत्रों के प्राइम सदस्य 15 जून से इस सीरीज को देख सकते हैं। अपनी शानदार बीट्स और वाइब्रेंट वाइब्स के साथ, यार दी शादी सॉन्ग दर्शकों को बिना रुके नाचने पर मजबूर कर देगा। यह ट्रैक किसी दोस्त की बारात के दौरान थिरकने के लिए बेहतरीन एंथम के रूप में काम करेगा। अरुणिमा शर्मा द्वारा निर्देशित और दिनेश विजान की मैडॉक फिल्म्स द्वारा निर्मित, सीरीज अरुणिमा शर्मा, हुसैन दलाल और अब्बास दलाल द्वारा सह-लिखित है। जी करदा में तमन्ना भाटिया, आशिम गुलाटी, सुहैल नय्यर, अन्या सिंह, हुसैन दलाल, सयान बनर्जी और संवेदना सुवालका प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

# बॉक्स ऑफिस पर फिल्म 'जरा हट के जरा बच के' का जलवा जारी



बॉलीवुड एक्ट्रेस सारा अली खान और अभिनेता विक्की कौशल की फिल्म 'जरा हट के जरा बच के' दर्शकों की फेवरेट बन गई है। विक्की कौशल और सारा अली खान की रोमांटिक ड्रामा फिल्म 'जरा हट के जरा बच के' रिलीज हुए 12 दिन हो गए। ऐसे में अब इस फिल्म के लिए एक नया हफ्ता शुरू हो गया है। पिछला वीकेंड फिल्म के लिए काफी अच्छा रहा है। अब फिल्म की कमाई के आंकड़े देख कर मेकर्स और स्टार्स काफी खुश हैं। फिल्म ने अब फिल्म निर्माण में लगाए गए बजट से अधिक की कमाई की है। मीडिया रिपोट्र्स के मुताबिक विक्की और सारा की यह फिल्म महज 40 करोड़ के बजट में बनी थी। फिल्म में विक्की और सारा के अलावा कोई तीसरा महंगा स्टार नहीं है। फिल्म की लोकेशन भी ज्यादा महंगी नहीं है। यूपी में शूट हुई इस फिल्म में बेहद सादे कपड़ों को चुना गया है। ऐसे में फिल्म का बजट काफी कम रखा गया था। लेकिन, इस फिल्म में रोमांस और ड्रामा का भरपूर तड़का है। ऐसे में विक्की और सारा के फर्जी तलाक की दिलचस्प कहानी देखने के लिए लोग सिनेमाघरों का रुख कर रहे हैं। अब फिल्म की 12वें दिन की कमाई के आंकड़े सामने आए हैं। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार, 12वें दिन फिल्म ने 2.60 करोड़ की कमाई कर ली है। इसके बाद फिल्म की कुल कमाई 58.85 करोड़ हो गई है। वहीं, फिल्म की बात करें तो 'जरा हट के जरा बच के' का बजट केवल 40 करोड़ है। इसका कुल कलेक्शन 58.85 करोड़ हो गया है। यानी फिल्म ने अपना पूरा बजट वसूल कर लिया है। साथ ही अब फिल्म बहुत अच्छा कर रही है।

# सोनाली और आशीष ने रखा शादी के बाद रिसेप्शन



हाल ही परिणय बंधन में बंधने वाली एक्ट्रेस सोनाली सहगल और आशीष सजनानी ने वेडिंग रिसेप्शन रखा। रिसेप्शन में सिनेमा, टीवी और ओटीटी की दुनिया की कई हस्तियां, खास तौर से फिल्म निर्देशक लव रंजन और कॉमेडियन सुमोना चक्रवर्ती से लेकर राजकुमार राव, पत्रलेखा, नुसरत भरुचा, सनी सिंह, ओमकार कपूर, वरुण शरण, आदित्य सील, अनुष्का रंजन, वर्धन पुरी और राय लक्ष्मी ने शिरकत की। सिल्वर कलर के लहंगे में सोनाली बेहद खूबसूरत लग रही थीं। वहीं आशीष ने ब्लैक एंड व्हाइट पहनावा चुना। तस्वीरों में दोनों बेहद प्यारे लग रहे हैं। दोनों ने बुधवार को मुंबई में सांताक्रूज वेस्ट के एक गुरुद्वारे में शादी की थी।

शादी में सोनाली ने पेस्टल पिंक साड़ी पहनी थी। उन्होंने अपने ब्राइडल लुक को पिंक चूड़ा, सिल्वर कलीरा और सिल्वर-डायमंड ज्वैलरी से कंप्लीट किया। आशीष ऑफ व्हाइट शेरवानी में नजर आए। उन्होंने अपने आउटफिट को पिंक पगड़ी के साथ पेयर किया।

# अंतरराष्ट्रीय रिलीज के लिए तैयार है पठान




बालीवुड के सुपर स्टार शाहरुख खान की फिल्म पठान रूस और सीआईएस देशों में डब संस्करणों में अपनी बहुप्रतीक्षित अंतरराष्ट्रीय रिलीज के लिए तैयार है। आदित्य चोपड़ा द्वारा निर्मित और सिद्धार्थ आनंद द्वारा निर्देशित यशराज फिल्म्स की पठान एक ऐतिहासिक ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर है। यह वैश्विक बॉक्स ऑफिस पर 1050 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई के साथ हिंदी सिनेमा के इतिहास में दुनिया भर में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में से एक है। फिल्म रूस में अपनी सबसे बड़ी रिलीज पाने के लिए तैयार है। इसमें बेलारूस, उज्बेकिस्तान, कजाकिस्तान, अजरबैजान, ताजिकिस्तान, आर्मेनिया, जॉर्जिया, मोल्दोवा, किर्गिस्तान जैसे सीआईएस देश भी शामिल हैं! डब किया गया संस्करण 13 जुलाई को उपरोक्त देशों में रिलीज होगा। पठान यशराज फिल्म्स के स्पाई यूनिवर्स का एक हिस्सा है जिसमें एक था टाइगर, टाइगर ज़िंदा है और वॉर जैसी ब्लॉकबस्टर्स भी शामिल हैं।

# सलमान खान के साथ दिखी मिस्ट्री गर्ल

बॉलीवुड के भाईजान सलमान खान की शख्सियत ही ऐसी है कि वो फिल्में ,फैंस और फीमेल से घिरे रहते हैं। कोई भी अवॉर्ड फंक्शन सलमान की मौजूदगी के बिना पूरा नहीं होता। जी हां, हाल ही में हुए आइफा में ये नजारा देखने लायक था लेकिन उस इवेंट का एक और हाईलाइट प्वाइंट था और वो इन तस्वीरों में दिखा। जहां सलमान खान एक खूबसूरत हसीना के साथ नजर आए। आखिरकार कौन हैं ये मिस्ट्री गर्ल। आपको बता दें कि ये कोई आम चेहरा नहीं बल्कि मिस इंडिया टूरिज्म और एक्ट्रेस रुपाली सूरी हैं, जो हाल ही में आइफा गयी थी और वहीं पर बैक स्टेज पर सलमान खान के साथ ये यादगार पल कैप्चर हो गया। रुपाली सूरी टीवी इंडस्ट्री का जाना-माना चेहरा हैं। दिवंगत अभिनेता विक्रम गोखले से उन्होंने एक्टिंग के गुर सीखे हैं और भारत दाभोलकर के प्ले में दिखाई देंगी। पिछले साल आइफा बैकस्टेज पर रुपाली ने वरुण धवन के साथ भेड़िया की आवाज निकालने की तकनीक सीखी थी।

# नोरा फतेही ने किया अभिषेक बच्चन के साथ 'कजरा रे...' गाना पर डांस, वीडियो वायरल



एक्ट्रेस नोरा फतेह भी अपनी डांसिंग स्किल्स से फैंस का दिल जीत लेती हैं। आज दुनियाभर में उनके प्रशंसक हैं। वह बॉलीवुड के कई गानों पर अपने नृत्य से धमाल मचा चुकी हैं। नोरा सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। वह अपने हॉट एंड बोल्ड लुक्स और अलग-अलग रील्स को लेकर चर्चा में रहती हैं। अब नोरा फतेही का अभिषेक बच्चन के साथ डांस करते हुए एक वीडियो वायरल हुआ है। 18 साल पहले रिलीज हुई फिल्म 'बंटी और बबली' के सुपरहिट गाने 'कजरा रे कजरा रे' पर नोरा और अभिषेक डांस करते नजर आ रहे हैं। सोशल मीडिया पर अभिषेक बच्चन और नोरा का यह वीडियो वायरल हो रहा है। 18 साल पहले इस गाने में ऐश्वर्या राय बच्चन के साथ अभिषेक बच्चन, अमिताभ बच्चन नजर आए थे। इन तीनों में जबरदस्त डांस केमिस्ट्री दिखी थी और वह गाना बहुत हिट हुआ। इस वीडियो को देखकर साफ है कि किसी को भी झूमने पर मजबूर कर देने वाले इस गाने पर आज भी डांस करने में उतना ही मजा आता है। दर-असल, नोरा फतेही हाल ही में बांद्रा में एक इवेंट में शामिल हुई थीं। नोरा ने ब्लैक सिल्क का गाउन पहना था। इस पार्टी में फिल्म जगत की कई खास चेहरे शामिल हुए थे। यह वीडियो उसी पार्टी का बताया जा रहा है। पार्टी में कई लोग 'कजरा रे...' गाने पर डांस कर रहे थे। इस वीडियो से यह भी दावा किया जा रहा है कि नोरा और अभिषेक जल्द ही रेमो डिसूजा के नए डांस प्रोजेक्ट में साथ नजर आएंगे। इस बारे में अभी कोई आधिकारिक जानकारी नहीं है।

# सोनम ने पति संग शेयर की रोमांटिक तस्वीरें



बॉलीवुड एक्ट्रेस सोनम कपूर आजकल फिल्मों से दूर हैं और अपना पूरा ध्यान अपने बच्चे पर दे रही है। हाल ही में उन्होनें अपना 38वां जन्मदिन मनाया। एक्ट्रेस ने अपना जन्मदिन लंदन में पति, बेटे और दोस्तों के साथ सेलिब्रेट किया। एक्ट्रेस ने अपनी पार्टी से कई तस्वीरें साझा की हैं, जिनमें मेनू में शैम्पेन, सीप और कैवियार नजर आ रहे हैं। इंस्टाग्राम पर शेयर की कई तस्वीरों में सोनम कपूर अपने बेटे के साथ भी नजर आ रही है। एक अन्य तस्वीर में सोनम पति आनंद आहूजा संग रोमांटिक नजर आ रही है। इन फोटो के साथ एक्ट्रेस ने लिखा कि मेरे दो खूबसूरत लड़के, दोस्त, केक, शैम्पेन, ऑयस्टर, कैवियार और एक परफेक्ट समर डे। रेड ड्रेस में कोई लड़की अपने जन्मदिन पर इससे ज्यादा क्या मांग सकती है। तस्वीरों के साथ-साथ सोनम ने एक वीडियो भी शेयर किया है। वीडियो में सोनम के साथ-साथ सभी मेहमानों को भी पार्टी एंजॉय करते हुए देखा जा सकता है।

## सूडोकु नवताल- 6462

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | 6 | 4 |
| 1 | | | | 3 | 6 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | 4 | | 7 | 5 | | | | 3 |
| 3 | 7 | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6461 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्दजाल - 7209

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गं | रा | जें | द्र | कु | मा | य | वा | ज | पे | यी |
| द | गा | ल | प्रे | व | जी | म | द | ह | कां | रा |
| वि | स | की | म | को | ह | रा | म | ल | ख | म |
| मि | स | स | क | दि | वा | ज | ध | त्रि | श | दु |
| श | आ | र | ग | स | ज | ना | तू | दे | झ | प |
| न | ल | ला | र | दि | म | उ | ती | व | घ | रिं |
| क | व | रि | फ्यू | जी | प | बा | ज | ती | व | दा |
| श | एं | वा | ई | द | ब | ई | डू | ए | श | न्हा |
| मी | ड | ल | फू | ल | औ | र | आ | ग | शी | आ |
| र | गॉ | ल | प | लि | जी | शी | ला | कौ | ल | द |
| वि | ज | अ | ग्नि | सा | क्षी | डि | त | ब | प | म |

*शब्दजाल में 'जैकी श्राफ' अभिनीत 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए. नाम उपर से नीचे व तिरछे हैं.*

मिशन कश्मीर,रिफ्यूजी,कोहराम,गंगा की कसम, त्रिदेव, फूल और आग, यमराज,बार्डर,अग्निसाक्षी,परिंदा

### शब्दजाल - 7208 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| र | क | ल | ड्री | म | ग | र्ल | धी | सी | ल | ज |
| र | जि | ल | दे | क्रां | ति | ड्ड | इं | ता | ट | वा |
| त | स | या | ल | र्म | छ | रा | रा | औ | ख | द |
| ब | ज | ज | सु | पु | र | रा | प | र | ली | ब |
| म | गा | दो | ग | ला | लं | ज | तू | गी | झ | निं |
| स | क | व | प | ह | न | पू | ना | ता | घ | ग |
| ते | अ | स | त | या | प | त | श | ज | ला | ट्रे |
| पे | ता | दा | ई | ह | ब | सा | फ | रा | श | न |
| स | बा | चे | न | ब्रा | जी | ई | री | ल | प | रु |
| ता | पा | ला | ल | शो | ले | दु | र | शा | स्त्री | ता |
| ह | रा | जी | व | गां | धी | रा | क | या | म | त |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग-6162

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | 5 | | 3 | | 1 |
| 2 | 39 | 1 | 29 | | 26 | |
| | 6 | | | 2 | | 4 |
| 4 | 30 | 2 | 25 | | 34 | 6 |
| 1 | | | 4 | 5 | | |
| | 30 | 6 | 39 | 4 | 35 | 3 |
| | 5 | | 6 | | 1 | |

*प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.*

### अष्टयोग 6161 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 6 | 7 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 2 | 39 | 1 | 29 | 6 | 26 | 5 |
| 7 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 | 1 |
| 4 | 30 | 2 | 27 | 1 | 31 | 6 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 6 | 30 | 6 | 39 | 4 | 35 | 3 |
| 3 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 2 |

Jagrutidaur.com, Bangalore



# पुणे में आईपीएल सट्टेबाजी गिरोह पकड़ा: पुलिस ने 12 छापे मारे, 53 गिरफ्तार; डिलीवरी बॉय और वॉचमैन की मदद से दबोचे

**पुणे।**
पुणे पुलिस ने इंडियन प्रीमियर लीग 2023 के दौरान एक सट्टेबाजी गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुणे की पुलिस ने पिंपरी चिंचवाड़ के साथ मिलकर एक जॉइंट ऑपरेशन में 12 जगहों पर छापे मारे और 53 लोगों को गिरफ्तार किया है। ये सभी इंडियन प्रीमियर लीग के बीते सीजन के दौरान सट्टेबाजी कर रहे थे। पुलिस ने एक पिज्जा डिलीवरी बॉय और एक वॉचमैन की मदद से यह गिरोह पकड़ा है।

**डिलीवरी बॉय और वॉचमैन से कराई रैकी** – पुलिस को पुणे के आलीशान आवासीय सोसाइटी और अपार्टमेंट में सट्टेबाजी की खबर मिली। ऐसे में पुलिस ने फिल्मी अंदाज में ऑपरेशन चलाया। इसके पहले चरण में पुलिस ने संबंधित अपार्टमेंट की रैकी कराई और जाना कि वाकई चिन्हित अपार्टमेंट में सट्टेबाजी चल रही है या नहीं। इसके लिए पुलिस ने एक पिज्जा डिलीवरी बॉय और एक वॉचमैन को अलग-अलग जगह, अलग-अलग बहानों से भेजा। जहां सट्टेबाजी की सूचना मिली थी। एक में पिज्जा पुलिस के कहने पर पिज्जा डिलीवरी बॉय ऑर्डर लेकर पहुंचा, तो दूसरी जगह पर वॉचमैन एक अपार्टमेंट में रहने वाले लोगों को बताने गया कि पार्किंग में खड़ी एक कार का तेल लीक हो रहा है, जबकि ऐसा कुछ नहीं था। यह सिर्फ पुलिस का प्लान था। कॉन्फार्मेशन के बाद पुलिस ने प्लान ऑफ एक्शन बनाया।

**एक दर्जन ठिकानों पर मारे छापे** – ऑपरेशन के दूसरे चरण में पुणे पुलिस ने अलग-अलग 12 जगहों पर छापे मारे। इन छापों में से 53 लोग गिरफ्तार हुए हैं। पिंपरी चिंचवाड़ के पुलिस आयुक्त विनय कुमार ने एक अंग्रेजी अखबार से कहा है कि जुआ रोकथाम अधिनियम और टेलीग्राफ अधिनियम के प्रावधानों के तहत आईपीएल सट्टेबाजी अवैध है। इसके विरुद्ध कार्रवाई जारी रहेगी।

**गिरफ्तार लोगों में ज्यादातर बाहरी** – छापेमारी में गिरफ्तार 53 आरोपियों में से करीब 40 लोग पुणे के नहीं हैं, ये लोग छत्तीसगढ़, बिहार और पंजाब के हैं और पुणे सट्टेबाजी के लिए आए हैं। इनमें से ज्यादातर की उम्र 25-50 साल के बीच है।

**ऑनलाइन प्लेफार्म पर सट्टेबाजी, विदेशों से जुड़े तार** – जांच में पता चला है कि ये लोग ऑनलाइन प्लेटफार्म के जरिए सट्टा खिलाते थे। खास बात यह है कि यह प्लेटफार्म भारत के बाहर से होस्ट होते हैं। पुलिस ने छापे में मोबाइल फोन और लैपटॉप जब्त किए, जिसके जरिए यह पूरा खेल खेला जा रहा था।

## न्यूज ब्रीफ

### किर्गिस्तान दौरे से तीन सदस्यों का नाम कटा, बृजभूषण के खिलाफ बयान देने वाले रेफरी की भी छुट्टी



**नई दिल्ली।** इन तीन सदस्यों को बाहर किया भारतीय दल से जिन तीन सदस्यों का नाम काटा गया है। उसमें एक कोच और दो रेफरी शामिल हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार तीनों के खिलाफ शिकायत आने के बाद इनका नाम काटा गया है। रेफरी वीरेन्द्र मलिक पर आरोप है कि 2014 में स्कॉटलैंड पुलिस ने उन्हें राष्टमंडल खेलों के दौरान रोक लिया था और कई दिन तक पूछताछ की थी। हालांकि, उनके खिलाफ शिकायत करने वाले का नाम नहीं सामने आया था और बाद में उन्हें क्लीन चिट दे दी गई। दूसरे रेफरी जगवीर मलिक पर पहलवानों के धरने में शामिल होने और बृजभूषण सिंह का विरोध करने का आरोप है। वह कुछ दिन पहले ही एक पहलवान के साथ मारपीट के चलते भी चर्चा में आए थे। वहीं, कोच राजीव तोमर पर आरोप है कि टोक्यों ओलंपिक में वह अवैध तरीके से शामिल हुए थे। उन पर एक पहलवान को धक्का देने का भी आरोप है। भारतीय कुश्ती संघ का संचालन फिलहाल एडहॉक समिति कर रही है। इस समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह बाजवा का कहना है कि सहयोगी स्टाफ के लिए नई प्रकिया लाई गई है। इसी वजह से इन तीनों सदस्यों के नाम किर्गिस्तान जाने वाले दल से हटाए गए हैं। नई प्रक्रिया के तहत विदेश में होने वाली बड़ी प्रतियोगिताओं में सिर्फ चुनिंदा लोग हर बार नहीं जाएंगे। अलग-अलग लोगों को अलग-अलग प्रतियोगिताओं में भेजा जाएगा। इसी वजह से इन लोगों के नाम हटे हैं। इस मामले में कोई विवाद नहीं है। नई प्रक्रिया की वजह से सदस्यों के नाम कटे हैं।

### आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में हेड-स्मिथ को फायदा: बैटिंग रैंकिंग में टॉप-3 बैटर ऑस्ट्रेलियन, बॉलिंग में अश्विन टॉप पर काबिज



**मुंबई।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने बुधवार को ताजा टेस्ट प्लेयर रैंकिंग जारी की। ताजा टेस्ट रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ और ट्रेविस हेड को फायदा हुआ है। बैटिंग रैंकिग के टॉप-3 पायदान पर ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों का दबदबा है। टॉप-10 बैटिंग रैंकिंग में एक केवल एक भारतीय खिलाड़ी ऋषभ पंत हैं। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में शतक जड़ने वाले स्मिथ को एक और हेड को तीन स्थान का फायदा हुआ है। इन दोनों खिलाड़ियों ने भारत के खिलाफ वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के पहली पारी में शतक जड़ा था। स्मिथ दूसरे और हेड तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। भारतीय बल्लेबाजों की बात करें तो केवल ऋषभ पंत टॉप-10 में हैं। वह नंबर 10 पर हैं। टीम इंडिया के स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में नहीं चुना गया था। इसके बाद भी वह नंबर-1 गेंदबाज बने हुए हैं। नाथन लियोन को दो स्थान का फायदा हुआ है और वह इंग्लैंड के तेज गेंदबाज ओली रॉबिनसन (777) के साथ छठे नंबर पर बने हुए हैं।

### आईसीसी टूर्नामेंटों में जीत के लिए निडर होकर खेले भारतीय टीम : गांगुली

**मुम्बई।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने कहा है कि भारतीय टीम को आईसीसी



टूर्नामेंट जीतने के लिए निडर होकर खेलना होगा। गांगुली ने बड़े आईसीसी टूर्नामेंटों को लेकर कहा, पिछले एक दशक में भारत ने चार फाइनल खेले और उनमें उसे एक बार भी जीत नहीं मिली। ऐसे में मेरा मेरी सलाह है जब आप इन बड़े मुकाबलों तक पहुंचें तो बिना किसी डर के खेलें। साथ ही कठिन फैसले भी लें। यह पूछे जाने पर कि क्या भारतीय टीम बड़े नॉकआउट मैचों में अनिश्चितता के कारण संघर्ष करती रही है, गांगुली ने कहा, हो सकता है कि कभी-कभी कुछ अलग सोच हो पर मैं बाहर से ऐसा ही देख रहा हूं और मैं सम्मान के साथ कहता हूं कि जाओ और खेलो। उन्होंने कहा, एडिलेड में इंग्लैंड के खिलाफ टी20 विश्व कप का सेमीफाइनल भी उन्हें आक्रामक होकर खेलना था पर ऐसा हुआ नहीं। अब मुख्य कोच राहुल द्रविड़ और कप्तान रोहित शर्मा को चाहिए कि विश्व कप के लिए टीम को निडर होकर उतरने की तैयारी करायें।

# अब विश्व कप में नहीं दिखेगा लियोनल मेसी का जादू, अर्जेंटीना के कप्तान ने कहा- 2022 था आखिरी

**बीजिंग।**
अर्जेंटीना फुटबॉल टीम के कप्तान लियोनल मेसी ने इस बात की पुष्टि की है कि वह आगामी विश्व कप में नहीं खेलेंगे। मेसी ने अपनी कप्तानी में टीम को चैंपियन बनाया था। उन्होंने कहा कि 2015 विश्व कप में खेलने का उनका इरादा नहीं है। 2022 में हुआ टूर्नामेंट उनका आखिरी था। मेसी को पिछली बार कतर में टूर्नामेंट का बेस्ट खिलाड़ी भी चुना गया था। इसके लिए उन्हें गोल्डन बॉल दिया गया था।

मेसी ने पिछले साल पहली बार विश्व कप जीता था। उनकी कप्तानी में अर्जेंटीना की टीम 2014 के बाद खिताबी मुकाबले में पहुंची थी। 2014 में उसे फाइनल में जर्मनी ने हरा दिया था। इस बार अर्जेंटीना ने फ्रांस को हराकर खिताब पर कब्जा किया।

## चीन और इंडोनेशिया के दौरे पर अर्जेंटीना की टीम

मेसी दोस्ताना मैच खेलने के लिए अर्जेंटीना की टीम के साथ चीन गए हुए हैं। वहां उनकी टीम को बीजिंग के वर्कर्स स्टेडियम में 15 जून को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलना है। इसके बाद उनकी टीम इंडोनेशिया जाएगी। वहां 19 जून को जकार्ता में वह मेजबान देश के खिलाफ दोस्ताना मैच खेलेंगे। मेसी ने चीन में ही एक समाचार पत्र से बातचीत में विश्व कप के बारे में बात की।

## मेसी ने क्या कहा

पूछे जाने पर कि क्या वह 2026 विश्व कप में खेलेंगे तो मेसी ने कहा, मुझे नहीं लगता। यह मेरा आखिरी वर्ल्ड कप था। मैं देखूंगा कि चीजें कैसे चलती हैं, लेकिन सैद्धांतिक रूप में नहीं। मैं



अगले विश्व कप में नहीं जाऊंगा। 2026 में विश्व कप की मेजबानी संयुक्त रूप से तीन देशों को करनी है। अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में टूर्नामेंट का आयोजन होगा। मेसी अभी अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल खेलना जारी रखेंगे। वह 2024 कोपा अमेरिका के बाद संन्यास ले सकते हैं।

## अर्जेंटीना के कोच ने जताई थी मेसी के खेलने की उम्मीद

अर्जेंटीना के कोच लियोनल स्केलोनी ने मेसी के बारे में काफी पहले कहा था, हमारे दरवाजे उनके लिए खुले हैं। यदि वह नहीं खेलेंगे तो हम विकल्प की तलाश करेंगे। मुझे उम्मीद है कि मेसी अगले विश्व कप में जाएंगे। मैं उन्हें वहां देख सकता हूं, लेकिन मुझे लगता है कि पहली चीज क्वालीफाई करना है।

## मेसी के लिए खास रहा 2021 और 2022

मेसी ने अर्जेंटीना के लिए 174 मैच खेले हैं। इस दौरान उन्होंने 102 गोल किए हैं। मेसी के लिए 2021 और 2022 खास रहा। उन्होंने इन दो सालों में देश के लिए तीन ट्रॉफी जीत लिए। मेसी की कप्तानी में अर्जेंटीना ने 2021 में कोपा अमेरिका पर कब्जा किया। उसके बाद यूरोप और दक्षिण अफ्रीका की दो बेस्ट टीम अर्जेंटीना और इटली के बीच हुए फिनालिसिमा को भी अपने नाम किया और फिर 2022 विश्व कप जीतकर इतिहास रच दिया।

### 3 साल बाद देवधर ट्रॉफी की वापसी: जुलाई में पुडुचेरी में मुकाबले; दलीप ट्रॉफी से डोमेस्टिक सीजन की शुरुआत

**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग के खत्म होते ही भारतीय डोमेस्टिक क्रिकेट की वापसी हो गई है। 28 जून को दलीप ट्रॉफी के बाद 24 जुलाई से देवधर ट्रॉफी के मुकाबले खेले जाएंगे। इस साल के मुकाबले पुडुचेरी खेले जाएंगे। 50 ओवर वनडे टूर्नामेंट की वापसी तीन साल बाद हो रही है। आखिरी बार देवधर ट्रॉफी 2019 में खेली गई थी। देवधर ट्रॉफी भारत का लिस्ट टूर्नामेंट है। यह टूर्नामेंट 3 नेशनल लेवल की टीम इंडिया, इंडिया और इंडिया के बीच खेला जाता है। तीनों टीमें एक दूसरे के खिलाफ 2-2 बार खेलती है। टॉप 2 टीमों के बीच फाइनल होता है। 2019-20 सीजन के फाइनल में इंडिया ने इंडिया को 51 रन से हरा कर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया था। पहले यह टूर्नामेंट जोन के बीच खेला जाता था। इसके बाद 2015 से 2018 के बीच टूर्नामेंट इंडिया , इंडिया और विजय हजारे ट्रॉफी के विजेता के बीच खेला जाता था। 2018 के बाद से यह टूर्नामेंट इंडिया, इंडिया और इंडिया के बीच खेला जाने लगा। भारतीय क्रिकेट के 2023-24 घरेलू सत्र की शुरुआत दलीप ट्राफी टूर्नामेंट के साथ होगी, जो 28 जून से खेला जाएगा। जबकि प्रमुख रणजी ट्राफी का आयोजन अगले साल 5 जनवरी से होगा। दलीप ट्रॉफी 6 जोनल टीमों के बीच खेली जाएगी। उसके बाद ईरानी कप 1 से 5 अक्टूबर, सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 16 अक्टूबर से 6 नवंबर और विजय हजारे ट्रॉफी 23 नवंबर से 15 दिसंबर तक खेली जाएगी। सीनियर महिला सीजन की शुरुआत नेशनल टी-20 चैंपियनशिप के साथ होगी। यह 19 अक्टूबर से 9 नवंबर के बीच खेली जाएगी।

## टी-20 में एक गेंद पर बने 18 रन

# तमिलनाडु प्रीमियर लीग में अभिषेक ने एक गेंद के लिए फेंकी 5 बॉल; 3 नो, 1 वाइड



**चेन्नई।**
क्रिकेट अनिश्चितताओं का खेल है। एक गेंद पर भी कुछ भी हो सकता है। तमिलनाडु प्रीमियर लीग के एक मैच में आखिरी ओवर की आखिरी गेंद पर 18 रन बने। इससे पहले 2012-13 में बिग बैश के एक मैच में एक गेंद पर 14 रन बने थे। दरअसल तमिलनाडु प्रीमियर लीग में सालेम स्पार्टन्स और चेपॉक सुपर गिलीज के बीच खेले गए मैच में सालेम स्पार्टन्स पहले गेंदबाजी कर रही थी। आखिरी ओवर टीम के कप्तान अभिषेक तंवर कर रहे थे। ओवर की 5 गेंदों पर सिर्फ 8 रन बने थे। चेपॉक सुपर गिलीज के 5 विकेट पर 191 रन बन गए थे। आखिरी गेंद का सामना करने के लिए स्ट्राइक एंड पर संजय यादव थे। अब आखिरी ओवर की आखिरी गेंद पर क्या हुआ। 19.6- तंवर ने यॉर्कर गेंद की, संजय आउट हो गए। अंपायर ने नो बॉल दिया। 19.6 - तंवर ने फुल टॉस गेंद फेंकी। संजय ने इस पर छक्का जड़ दिया। अंपायर ने इसे भी नो बॉल करार दिया। 19.6- तंवर ने यॉर्कर की। दो रन दौड़ कर लिए। इसे भी अंपायर ने नो बॉल दिया। 19.6 - ये गेंद तंवर ने वाइड फेंकी। 19.6- तंवर ने यॉर्कर फेंकी, संजय ने इस पर सिक्स जड़ा। इस तरह एक गेंद को फेंकने के लिए तंवर ने 5 गेंद फेंकी। जिसमें 3 नो बॉल और 1 वाइड रही। वहीं एक गेंद पर कुल 18 रन बने। जबकि ओवर में 26 रन बने। 2012-13 बिग बैश में एक गेंद पर बने थे 14 रन 2012-13 में बिग बैश के मेलबर्न स्टार और होबर्ट हॉरिकेन्स के खेले गए मैच में क्लिंट मैकॉय ने एक गेंद पर 14 रन दिए थे। इस मैच में मेलबर्न स्टार्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 3 विकेट पर 203 रन बनाए थे। वहीं होबर्ट हॉरिकेन्स ने बाद में बल्लेबाजी करते हुए 9 विकेट पर 184 रन बनाए थे। होबर्ट हॉरिकेन्स की पारी के दौरान 5वां ओवर मेलबर्न स्टार्स की ओर से क्लिंट मैकॉय ने की। ओवर की पांचवीं गेंद पर 14 रन बने थे। स्ट्राइक पर ट्रेविस बीट थे।

# न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर माइकल ब्रेसवेल वर्ल्ड कप से बाहर: इंग्लैंड के टी-20 लीग में हो गए थे चोटिल- गुरुवार को एड़ी का होगा ऑपरेशन

**नई दिल्ली।**
इस साल होने वाले वनडे वर्ल्ड कप से पहले न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर माइकल ब्रेसवेल चोटिल होकर बाहर हो गए हैं। उन्हें इंग्लैंड के घरेलू टी-20 लीग में खेलने के दौरान दाहिने पैर की एड़ी में चोट लग गई थी। वे वोर्सेस्टरशर रैपिड्स टीम से खेल रहे थे। ब्रेसवेल की इंजरी की गुरुवार को इंग्लैंड में सर्जरी होनी है। उनके ठीक होने में 6-7 महीने लग सकते हैं।

## केन विलियमसन भी हो गए हैं चोटिल

न्यूजीलैंड टीम के कप्तान केन विलियमसन पहले ही आईपीएल में गुजरात टाइटंस की ओर से खेलते हुए चोटिल हो गए थे। उम्मीद की जा रही है कि वह वर्ल्ड कप तक ठीक हो जांएगे। वनडे वर्ल्ड कप अक्टूबर-नवंबर में भारत में होना है। न्यूजीलैंड वर्ल्ड कप में अपने अभियान की शुरुआत इंग्लैंड के खिलाफ अहमदाबाद में कर सकता है। हालांकि, इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड की ओर से अभी आधिकारिक शेड्यूल जारी नहीं किया गया है।

## ब्रेसवेल वर्ल्ड कप से बाहर होने पर हैं दुखी

न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि ब्रेसवेल अपनी इंजरी की सर्जरी इंग्लैंड में गुरुवार को कराएंगे। उनके ठीक होने में 6-7 महीने लग सकते हैं। ऐसे में वनडे वर्ल्ड कप खेलना संभव



नहीं है। न्यूजीलैंड के हेड कोच गैरी स्टीड ने ब्रेसवेल के चोट को लेकर कहा कि इंजरी खेल और खिलाड़ी से जुड़ी हुई है। माइकल ब्रेसवले को इंजरी की वजह से वर्ल्ड कप से बाहर होने का दुख है। वे ऑपरेशन के बाद फिलहाल अपने रिहैब पर फोकस करेंगे।

## न्यूजीलैंड के लिए खेले हैं 19 वनडे

32 साल के माइकल ब्रेसवेल बॉलिंग ऑलराउंडर हैं। वे ऑफ स्पिनर हैं। उन्होंने न्यूजीलैंड के लिए अब तक 8 टेस्ट, 19 वनडे और 16 टी-20 मैच खेले हैं। उनकी गिनती शॉर्टर फॉर्मेट के बेहतरीन ऑलराउंडरों में होती है। उन्होंने वनडे में 42.50 के औसत से 510 रन बनाने के अलावा वे 15 विकेट भी लिए हैं। वहीं टी-20 में उन्होंने 113 रन बनाने के साथ-साथ 21 विकेट लिए हैं।

# बांग्लादेश के युवा बल्लेबाज ने अफगानिस्तान के गेंदबाजों का किया बुरा हाल, शतक जड़कर बनाया बड़ा रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।**
बांग्लादेश के युवा बल्लेबाज नजमुल हुसैन शांतो ने अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट के पहले दिन शतक जमाकर इतिहास रच दिया है। नजमुल हुसैन शांतो अफगानिस्तान के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में शतक जमाने वाले सबसे युवा बल्लेबाज बन गए हैं। बाएं हाथ के बल्लेबाज ने 24 साल और 293 दिन की उम्र में अफगानिस्तान के खिलाफ शतक जमाया। बता दें कि शेर-ए-बांग्ला स्टेडियम पर खेले जा रहे एकमात्र टेस्ट में अफगानिस्तान के कप्तान हश्मतुल्लाह शाहिदी ने टॉस जीतकर बांग्लादेश को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया। निजात मसूद ने जाकिर हसन (1) को विकेटकीपर अफसर जजई के हाथों कैच आउट कराकर बांग्लादेश को शुरुआती झटका दिया। यहां से नजमुल



हुसैन शांतो अन्य ओपनर महमुदूल हसन जॉय (76) के साथ दूसरे विकेट के लिए 212 रन की साझेदारी की।

## शांतो ने बनाया रिकॉर्ड

रहमत शाह ने जॉय को आउट करके इस साझेदारी को तोड़ा। नजमुल हुसैन शांतो एक छोर पर टिके रहे और अपने टेस्ट करियर का तीसरा शतक जड़ा। यह शांतो का अफगानिस्तान के खिलाफ पहला टेस्ट शतक रहा। इसी के साथ उन्होंने इतिहास रचा और अफगानिस्तान के खिलाफ शतक जमाने वाले सबसे युवा बल्लेबाज बने। नजमुल हुसैन शांतो से पहले अफगानिस्तान के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में अफगानिस्तान के खिलाफ पांच बल्लेबाजों ने शतक जमाए हैं। उल्लेखनीय है कि इन सभी बल्लेबाजों की उम्र 31 या पार की रही है। नजमुल हुसैन शांतो ने इस तरह एक बड़ा कीर्तिमान स्थापित किया है।

## बांग्लादेश की स्थिति मजबूत

बांग्लादेश और अफगानिस्तान के बीच शेर ए बांग्ला स्टेडियम पर एकमात्र टेस्ट खेला जा रहा है। बांग्लादेश ने नजमुल हुसैन शांतो और महमुदूल हसन जॉय की शानदार पारियों की बदौलत अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। बांग्लादेश ने खबर लिखे जाने तक 61 ओवर में 4 विकेट खोकर 280 रन बना लिए हैं। आमिर हमजा ने नासिर जमाल के हाथों कैच आउट कराकर शांतो की पारी पर विराम लगाया। नजमुल हसन शांतो ने 175 गेंदों में 23 चौके और दो छक्के की मदद से 146 रन बनाए।

## भारत की हार, आईपीएल कितना जिम्मेदार

# 7 बार आईपीएल फाइनल के महीने भर के अंदर आईसीसी इवेंट में उतरे, सिर्फ 1 बार चैम्पियन बने

**नई दिल्ली।**
टीम इंडिया को वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल मुकाबले में 209 रनों की करारी हार झेलनी पड़ी है। द ओवल के मैदान पर भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया ने हराया। क्रिकेट पंडित इस हार का ठीकरा इंडियन प्रीमियर लीग के सिर फोड़ रहे हैं। ऐसे में हमने जानने की कोशिश कि फाइनल में भारत की हार के लिए आईपीएल कितना जिम्मेदार है। इसके लिए हमने आईपीएल आने के बाद के 15 साल (2008 से 2023 तक) और आईपीएल से पहले के 15 साल (1992 से 2008 तक) के बीच भारतीय टीम के प्रदर्शन का विश्लेषण किया।

## ट्रॉफी के नंबर बराबर, मैच विनिंग और स्कोरिंग रेट आईपीएल के बाद बढ़ा

आईपीएल से पहले और बाद के 15 साल के पीरियड में आईसीसी टूर्नामेंट जीतने के मामले में भारतीय टीम का प्रदर्शन एक जैसा रहा है। टीम इंडिया ने लीग से पहले और बाद इस टाइम पीरियड में दो-दो आईसीसी ट्रॉफियां जीती हैं। अंतर इतना है कि भारतीय टीम ने लीग से 15 साल पहले 11 टूर्नामेंट खेले हैं। वहीं लीग के आने के बाद से अब तक टीम ने 15 आईसीसी टूर्नामेंट में हिस्सा लिया। लीग से पहले भारत ने चार दफा खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया है, जबकि लीग के बाद टीम 6 बार आईसीसी टूर्नामेंट के फाइनल तक पहुंच सकी है। ये रकॉर्ड इसी ओर संकेत करते हैं कि आईपीएल का भारतीय टीम के प्रदर्शन पर निगेटिव असर नहीं पड़ा है। फिर भी इस बार आईपीएल की इतनी ज्यादा आलोचना क्यों हो रही है आगे जानते हैं...

तैयारी का टाइम नहीं मिला भारतीय लीग को विलेन बताने वाले पंडितों का तर्क है कि आईपीएल के कारण भारतीय खिलाड़ियों को फाइनल की तैयारियों का टाइम नहीं मिला और टीम बिना प्रैक्टिस मैच के उतर गई। 29 मई को इंडियन प्रीमियर लीग का फाइनल खेला गया। इस मुकाबले के बाद भारतीय टीम का आखिरी जत्था इंग्लैंड के लिए रवाना हुआ। मैच के बाद भारतीय



कप्तान रोहित शर्मा ने भी कहा कि उन्हें तैयारी के लिए बहुत कम टाइम मिला। इतने बड़े मैच से पहले उन्हें 20-25 दिन की प्रैक्टिस करना चाहिए।

खिलाड़ी खराब शॉट पर आउट रहाणे, कोहली, रोहित और गिल सहित कई खिलाड़ी गलत शॉर्ट पर आउट हुए। दूसरी पारी में कोहली और रहाणे के विकेटों पर गौर करें तो ये दोनों बाहर जाती छठे स्टंप की बॉल को खेलने के प्रयास में आउट हुए हैं, जबकि टेस्ट क्रिकेट ऐसी बॉल को छोड़ा जाता है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि यदि भारतीय बल्लेबाजों ने मैच से पहले प्रैक्टिस की होती, तो ऐसे गलत शॉट खेलकर आउट न होते। इस तरह के शॉट ज्यादा टी-20 खास कर आईपीएल की देन हैं। केएल राहुल चोटिल हुए तो भरत को खिलाना पड़ा आईपीएल के पिछले सीजन में भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल चोटिल हो गए और उन्हें फाइनल से भी बाहर होना पड़ा। राहुल कार हादसे से बाहर चल रहे ऋषभ पंत का इकलौता विकल्प थे। राहुल के चोटिल होने के बाद केएस भरत को मौका दिया गया। यदि राहुल मौजूद होते तो टीम इंडिया की बैटिंग लाइन को और मजबूती देते।

## टाइम कम होने का पॉइंट कितना वैलिड

अब तक 7 बार टीम इंडिया आईपीएल खत्म होने के 1 महीने के अंदर कोई आईसीसी टूर्नामेंट खेलने उतरी है। 6 में गैप 4 से 13 दिन का ही रहा, वहीं वनडे वर्ल्ड कप 2019 के दौरान टीम को तैयारियों के लिए 23 दिन का समय मिला था। जिन 6 टूर्नामेंट में भारत को आईपीएल के बाद सिर्फ 4 से 13 दिन का समय मिला उनमें 2013 और 2017 की चैम्पियंस ट्रॉफी भी शामिल है। 2013 में भारत चैम्पियन बना था वहीं, 2017 में फाइनल में हारा था। इनमें तीन टी-20 वर्ल्ड कप (2009, 2010 और 2021) भी शामिल हैं। भारत इन तीनों के सेमीफाइनल में नहीं पहुंच सका। आईपीएल आने के बाद तीनों फॉर्मेट में भारत के खेल में क्या बदलाव आया

## वनडे में स्कोरिंग रेट तेज हुआ

18 अप्रैल 2008 से भारत में फ्रेंचाइजी क्रिकेट टूर्नामेंट आईपीएल शुरू हुआ। 20-20 ओवर के इस फॉर्मेट के आने से टीम इंडिया का स्कोरिंग रेट तेज हुआ। 1992 से 2007 तक भारत वनडे में 4.96 के रन रेट से स्कोर रहा था, वहीं 2008 के बाद से टीम 5.68 रन प्रति ओवर के हिसाब से स्कोर करने लगी। वनडे में टीम करीब 49प्रतिशत मैच ही जीत पाती थी, लेकिन आईपीएल के बाद भारत ने करीब 62प्रतिशत मुकाबले जीते। टीम को 2008 के बाद 32प्रतिशत मैचों में ही हार मिली।



पेरैंटहुड से आप कभी रिटायर नहीं होते। पेरैटेहुड जीवन भर का काम है, इसमें कोई पैंशन नहीं होती। जब आपके बच्चे 40 वर्ष के हो जाते हैं और आगे उनके भी बच्चे हो जाते हैं तब भी आपके बच्चे आपकी मृत्यु तक आपके लिए 18 वर्ष के ही रहते हैं। उन्हें हमेशा आपकी स्वीकृति तथा हमदर्दी की जरूरत रहेगी।

# बिना शर्त करें बच्चों से प्यार



पूरे घर में शांति का माहौल है। आपके बच्चे कालेज, जॉब्स या विवाह कर चुके हैं। आप आशा करते हैं कि आपके बच्चे खुश होंगे, वे अच्छा कर रहे होंगे और सही राह पर चल रहे होंगे। फिर भी आप बीते समय के माता-पिता नहीं होंगे, पेरैंटहुड से आप कभी रिटायर नहीं होते। पेरैटेहुड जीवन भर का काम है, इसमें कोई पैंशन नहीं होती। जब आपके बच्चे 40 वर्ष के हो जाते हैं और आगे उनके भी बच्चे हो जाते हैं तब भी आपके बच्चे आपकी मृत्यु तक आपके लिए 18 वर्ष के ही रहते हैं। उन्हें हमेशा आपकी स्वीकृति तथा हमदर्दी की जरूरत रहेगी।

## बदलती भूमिकाएं

परिवर्तन जीवन का सार है। आप अपनी जॉब पर सर्वाधिक जूनियर से लेकर कंसल्टैंट तक अपनी भूमिका बदल चुके हैं। आपके जीवन साथी के साथ आपका रिश्ता विकसित, परिवर्तित होता है और आगे बढ़ता है इसलिए भी आपके बच्चों के साथ आपका रिश्ता तब उतार-चढ़ावों से गुजरता है जैसे-जैसे वे कानूनी तौर पर वयस्क होते जाते हैं। 'बिग बॉस' होने के कई वर्ष बाद बच्चों के साथ एक वयस्क रिश्ता रखना मुश्किल होता है।

## पीछे की ओर कदम

आपके पास अपने बच्चे के पथ को आलोकित करने वाली मार्गदर्शक रोशनी बनने के लिए 21 से अधिक वर्ष थे। यदि उन्होंने आपके मूल्य-मान्यताओं को नहीं अपनाया है तो अभी से आपको उन्हें बताना होगा कि क्या करना है। आप उनके विकास के वर्षों में उनके रोल मॉडल रहे हैं। अब वक्त उनके पंख फैलाने का, उनकी जिंदगी में किताबें, अनुभव तथा अन्य लोगों को शामिल करने का है। वे क्या सीखते हैं, कैसे सीखते हैं, कहां से सीखते हैं और किसके साथ सीखते हैं, इसका चुनाव करने के लिए आपको उन्हें उनके पैरों पर खड़े होने देना चाहिए। आपने उन्हें जो सिखाया है उसे व्यवहार में लाने को कहें। यदि आप उनकी ई-मेल्स या फेसबुक अकाऊंट पर नजर रखते हैं, उनकी लेट नाइट पार्टियों के निमंत्रणों और दोस्तों को बहुत निर्दयता से नकार देते हैं, तो इसका अर्थ यह है कि आप उन्हें बता रहे हैं कि वे अपनी खुद की जिंदगी नहीं चला सकते।

## बच्चों से अपेक्षा न करें

जब आप अपने बच्चों से सहायता की अपेक्षा करते हैं तो या तो आप अपने बच्चों से झूठ बोल रहे होते हैं या फिर आप उन्हें भावनात्मक तौर पर ब्लैकमेल कर रहे होते हैं। इस प्रकार वे दोषी महसूस करते हैं। यह एक ऐसी बात है जो आपको बच्चे के साथ नहीं करनी चाहिए। जैसे-जैसे वे बड़े होते जाते हैं वे बड़ी चीजों के लिए आपकी जरूरत महसूस करेंगे। आपको इस बात पर गर्व होना चाहिए कि संकट के समय आप अपने बच्चे के लिए पहले व्यक्ति हैं जिन्हें वह सहायता के लिए पुकारता है। बच्चों की सहायता करने वाला बनने से भावनात्मक संतोष मिलता है। इसके साथ ही प्यारा, स्वतंत्र तथा जिम्मेदार बच्चा बनाने की प्राप्ति की भावना भी आपके मन में जगती है।

## निर्णय लेने में सहायता करें

यदि आपसे किसी बात पर आपका मत पूछा जाए चाहे यह जीवनसाथी के बारे में हो या कॉलेज के किसी कोर्स के बारे में, अपना मत अवश्य दें। उन्हें प्रवचन न दें और न ही उनका मजाक उड़ाएं। आपके बच्चे को इस बात का विश्वास होना चाहिए कि एक संवेदनशील उत्तर के लिए वह आप पर निर्भर कर सकता है।

## उनके लिए हमेशा मौजूद रहें

जब आपके बच्चे छोटे थे तो जिस प्रकार आप उन्हें चूमते या दुलारते थे, उस प्यार का प्रदर्शन करना कभी भी बंद न करें। आप हमेशा उनके कंधों पर बांहें रख सकते हैं, उन्हें गले लगा सकते हैं और साधारण शब्दों में उन्हें आई लव यू कह सकते हैं। उनके साथ बिना शर्त प्यार करें। किसी भी प्रकार की उपलब्धि हासिल करने पर अपने बच्चों का स्वागत करें।

# मुल्तानी मिट्टी के असाधारण फायदे



- त्वचा के रूखेपन को दूर करने के लिए साबुन की जगह मुल्तानी मिट्टी रगड़ कर स्नान करें। त्वचा कोमल व मुलायम हो जाएगी।
- गर्मी में मुल्तानी मिट्टी मल कर स्नान करने से शीतलता मिलती है।
- गर्मी में पैरों के तलवों में मुल्तानी मिट्टी का लेप करने से ठंडक मिलती है व तलवों की जलन शांत होती है।
- मुल्तानी मिट्टी में कुछ बूंदें सिरके की डाल कर आंखों के नीचे सावधानीपूर्वक लगाएं। काले घेरे धीरे-धीरे समाप्त हो जाएंगे।
- तैलीय त्वचा के लिए मुल्तानी मिट्टी में खीरे का रस, दही व चुटकी भर हल्दी मिक्स करके चेहरे पर पैक की तरह लगाएं। सूखने पर धो दें। लाभ मिलेगा।
- मुल्तानी मिट्टी में संतरे का रस या टमाटर का गूदा मिक्स करके चेहरे पर लगाएं। 10-15 मिनट बाद धो दें। चेहरा खिल उठेगा।
- मुल्तानी मिट्टी में खीरे का रस व आलू का गूदा मिला कर आंखों के नीचे रखें। 10-15 मिनट बाद धो दें। काले घेरों से निजात मिलेगी।

# ...ताकि मेकअप न लगे 'मेडअप'

मेकअप किसी भी महिला का मेकओवर कर उसे खूबसूरत बना सकता है। सही तरीके और कलात्मकता के साथ किया गया मेकअप आपकी लुक्स को और भी निखार देता है और दिन भर आपको प्रैजैंटेबल बनाए रखने में मदद भी करता है।

खूबसूरती देखने वाले की आंखों में होती है लेकिन खूबसूरत या प्रैजैंटेबल दिखना आपकी पर्सनैलिटी का प्लस प्वाइंट हो सकता है, बशर्ते कि आपने मेकअप सही तरीके से अप्लाई किया हो। मेकअप करने के लिए चेहरे को तैयार करना बेहद जरूरी है। चेहरे की क्लीजिंग, टोनिंग और माइश्चराइजिंग के बाद चेहरा मेकअप के लिए तैयार होता है।

याद रखें कि ज्यादा माइश्चराइजर लगाने से मेकअप कुछ देर में काला हो जाता है। प्रैक क्रीम चेहरे की कमियों को छुपा कर उसे सुंदर दिखाती है, उसके बाद फाऊंडेशन लगाएं। फाऊंडेशन आपकी स्किन टोन से मेल खाता हुआ या फिर एक टोन ऊपर होना चाहिए। फाऊंडेशन को चेहरे पर अच्छी तरह से ब्लैंड करना चाहिए। कंसीलर लगाने के बाद चेहरे की कोटिंग करें। इसके लिए शैडर का यूज करें। कोटिंग करने से नाक और चीक बोन्स उभर कर दिखती हैं और मेकअप कई गुना सुंदर हो जाता है। चेहरे के मेकअप के बाद आंखों का मेकअप करते समय हमेशा हाईलाइटर यूज करना चाहिए।

## आंखों की देखभाल

अगर आपकी आंखों के नीचे काले घेरे अधिक हैं लेकिन आप काजल भी लगाना चाहती हैं तो मायूस न हों। पहले किसी अच्छे कंसीलर का इस्तेमाल कर लें। अगर आपका रंग सांवला है तो लाल रंग के कंटैंट कंसीलर का इस्तेमाल करें। वहीं रंग गोरा है तो पीले कंटैंट वाले कंसीलर का प्रयोग करें। इससे आपके काले



घेरे छुप जाएंगे। अगर आपकी आंखों पर काजल फैल जाता है लेकिन काजल लगाना आपको पसंद है तो बाजार से पाऊडर ब्लैक कलर केक का इस्तेमाल कर सकती हैं। आप कुछ भी कर लें अगर आपकी आंखों पर काजल फैलने की समस्या रहती है तो सिल्वर लाइनिंग का प्रयोग कर सकती हैं। इससे यह फैलेगा नहीं, साथ ही थकी हुई बेजान आंखों में यह नई ताजगी ले आएगा।

## लिप्स की देखभाल

- लंबे समय तक लिपस्टिक की चमक बरकरार रखने के लिए लिपस्टिक लगाने के बाद टिश्यू पेपर से एक्सट्रा लिपस्टिक को निकाल दें। इससे लिपस्टिक की चमक पूरा दिन बनी रहेगी।
- डार्क कलर की लिपस्टिक लिप्स को स्माल लुक देती है। अगर आप अपने लिप्स को बड़े साइज का दिखाना चाहती हैं तो नैचुरल कलर यूज करें।
- अगर लिप्स बहुत मोटे हैं तो कंसीलर और फाऊंडेशन की मदद से उन्हें पतली शेप दें। लिप लाइनर से आऊटलाइन ड्रॉ करें और डार्क कलर की लिपस्टिक लगाएं।
- अगर लिप्स को हॉट लुक देना हो तो स्ट्राबेरी और चेरी शेड्स वाली लिपस्टिक भी लगा सकती हैं।

## पार्टी मेकअप

पार्टी की जान बनना हो या भीड़ में अलग दिखना हो, इसके लिए मेकअप भी कुछ अलग व अनोखा होना चाहिए। पार्टी चाहे कैसी भी हो, उस में ग्लैमरस दिखने के लिए मेकअप कुछ ऐसा हो जो आप को महफिल की रौनक बना दे। पार्टी में जाने का शौक तो हम सभी को होता है लेकिन कई बार हम यह सोच कर कन्फ्यूज हो जाते हैं कि किस पार्टी में कैसा मेकअप करें।

जानें कुछ टिप्स

- मेकअप में बेस में शीयर फाऊंडेशन का इस्तेमाल करें। मेकअप ऐसा हो जो शाइनिंग लुक लिए हुए तो हो ही, साथ ही ज्यादा देर तक टिका भी रहे।
- मेकअप में कुछ लोग पेल शेड्स का यूज करने लगते हैं लेकिन ये शेड्स इंडियन स्किन टोन पर सूट नहीं करते। इसलिए लाइट कलर्स से एक शेड डार्क के ऑप्शन पर जाएं। पिंकिश मॉव कलर हर स्किन टोन पर सूट करता है। अगर आप इसे आईशैडो में यूज करती हैं, तो चीक्स पर रोजी ब्लशर लगाएं और लिप्स पर रोज पिंक शेड अप्लाई करें।
- आईलाइनर का इस्तेमाल करते हुए ध्यान रखें कि अब 1960 के दशक के फैशन का चलन दोबारा लौट आया है। इसलिए आईलाइनर आंखों से थोड़ा बाहर निकला हुआ होना चाहिए।
- यदि आप पार्टी के लिए मेकअप कर रही हैं तो ड्रैस से मैच करता आईशैडो अच्छा लगता है। आईशैडो में मॉव, पिंक, लाइट ब्ल्यू और ग्रीन लाइट शेड्स यूज करें। इसमें लुक पेंटेड नहीं, बल्कि नैचुरल लगती है। आईलाइनर, मस्कारा और काजल आंखों की खूबसूरती बढ़ाता है।
- आईशैडो की आऊटर साइड पर डार्क और इनर कॉर्नर पर लाइट शेड का यूज करें। इसके साथ कलर्ड आईलाइनर का यूज कर सकती हैं। नैचुरल कलर के आईशैडो को कलर्ड आईलाइनर जैसे वॉयलैट, डार्क ब्ल्यू जैसे शेड्स के साथ लगाएं। नैचुरल ग्लो के लिए चीक्स पर लाइट शेड्स के ब्रॉन्जर का यूज कर सकती हैं।
- अगर आपको सैंसुअस दिखना है, तो साड़ी से बेहतर और कोई ड्रैस नहीं है। इसके साथ आप खूबसूरत मैचिंग ज्यूलरी जरूर कैरी करें। मैट फिनिश्ड गोल्ड ज्यूलरी जैसा बैटर आप्शन और कोई नहीं है।
- होंठों को उभारने के लिए लिप लाइनर, लिपस्टिक और लिप ग्लॉस लगाएं। होंठों को शाइनी लुक देने के लिए उस पर कॉपर रस्ट लिप कलर लगाएं।
- बालों को स्ट्रेट करा के खुला छोड़ दें। यह अपने आप में एक खूबसूरत व मॉडर्न लुक देता है। हेयरस्टाइल में क्रिंपिंग, रोलर व ड्रायर सैटिंग भी करवा सकती हैं। हेयर कट में लेयर्स और रेजर फैशन में हैं।

## आफिस मेकअप

आजकल दफ्तरों में भी बेहद अनौपचारिक वेशभूषा तथा वातावरण का चलन है लेकिन फिर भी दफ्तर का एक अनुशासन और प्रोटोकोल होता है। इसलिए यदि आप वर्किंग वूमन हैं तो मेकअप का सही तरीके से अप्लाई किया जाना और भी आवश्यक हो जाता है। दफ्तर में भी यदि आप भड़कीला मेकअप लगा कर चली जाएं तो आप बेहद फूहड़ दिखेंगी। वर्कप्लेस पर मेकअप आपकी पर्सनैलिटी को उभार सकता है यदि आपने इसका सही तरीके से इस्तेमाल किया हो तो।



## जानें कुछ टिप्स

- आपका मेकअप आपके कार्यस्थल के लिहाज से होना चाहिए। उदाहरण के लिए यदि आप कॉर्पोरेट सैक्टर में काम कर रही हैं तो फॉर्मल लुक अपनाएं और लाइफस्टाइल प्रोफैशन के लिए सैमी-फॉर्मल लुक को चुनें। हमेशा नैचुरल लुक को ही तवज्जो दें यानी ब्राइट मेकअप की जगह लाइट मेकअप को अपनाएं।
- आफिस जाने वाली महिलाओं के पास वक्त की कमी होती है, ऐसे में केवल दो मिनट में मेकअप कर आप खूबसूरत लग सकती हैं। चेहरे पर पैनकेक, आंखों में काजल व आईलाइनर और होंठों पर लिप लाइनर व लिपस्टिक लगाने में केवल दो मिनट का समय लगता है।
- दिन के समय आप एकदम हल्का मेकअप रखें और केवल आंखों को हाईलाइट करने पर ध्यान दें। आंखों पर नैचुरल शेड की आईशैडो की परत लगाएं। इससे आपके पूरे चेहरे को चमक मिलेगी। स्किन कॉम्प्लैक्शन से मैच करते हुए ब्लैक या ब्राऊन मस्कारा चुनें। मस्कारा का सिंगल कोट काफी होगा। ढेर सारे काजल और आईलाइनर से बचें क्योंकि इससे आपकी लुक बहुत हैवी हो जाएगी।
- होंठों पर डार्क कलर की लिपस्टिक लगाने से परहेज करें। लिपबाम या क्लियर ग्लॉस लगाएं। अगर आप लिपस्टिक पसंद करती हैं तो नैचुरल शेड्स ही चुनें। सैमी-फॉर्मल प्रोफैशन या ऐसे प्रोफैशन के लिए जहां आपकी पब्लिक डीलिंग हो, आप थोड़े रंगों का प्रयोग कर सकती हैं।

### ये भी जान लें

जब सोने जाएं, तो अपना सारा मेकअप उतार दें, वरना स्किन खराब होने का चांस ज्यादा होता है।

# चिपोटले बीन बरीटोज



**सामग्री** - 1 टेबलस्पून कैनोला ऑयल, 1 तुर्री लहसुन अच्छी तरह पिसी हुई, 1/2 टेबलस्पून चिपोटल मिर्च पाऊडर, 1/4 टेबल स्पून नमक, 1/3 कप पानी, 1 कप आर्गैनिक ब्लैक बीन्स (रैडी टू ईट), 1 कप आर्गैनिक किडनी बीन्स (रैडी टू इर्ट), 3 टेबलस्पून फैश सालसा, 6 (10 इंच की) रिड्यूस फैट टोरटिल्स (रैडीमेड चपाती), 1 कप कटा मैक्सिकन पनीर मिश्रण, 1/2 कप बारीक कटा टमाटर, 1/2 कप ताजा छोटे लेटिस लीव, 6 टेबलस्पून कटा हुआ हरा प्याज, 6 टेबलस्पून लाइट सोर क्रीम

**विधि** - 1. एक नॉनस्टिक पैन में ऑयल डालकर गर्म करें और उसमें लहसुन डालें तथा एक मिनट तक पकाएं। अब इसमें नमक और चिली पाऊडर डाल कर 3 मिनट तक लगातार हिलाती रहें। अब इसमें 1/3 कप पानी तथा बीन्स डालकर उबालें। आंच कम कर 10 मिनट तक पकने दें। आंच से हटाकर सालसा डालें तथा फोर्क से बींस के मिश्रण को अच्छी तरह मिलाएं। 2. गर्म टोरटिल्ज (पैकिंग पर लिखे अनुसार) पर लगभग 1/3 कप बींस के मिश्रण को मध्य में डालें और फैलाएं। उस पर अढ़ाई चम्मच चीज, 1/4 कप टमाटर, 1/4 कप लैटिस लीव, 1 टेबलस्पून प्याज तथा एक टेबलस्पून सोर क्रीम डालकर रोल करें। बाकी के टोरटिल्ज को भी इसी तरह तैयार करें। इन्हें आप 6 लोगों को सर्व कर सकती हैं।

# एरोमैटिक स्लो-रोस्टेड टोमैटोज



**सामग्री** - 1 टेबलस्पून चीनी, 1 बड़ा चम्मच जैतून का तेल, 1/2 टेबलस्पून नमक, 1/2 टेबलस्पून सूखे तुलसी के पत्ते, 1/2 टेबलस्पून सूखे अजवायन के पत्ते, 1/4 टेबलस्पून ताजा पिसी काली मिर्च। 16 टमाटर मध्यम आकार के (बीच से लम्बाई में कटे हुए) तथा कुकिंग स्प्रे

**विधि**- 1. ओवन को 200 डिग्री पर प्री-हीट करें, 2. पहले सात इन्ग्रेडिएंट्स एक बड़े बाऊल में डालें। टमाटरों पर सारे मसाले कोट हो जाएं इसलिए उन्हें हल्के हाथ से पलटाएं। एक बेकिंग शीट पर टमाटरों को व्यवस्थित करें। कटी हुई साइड ऊपर रखें। अब कुकिंग स्प्रे करें और इसे आप ओवन में रख दें। रोस्ट होने पर इसे बाहर निकाल लें और सर्विंग डिश में सजा लें। इसे आप 8 लोगों में सर्व कर सकते हैं।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए पी.जी. इंडिया लिमिटेड एमआईई, कालापहाड़, गुवाहाटी-16 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
**संपादक : राकेश शर्मा,** मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 ( संपादकीय )** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **( सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन )**